धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 12 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 155 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.6 | 26.1 |
| जमशेदपुर | 34.8 | 25.0 |
| डालटनगंज | 33.0 | 25.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.




# हजारीबाग एसडीओ के ठिकानों पर एसीबी की रेड, दफ्तर व आवास भी खंगाला

- देर शाम एसडीओ शैलेश कुमार को साथ ले गई एसीबी की टीम



शैलेश कुमार का हजारीबाग में ऑफिस. यहां भी हुई छापेमारी.

## रांची बड़गाईं अंचल के जमीन घोटाले से जुड़ा है मामला

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग



एसडीओ शैलेश सिन्हा के आवास पर एसीबी की छापेमारी के दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी.

सदर एसडीओ शैलेश कुमार के कई ठिकानों और गिरिडीह वाले आवास में छापेमारी हुई है. एसीबी की टीम ने बुधवार की सुबह अधिकारी के आवास पर छापा मारा और देर शाम तक जांच-पड़ताल जारी थी.इतना ही नहीं हजारीबाग में भी उनके दफ्तर और सरकारी आवास को एसीबी ने खंगाला. दिन भर पड़ताल के बाद देर शाम एसीबी की टीम एसडीओ शैलेश कुमार को अपने साथ लेकर चली गई है.

बता दें कि बड़गाई जमीन घोटाले को लेकर यह छापेमारी की गई है. शैलेश कुमार के गिरिडीह में शास्त्री नगर स्थित आवास पर भी एसीबी की टीम छापेमारी की. हजारीबाग समाहरणालय स्थित उनके दफ्तर और सरकारी आवास में भी छापे की गई. जानकारी के अनुसार, रांची के बड़गाई जमीन घोटाले को लेकर छापेमारी की गई. मामले में पहले ईडी ने कार्रवाई की थी. बाद में इसे एसीबी को सौंप दिया गया था. एसीबी इस मामले को लेकर पिछले कई दिनों से गहन जांच कर रही है. इसी क्रम में शैलेश कुमार के दफ्तर और आवास में छापेमारी की गई है.शैलेश कुमार के पिता उदय शंकर प्रसाद चार साल पहले सेवानिवृत हुए हैं. वह गिरिडीह सदर अंचल कार्यालय में अंचल निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे. गिरिडीह में एसीबी की टीम उदय शंकर प्रसाद के घर के अलावा उनके दूसरे पुत्र रिंकू सिन्हा की दुकान में भी जांच कर रही है. रिंकू सिन्हा की मार्बल की दुकान है. इसके अलावा उदय शंकर प्रसाद के दो अन्य पुत्र भी सरकारी सेवा में हैं. फिलहाल एसीबी की टीम कागजों की पड़ताल में जुटी है.

एसीबी की दबिश की पुष्टि एसीबी एसपी हजारीबाग ने की है. एसडीओ कार्यालय और आवास पर इस दौरान बुधवार को किसी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं मिला और न ही किसी को बाहर जाने दिया गया. जानकारी के मुताबिक अपने आवास में शैलेश कुमार मौजूद थे. राज्य के चर्चित बड़गाई जमीन मामले को लेकर झारखंड पुलिस की एंटी करप्शन ब्यूरो की यह सबसे बढ़ी कार्रवाई बताई जा रही है. जमीन घोटाले को लेकर एसीबी की टीम राजधानी रांची, चाईबासा और हजारीबाग में छापेमारी कर रही है. आठ माह पूर्व इस मामले में रांची के बरियातू थाने में दर्ज एफआईआर हुई थी. इस पूरे कार्रवाई में 60 से अधिक पदाधिकारी शामिल हैं. एसीबी द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि शैलेश कुमार के अलावा सीओ मनोज कुमार के यहां भी रेड की गई. इनके खिलाफ साक्ष्य मिला है और अधिक साक्ष्य के लिए जांच की जा रही है. इस बाबत रांची सदर थाना में एक जून को प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

## एसीबी की रिपोर्ट : पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने शपथ पत्र में जो पैन नंबर दिया वह सही नहीं

### एजेंसी ने हाईकोर्ट में दाखिल किया अपना जवाब

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

पूर्व की रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक सम्पत्ति मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है. इस मामले में एसीबी ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है.



लुईस मरांडी

एसीबी ने अपने जवाब में कई अहम खुलासे किए हैं. एसीबी ने हाईकोर्ट में दिए अपने जवाब में कहा है कि रघुवर दास कैबिनेट की मंत्री लुईस मरांडी ने अपने शपथ पत्र में जो पैन नंबर (एएलएलपीएम****एम) दिया है, वह सही नहीं है. राज्य सरकार की जांच एजेंसी एसीबी ने गोपनीय तरीके से सत्यापन कर यह जानकारी हाईकोर्ट में दी है. इसके साथ ही पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह के विरुद्ध अलग-अलग पीई दर्ज करने की अनुमति मांगे जाने से संबंधित पत्र भी हाईकोर्ट में दिया गया है.

दरअसल वर्ष 2020 में सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर कर पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ आय से अधिक सम्पति होने का आरोप लगाते हुए एसीबी से जांच की मांग की थी. जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट से पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की स्वीकृति दी थी. जांच के क्रम में एसीबी ने पूर्व मंत्रियों के खिलाफ हुई शिकायत को सत्य पाया था. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच में इस जनहित याचिका की सुनवाई कर रही है.

**जनहित याचिका में जो दस्तावेज कोर्ट में सौंपे गए हैं उसके मुताबिक पांचों पूर्व मंत्रियों की संपत्ति का विवरण इस प्रकार है...**

| पूर्व मंत्री | 2014 में संपत्ति | 2019 में संपत्ति | वृद्धि | वृद्धि% |
|---|---|---|---|---|
| नीलकंठ सिंह मुंडा | 1.46 करोड़ | 4.35 करोड़ | 2.98 करोड़ | 198 |
| अमर बाउरी | 7.33 लाख | 89.41 लाख | 82.07 लाख | 1118 |
| लुइस मरांडी | 2.55 करोड़ | 9.06 करोड़ | 6.81 करोड़ | 303 |
| नीरा यादव | 80.59 लाख | 3.56 करोड़ | 2.85 करोड़ | 353 |
| रणधीर कुमार सिंह | 78.92 लाख | 5.06 करोड़ | 4.27 करोड़ | 541 |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,700 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### लाहौर से दिल्ली तक कांपी धरती

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.8 मापी गई. इसका केंद्र जमीन से 33 किमी गहराई में था. भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर समेत कई जगहों पर भी महसूस किए गए. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, पाकिस्तान में बुधवार दोपहर 12.58 बजे 5.8 तीव्रता का भूकंप आने के बाद दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में भी इसके झटके महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र पंजाब के अमृतसर से 415 किमी दूर पश्चिम में था.

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत फिर बढ़ाई गई

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने बुधवार को सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी. वहीं, एक्साइज पॉलिसी केस में आम आदमी पार्टी के नेता दुर्गेश पाठक को जमानत दे दी है. केजरीवाल तिहाड़ जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए. कोर्ट ने केजरीवाल की हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ा दी.

### पटना ब्लास्ट के दोषियों की सजा उम्रकैद में बदली

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने बुधवार को गांधी मैदान बम ब्लास्ट मामले में चार दोषियों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है. चारों दोषियों को अब फांसी नहीं होगी. दरअसल, 27 अक्टूबर 2013 को पटना में तत्कालीन पीएम पद उम्मीदवार नरेंद्र मोदी की एक रैली में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे. मामले में चार आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई गई थी. हाई कोर्ट ने चारों आरोपियों की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है. पेज 11 भी देखें

**कार्यक्रम : सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी पर कसा तंज, कहा**

# मणिपुर जल रहा, मुखिया एक बार भी वहां नहीं गए

- **सीएम ने कहा : पंजाब, हरियाणा में ये नहीं जा सकते, किसान इनके विरोध में हैं**
- **जम्मू-कश्मीर के चुनाव में भी इन्हें मुंह की खानी पड़ेगी**
- **अब ले-देकर इनकी नजर झारखंड पर ही है**

रवि भारती। रांची



महगामा में लाभुक बच्चियों से मिलते सीएम हेमंत सोरेन. साथ में कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी मौजूद हैं.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार सहित पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि मणिपुर एक साल से जल रहा है. बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है. पर केंद्र सरकार के मुखिया एक बार भी वहां नहीं गए. इन लोगों का किसी से कोई लेना देना नहीं है. आज ये पंजाब और हरियाणा भी नहीं जा सकते. वहां किसान इनके विरोध में हैं. जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी इन्हें मुंह की खानी पड़ेगी. अब इनकी नजर ले-देकर झारखंड पर है. सीएम बुधवार को महगामा में आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम में बोल रहे थे.

**गांव से चलने वाली सरकार है :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची मुख्यालय से नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है. हमने आपके लिए काम किया है, इसलिए वोट मांगने का पूरा अधिकार रखते हैं. विपक्ष के लोग बोलते हैं कि वोट खरीदने के लिए मंईयां योजना चलाई गई है. मईयां योजना हमने शुरू की है. आने वाले पांच सालों में हर घर में एक-एक लाख रुपए पहुंचाने का काम करेंगे.

**किसी से उधार लेने की नहीं होगी जरूरत :** सीएम ने कहा कि आपलोगों को अब किसी से उधार लेने की जरूरत नहीं होगी. गांव मजबूत होगा तो राज्य भी मजबूत होगा. झारखंड की जड़ गांव में है. भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि व्यापारियों द्वारा जंगल लूटने की तैयारी हो रही है. वन अधिकार कानून बदल दिया गया है. पेड़ काटने का ठेका-पट्टा दिल्ली से निर्धारित हो रहा है. हमने बिरसा ग्राम हरित योजना शुरू की है. किसानों के दो लाख तक का ऋण माफी की योजना शुरू की है.

-शेष पेज 7 पर

### कोरोना के समय भी सबको संभाला

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही कोरोना की सबसे बड़ी चुनौती थी. इस समय भी राज्य में अफरा-तफरी का माहौल नहीं बनने दिया. मजदूरों को हवाई जहाज, ट्रेन और बस से सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाया. इसके बाद जब हम काम करने लगे, तो तरह-तरह के षडयंत्र रचे जाने लगे. दो साल तक चूहा-बिल्ली की तरह दौड़ भाग चलती रही. किसानों और मजदूरों के हित में काम करने लगे, तो मुझे जेल में डाल दिया गया. जेल गए तो सरकार गिराने की तैयारी में लग गए. लेकिन आपलोगों के आर्शीवाद से हम आपके सामने हैं. वे लोग षडयंत्र में सफल नहीं हो पाए.

## एक दिन शादी नहीं चली और देने पड़े 50 लाख

एजेंसी। नयी दिल्ली

- दहेज उत्पीड़न कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के मामलों से निपटनेवाला सेक्शन 498ए सबसे ज्यादा दुरूपयोग किए जानेवाला कानून है. सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को ये बात कही. जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस प्रशांत मिश्र और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एक वैवाहिक मामले में विवाद की सुनवाई करते हुए यह बात कही. जस्टिस गवई ने गुजारा भत्ते पर सुनवाई करते हुए कहा कि ऐसे मामलों मेंआजादी पाना ही सबसेअच्छी चीज है. अपनी इस टिप्पणी को विस्तार देते हुए जस्टिस गवई ने एक केस को भी याद किया.

उन्होंने कहा कि एक मामला ऐसा भी आया था, जब पति एक दिन भी पत्नी के साथ नहीं रहा. लेकिन जब वे अलग हुए तो 50 लाख रुपए की रकम उसे पत्नी को देनी पड़ी. जस्टिस गवई ने कहा, मैंने नागपुर में एक केस देखा था. उसमें युवक अमेरिका में बस गया. उसकी शादी एक दिन भी नहीं चली, लेकिन पत्नी को केस चलने पर 50 लाख रुपए की रकम देनी पड़ गई. मैं तो खुल कर कहता रहा हूं कि घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न के कानून का सबसे ज्यादा गलत इस्तेमाल होता है. मेरी बात से शायद आप लोग सहमत होंगे.

सेक्शन 498ए को लेकर लंबे समय से चर्चा रही है. इस कानून के आलोचकों का कहना रहा है कि अक्सर महिला के परिवार वाले इस कानून का बेजा इस्तेमाल करते हैं.

## कुड़मी सेना के करम महोत्सव में शामिल हो सकते हैं पीएम



जमशेदपुर में तैयारियों का जायजा लेते पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा.

वरीय संवाददाता। जमशेदपुर

कुड़मी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र महतो ने जानकारी दी कि 15 सितंबर को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में होनेवाले राष्ट्रीय करम महोत्सव की तैयारी जोरों पर है. महोत्सव का उद्घाटन करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और राज्यपाल संतोष गंगवार को आमंत्रित किया गया है. पीएमओ तथा राजभवन ने जरूरी दस्तावेज मांगे थे, उन्हें भेज दिया गया है. उन्होंने कहा कि अन्य अतिथियों में पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, बिहार के मंत्री श्रवण कुमार, बंगाल के मंत्री श्रीकांत महतो, सांसद विद्युत वरण, सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, सांसद ममता महंता आदि शामिल होंगे.

**झारखंड को बड़ी सौगात देंगे पीएम : अर्जुन मुंडा :** इस बीच, पीएम के आगमन में चार दिन बचे हैं. इसे देखते हुए प्रशासनिक तैयारियों के साथ-साथ भाजपा की भी तैयारियां तेज हो गई हैं. बुधवार को पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने गोपाल मैदान का निरीक्षण किया. इस दौरान की अधिकारी भी मौजूद रहे. अधिकारियों से चर्चा के बाद मुंडा ने कहा कि पीएम का दौरा कई मायनों में ऐतिहासिक होगा. टाटा को वंदे भारत की सौगात के साथ-साथ पीएम मोदी झारखंड को बड़ी सौगात देंगे. पार्टी की ओर से तैयारियां हो रही हैं.

**तैयारी**

- पीएमओ व राजभवन ने संस्था के जरूरी दस्तावेज मंगवाए
- **15 को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में होनी है सभा**
- मोदी की जनसभा व रोड शो की तैयारियां जोरों पर

**जोनल आईजी ने तैयारियों का लिया जायजा :** पीएम मोदी के दौरे को लेकर जोनल आईजी अखिलेश झा, डीआईजी मनोज रतन चौथे समेत अन्य पुलिस अफसरों ने टाटानगर स्टेशन का दौरा किया. सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्यक्रम स्थल, प्लेटफार्म परिसर समेत अन्य स्थानों का निरीक्षण किया. दोनों ने आरपीएफ के साथ बैठक कर पूरी जानकारी ली.

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**उम्मीद**

### सुनीता की रक्षा कर रहे गणेश

**नयी दिल्ली।** भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में हैं. दोनों यूं तो जून में हफ्तेभर के लिए गए थे, लेकिन अब अगले साल फरवरी में ही वापसी हो पाएगी. सुनीता भगवान गणेश को अपना लकी चार्म मानती हैं और अंतरिक्ष में भी उन्हें साथ रखे हैं. एक इंटरव्यू में कहा, मैंने हमेशा भगवान गणेश को अपने साथ रखा और इसलिए उन्हें मेरे साथ अंतरिक्ष में भी आना पड़ा. यहां वो ही मेरी रक्षा कर रहे हैं.

**अलविदा**

### अभिनेत्री मलाइका के पिता ने की खुदकुशी



**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा के पिता का निधन हो गया है. अभिनेत्री के पिता ने आत्महत्या की है. दुख की इस खड़ी में मलाइका के एक्स हसबैंड अरबाज खान मलाइका के मायके पहुंचे. मलाइका के पिता ने छत से कूद कर आत्महत्या की. मुंबई पुलिस ने बयान में कहा कि अनिल अरोड़ा ने बांद्रा स्थित अपने घर की तीसरी मंजिल से कूदकर जान दी. घटना बुधवार सुबह की बताई गई. वहीं, इस खबर के बाद मलाइका अरोड़ा पुणे से मुंबई के लिए पहुंच गईं. खबर मिलते ही सलमान का पूरा परिवार मलाइका के घर पहुंच गया. और सांत्वना दी.

**फरमान**

### अजान से पहले बंद हो लाउडस्पीकर

**ढाका।** बांग्लादेश में भड़की हिंसा के बाद वहां हिंदुओं की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है. खबर आई है कि बांग्लादेश सरकार ने नया फरमान जारी किया है. इसमें कहा गया है कि दुर्गापूजा पंडालों में होनेवाली पूजा के वक्त वाद्ययंत्र और लाउडस्पीकर अजान और नमाज के वक्त बंद किए जाएं. इस फरमान का अब विरोध हो रहा है. अजान से पांच मिनट पहले म्यूजिक सिस्टम को बंद करना अनिवार्य होगा. इसका पालन न करने पर सजा दी जाएगी.

**अमेरिका यात्रा : थम नहीं विरोध, अब भारत विरोधी अमेरिकी सांसद से मिलने पर राहुल गांधी को घेरा**

# इल्हान उमर हैं पाकिस्तान समर्थक, भाजपा हुई हमलावर

एजेंसी। नयी दिल्ली



राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा विवादों में घिरती नजर आ रही है. उन्होंने भारत विरोधी अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से भी मुलाकात की है. इल्हान ने कुछ समय पहले पीओके की यात्रा की थी. साथ ही उन्होंने कश्मीर पर भारत के नियंत्रण की भी आलोचना की थी.

ऐसा माना जाता है कि इल्हान की पीओके यात्रा पाकिस्तान प्रायोजित थी. इतना ही नहीं, इल्हान पर आरोप है कि उन्होंने झूठी खबर फैलाई कि20 करोड़ मुसलमान नरसंहार के कगार पर हैं. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान विश्वविद्यालयों में छात्रों-शिक्षकों के अलावा भारतीय प्रवासियों से भी बातचीत की. इस दौरान वो अमेरिकी सांसदों से भी मिले. रेबर्न हाउस ऑफिस बिल्डिंग में हुई बैठक की मेजबानी ब्रैडली जेम्स शेरमेन ने की और इसमें अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य जोनाथन जैक्सन, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, बारबरा ली, श्री थानेदार, जीसस जी. चुय गार्सिया, इल्हान उमर, हैंक जॉनसन और जान शाकोवस्की शामिल थे. राहुल गांधी ने अमेरिकी राजनयिक डोनाल्ड लू और सांसद प्रमिला जयपाल से भी मुलाकात की.

### कौन हैं इल्हान उमर?

- इल्हान उमर एक अमेरिकी सासंद और डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता हैं.
- **वह एक अफ्रीकी शरणार्थी हैं, जो कि चुनाव जीतकर अमेरिका की संसद में पहुंची हैं.**
- वह हमेशा ही कश्मीर और खालिस्तान को अलग देश बनाए जाने वाली मांग का समर्थन करती रही हैं.
- **उनका नाम अमेरिका की संसद में पहुंचने वाली उन दो मुस्लिम महिलाओं में शामिल हैं, जिनका रुख इजरायल विरोधी है.**
- इल्हान साल 2022 में पीओके के दौरे पर भी गई थीं.
- **अमेरिका की एक रिपोर्ट के मुताबिक इल्हान के इस दौरे के लिए फंडिंग पाकिस्तान ने की थी.**
- इल्हान का रुख भारत विरोधी है.
- **इल्हान ने सीनेट में पीएम मोदी के भाषण का भी** बहिष्कार किया था.

### राहुल को बताया गोर्बाचेव

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है. उनकी तुलना सोवियत संघ के आखिरी राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव से कर दी. निशिकांत ने कहा, जिस तरह गोर्बाचेव ने सोवियत संघ को खंड- खंड कर दिया, वैसे ही राहुल देश को तोड़ना चाहते हैं. यही वजह है कि वो देश विरोधी ताकतों से मिल रहे हैं. इलहान उमर वही हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के खर्चे पर खालिस्तान बनाने के लिए पीओके का दौरा किया था. निशिकांत ने एक्स पर एक फोटो शेयर की. इसमें लिखा लाल घेरे में यह महिला इलहान उमर है, खालिस्तान तथा कश्मीर को अलग देश बनाने का समर्थन करती है. राहुल इसी एजेंडे के लिए समर्थन जुटा रहे हैं.

## कोलंबस ने नहीं हमारे पूर्वजों ने की थी अमेरिका की खोज

एजेंसी। भोपाल

- एमपी के शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के बयान पर छिड़ी नई बहस

मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार में शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने एक दावा करते हुए कहा है कि अमेरिका की खोज कोलंबस ने नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों ने की थी. उन्होंने एक कार्यक्रम में यह बयान दिया. इसके बाद नई बहस छिड़ गई है.

यही नहीं मंत्री ने सूर्य के स्थिरता के सिद्धांत को भी प्राचीन भारतीय शास्त्रों से जुड़ा बताया, जिसमें ऋगवेद का जिक्र करते हुए कहा कि यह सिद्धांत 8000 साल पहले हमारे पूर्वजों ने खोजा था. उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि यह इतिहास में यह गलत पढ़ाया गया कि कोलंबस ने अमेरिका की खोज की. असल में भारतीय महानाविक वसुलुन ने आठवीं शताब्दी में अमेरिका की खोज की और वहां सैन डियागो में कई मंदिरों का निर्माण किया. ये तथ्य अभी भी वहां के संग्रहालयों और लाइब्रेरियों में सुरक्षित हैं. भारतीय छात्रों को सही इतिहास सिखाना चाहिए कि अमेरिका की खोज हमारे पूर्वजों ने की थी. शिक्षा मंत्री ने कहा कि पश्चिमी वैज्ञानिक निकोलस कॉपरनिकस द्वारा दिए गए सूर्य के स्थिरता के सिद्धांत का पता भारत में हजारों साल पहले था. परमार ने कहा कि ऋगवेद में आठ हजार साल पहले यह लिखा गया कि चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर घूमता है.

## खान विभाग ने तैयार किया आंकड़ा: रॉयल्टी मामले में जामताड़ा, खूंटी, सिमडेगा और गढ़वा पीछे

# सूबे की 4,504 छोटी-बड़ी खदानों से 47,528 करोड़ रॉयल्टी आने के आसार

▪ सबसे अधिक धनबाद और पश्चिमी सिंहभूम से रॉयल्टी आने का अनुमान

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य की छोटी-बड़ी खदानों से 47,528.49 करोड़ रॉयल्टी आने की संभावना जताई गई है. इसमें पत्थर, बॉक्साइट, कोयला, एल्यूमीनियम, कोयला, ग्रेफाइट, मैगनीज, आयरन ओर सहित कई अन्य खनिजों की छोटी-बड़ी 4504 खदानें शामिल हैं. सबसे अधिक धनबाद और पश्चिमी सिंहभूम से रॉयल्टी का अनुमान लगाया गया है. वहीं रॉयल्टी के मामले में जामताड़ा, खूंटी, सिमडेगा और गढ़वा से काफी कम राजस्व आने की संभावना जताई गई है.

| जिला | चलान की संख्या | रॉयल्टी (करोड़ में) | छोटी-बड़ी खदानों की सं. |
|---|---|---|---|
| साहिबगंज | 4951833 | 824.57 | 456 |
| गोड्डा | 606196 | 1958.23 | 79 |
| पाकुड़ | 5234977 | 1892.57 | 403 |
| दुमका | 1667843 | 218.41 | 300 |
| जामताड़ा | 420181 | 29.28 | 97 |
| देवघर | 1372866 | 609.13 | 166 |
| धनबाद | 62920222 | 10947.88 | 280 |
| गिरिडीह | 762782 | 167.81 | 248 |
| बोकारो | 3478823 | 3430.84 | 195 |
| रामगढ़ | 2810632 | 4013.23 | 232 |
| हजारीबाग | 4474808 | 2521.07 | 137 |
| कोडरमा | 427845 | 49.98 | 206 |
| पूर्वी सिंहभूम | 773876 | 350.57 | 207 |
| प. सिंहभूम | 1942162 | 12809.15 | 197 |
| सरायकेला | 614277 | 79.89 | 163 |
| खूंटी | 335042 | 48.64 | 89 |
| रांची | 1353158 | 663.36 | 338 |
| सिमडेगा | 292609 | 23.52 | 71 |
| गुमला | 1685414 | 315.05 | 130 |
| लोहरदगा | 673226 | 144.40 | 120 |
| लातेहार | 2660553 | 1278.68 | 39 |
| चतरा | 6998214 | 4383.95 | 91 |
| पलामू | 3479949 | 627.02 | 203 |
| गढ़वा | 519160 | 41.26 | 57 |

**पश्चिमी सिंहभूम से 12,809 करोड़ रॉयल्टी की संभावना :** पश्चिमी सिंहभूम से 12.809.15 करोड़ रॉयल्टी आने की संभावना है. खान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पश्चिमी सिंहभूम में खनिजों की ढुलाई के लिए 19 लाख 42 हजार 162 चालान निर्गत किए गए. वहां 197 छोटी-बड़ी खदानें हैं. वहीं धनबाद में खनिजों की ढुलाई के लिए 6,29,20,222 चलान निर्गत किए गए. धनबाद से 10947.88 करोड़ रुपए रॉयल्टी की संभावना जताई गई है. वहां छोटी-बड़ी खदानों की संख्या 280 बतायी गयी है.

### पाकुड़, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग और चतरा से भी बंफर रॉयल्टी

राज्य के पाकुड़, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग और चतरा से भी बंफर रॉयल्टी मिलने का अनुमान लगाया गया है. पाकुड़ की छोटी-बड़ी 403 खदानों से 1892 .57 करोड़ रुपये, बोकारो की 195 छोटी-बड़ी खदानों से 3430 .84 करोड़, रामगढ़ की 232 छोटी-बड़ी खदानों से 4013 .23 करोड़, हजारीबाग की 137 छोटी-बड़ी खदानों से 2521 .07 करोड़ और चतरा की 91 छोटी-बड़ी खदानों से 4383 .95 करोड़ रुपए रॉयल्टी आने की संभावना है.

## ओ माई गॉड... भादो के कादो में कमल खिलावे के बेचैनी धईले है

संजय सिंह

कमलवाला पार्टिया में दुगो आयातित ब्रांड नेताजी लोग रह-रह कर उड़ते हुए झारखंड पहुंच जा रहे हैं. पानी पी- पी के सरकार के अंडबंड बोले लगे हैं. सरकार वाली पार्टिया भी रोजे काउंटर कईले रहती है. आयातित ब्रांडवाले एगो नेताजी तो गजबे कईले हैं. आते हैं, बयानवीर बन बयानबाजी ठोक देते हैं. कभी कहते हैं चौदह गो पंजा मरोड़े लगी तैयार बइठल है. तो कभी कहते हैं कि चार-पांच गो धनुषधर लोग भी अफनाइल है. सभे संपर्क कईले है, लेकिन केकरा-केकरा लावल जाओ.. आयातित ब्रांड नेताजी ई संदेश देले हैं कि कोल्हान में ई भादो-भदवारी में कमलवा खिलाईये के रहेंगे. धुनषधर लोग केतनो बयान से निशाना साधले रहें, कुछो फर्क नहीं पड़ता है. राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि आयातित ब्रांड नेताजी लोगन भादो के कादों में कमलवा खिलावे ला कमर में पट्टा में बांधले तैयार है. धुषधर लोगन पर पासा पर पासा पेंकल जा रहिस है. आयातित ब्रांड नेताजी हिंदी के साथे साथ बांग्ला भी बोले बतियावे में मास्टर हैं. ई महोदय ऑपरेशन करे में पारंगत हो गईल हैं. कोल्हान से एगो कथित टाईगर आउर संथाल से एगो एंग्री ओल्ड मैन के फुसला के कमल खिलावे लगी तो ले आए हैं, लेकिन आगे ई दुनो के केतना वैल्यू मिलेगा, कुछो कहल ना सकता है. वइसे ई आयातित ब्रांड पर विस्वा...स करके टाईगर जी और ओल्डमैन कमल खिलावे लगी पार्टिया में ढुकिया तो गए हैं, लेकिन दुनु के ई हां केतना मन लगेगा, ई तो आवेलाला समय ही बताएगा. वइसे आयातित ब्रांड नेताजी कोल्हान-संथाल के टार्गेट कईले ही हैं. टाईगर के और चार गो के जिम्मेवारी देले हैं. कोल्हान ब्रांड ऊ नेताजी लोगन में पसोपेश में है. जाएं कि न जाएं, कहीं कादो में हेल के कमल खिलावे के चक्कर में करियर न बरबाद हो जाए. लेकिन टाईगर साहिब ऊ लोग के रोजे-रोजे ब्रेन वॉश कईले रहते हैं. आयातित ब्रांड के नेताजी जब-जब झारखंड आ रहे हैं, कोनो न कोनो शिगुफा छोड़िए दे रहे हैं. अबकियो दु दिन लगी आये, तो शिगुफा छोड़ के चल दीहिन... एगो औरो बड़का फेंकूमल टाईप के फेंक दीहिन... कहिन कि अभी राजनीति शुरू कहां किए हैं. मतलब अभी आकर जो बक-बक कईले हैं, ऊ सब अईसे ही कर रहे हैं. असली खेला तो अब शुरू करेवाला हैं. अब नेताजी के शिगुफा में केतना दम है, ई तो आवेवाला समय ही बताएगा, लेकिन तो इ लोगन के साथे गुटुर गू करेवाला पर नजर भी रखल जा रहा है. वइसे कोल्हान ब्रांड टाईगर इलाके के कुछ धनुषधारी वीर लोगन के साथ गुटूर गूं कईले हैं. गेम प्लान भी सेट होइए गिया है. बड़का महोदय भी दु-चार दिन में आवेवाला हैं. बताया जा है कि ट्रेन चलावे लगी आ रहे हैं. उ चुनावी शंखनादे करेंगे. उनके छह दिन बाद दुसरका बड़का महोदय संथाल में झंडा-झंडी दिखाएंगे. बताया जा रहा है, नहीं-नहीं दावा किया जा रहा है कि ई बड़का महोदय जी के ईहे भादो के कादो में कमल खिलाइवे ला, बंगाल बोर्डर से लेकर ओडिशा बोर्डर तक धनुषधारी लोगन के खींच लाएंगे. वइसे धनुषधारी लोगन में भी बेचैनी धईले है. एगो धनुषधारी बंगाल-ओडिशा बार्डर के महंत है, तो दुसरका ओडिशा बार्डरके हैं. बाकी दु-तीन गो लोग तो टाईगर के आसपास के लोग हैं. एगो टाईगर के इच्छा पूर्ति लगी तैयार हैं. कुछ गगरी भरेवाले भी तैयारे बताए जाते हैं. एगो दीपको जलाएला तैयारे बताए जा रहे हैं. और तो और.. एगो ड्राइवर बाबू भी तेजी से गाड़ी चलावे ला बेचैने हैं. अब देखिए... आयातित डॉक्टर बाबू ऑपरेशन करे में केतना सफल होते हैं. ईहो हो सकता है कि जल्बाजी में ऑपरेसन करे में कहीं कैंचिया पेटे में छूट जाए.

चुनावी चकल्लस



## झारखंड अग्निशमन सेवा विधेयक को राज्यपाल ने दी मंजूरी

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को झारखंड अग्निशमन सेवा विधेयक को मंजूरी दे दी है. मॉनसून सत्र में सदन में झारखंड अग्निशमन सेवा विधेयक पारित हुआ था. विधेयक के अनुसार अब 100 से अधिक शय्या वाले अस्पताल व नर्सिंग होम, सिनेमाघर, मार्केटिंग कांप्लेक्स, 50 से अधिक कमरे वाले होटल, लॉज, 20 हजार से अधिक क्षमता वाले खुला स्टेडियम, 5 हजार क्षमता वाले इंडोर स्टेडियम, मनोरंजन पार्क, 10 हजार वर्गफीट वाली बिल्डिंग तहखाना के संचालकों को अपने यहां अग्नि सुरक्षा पदाधिकारी की तैनाती करनी होगी. अग्नि सुरक्षा प्रबंधन संस्थान में अग्नि सुरक्षा पदाधिकारियों का प्रशिक्षण होगा. ऐसी किसी भी बिल्डिंग का निरीक्षण भी तीन घंटे के नोटिस पर किया जा सकेगा. भवनों या परिसरों को सील करने की शक्ति विभाग के नामित पदाधिकारी निदेशक की होगी.

## महुआ माजी को झारखंड युवा सदन की जानकारी दी



रांची। युवा सदन संस्था के कार्यक्रम झारखंड युवा सदन 4.0 को लेकर संस्था के अभिषेक बनर्जी और श्रीपर्णा चटर्जी ने राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी से मुलाकात की. उन्हें तुलसी का पौधा दिया गया और झारखंड में हो रहे झारखंड युवा सदन 4.0 के आयोजन के बारे में पोस्टर देकर जानकारी दी. महुआ माजी ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि आज के समय पर पढ़े-लिखे नौजवान और युवाओं को राजनीति पर आना चाहिए. साथ ही युवा सदन के लोगों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और महुआ माजी ने कहा कि अगर समय होगा तो कार्यक्रम में वह उपस्थिति भी होगी. ये कार्यक्रम इस महीने 27, 28 और 29 सितंबर को रांची में आयोजित होगा.

**कोर्ट की खबरें : महाधिवक्ता राजीव रंजन ने वकीलों के लिए शुरू की गयी योजनाओं की सराहना की**

# सीएम हेमंत ने वकीलों से किये वादे को निभाया : महाधिवक्ता

संवाददाता। रांती

राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने राज्य सरकार द्वारा वकीलों के लिए शुरू की गई योजनाओं की सराहना की. उन्होंने बताया कि राज्य में 164 वकील पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं. नए वकीलों को पहले प्रति महीने एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर अब पांच हजार रुपए किया गया है. सात जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के वकीलों के साथ सीधा संवाद किया था व उनकी पीड़ा सुनी थी. उसी दौरान उन्होंने वकीलों से यह वादा किया था कि वे वकीलों को स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा से जोड़ेंगे. मुख्यमंत्री ने अपना वादा निभाया. झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां वकीलों को सरकार अपनी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है. राज्य के लगभग 15 हजार वकील ट्रस्टी कमेटी के सदस्य हैं. फिलहाल स्वास्थ्य बीमा के लिए सरकार ने 13 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है. महाधिवक्ता ने जिला बार संघ और वकीलों के हित में कार्यरत अन्य संघों से यह आग्रह किया है कि वे राज्य के सभी वकीलों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की दिशा में भी पहल की जाएगी. महाधिवक्ता हाईकोर्ट स्थित सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे.

**अब एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पर की जाएगी पहल**



हाईकोर्ट के सभागार में विचार रखते महाधिवक्ता.

## आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव की बेल पर बहस पूरी

रांची। टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी की बेल पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई. बुधवार को दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी कर ली गई, जिसके बाद अदालत ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है. बता दें कि संजीव लाल को ईडी ने पूछताछ के बाद 11 मई को गिरफ्तार किया था. वहीं ईडी इसी केस में राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ भी कर चुकी है. संजीव लाल के ठिकाने से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा नकद राशि बरामद की थी.

**राज्य सरकार की ओर से बहस पूरी**

## सहायक आचार्य नियुक्ति : सुप्रीम कोर्ट ने जारी रखी सुनवाई

संवाददाता। रांची/दिल्ली

झारखंड टेट पास अभ्यर्थियों की ओर से सहायक शिक्षक (आचार्य) नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास और झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास अभ्यर्थी को शामिल करने के विरुद्ध दाखिल याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई. बुधवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बहस पूरी कर ली गई, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रखी है. गुरुवार को सीटेट की ओर से वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा बहस करेंगी. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की खंडपीठ इस मामले में सुनवाई की. दरअसल झारखंड हाईकोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया में दूसरे राज्य के टेट पास अभ्यर्थी या सीटेट पास अभ्यर्थी भी शामिल हो सकते हैं. जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के याचिका दाखिल की गई है.

**जसवंत सिंह हत्याकांड :**

## तीनों आरोपी दोषी करार

रांची। रांची सिविल कोर्ट ने ठाकुर जसवंत सिंह हत्याकांड पर फैसला सुना दिया है. अदालत ने इस केस में अमर सिंह, वंश नारायण सिंह और रणधीर सिंह को दोषी करार दिया है. दोषियों की सजा की बिंदु पर 21 सितंबर को सुनवाई होगी. जसंवत सिंह एचईसी के कद्दावर मजदूर नेता राणा संग्राम सिंह के बेटे थे, जिनका हाल ही में निधन हो गया. बता दें कि 9 अक्टूबर 2015 को धुर्वा थाना क्षेत्र में ठाकुर जसवंत सिंह की दिनदहाड़े गोली कर हत्या कर दी गयी थी. इसके बाद मृतक के पिता राणा संग्राम सिंह ने धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी थी. जिसका कांड संख्या 262/2016 है. प्राथमिकी में अमर सिंह, वंश नारायण सिंह, रणधीर सिंह समेत दो अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया था.

## डीजीपी हाजिर हों : हाईकोर्ट

रांची। महिला व बच्चों के साथ बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर रोक के लिए दायर जनहित पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य के डीजीपी, नगर विकास विभाग के सचिव समेत अन्य आला अधिकारियों को सशरीर मंगलवार को उपस्थित होने का निर्देश दिया है. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि बड़े अधिकारी अच्छी गाड़ियों में घूमते हैं और पीसीआर गाड़ियां लंबे समय से नहीं बदली गई, वहीं महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कोर्ट ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाये जाने चाहिए. इस संबंध में हाईकोर्ट की अधिवक्ता भारती कौशल ने जनहित याचिका दायर की है.

## बिपिन सिंह और प्रियरंजन सहाय की बेल नामंजूर

**लैंड स्कैम**

रांची। लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी बिपिन सिंह और प्रियरंजन सहाय की बेल पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई. इसके बाद कोर्ट ने दोनों की बेल को रिजेक्ट कर दिया. इससे पहले बुधवार को ही दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी कर ली गयी. इसके बाद अदालत ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था. बिपिन सिंह और प्रिय रंजन सहाय को एजेंसी ने गिरफ्तार किया था.

## नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म करने का आरोपी दोषी करार

रांची। रांची सिविल कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में सुनील अहीर को दोषी करार दिया है. अदालत उसकी सजा की बिंदु पर 13 सितंबर को सुनवाई करेगा. पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने यह फैसला सुनाया है. दोषी करार दिया गया युवक सुनील अहीर सोनाहातू थाना क्षेत्र का कुदाडीह गांव का निवासी है. उसके खिलाफ पीड़िता की मां ने सोनहातू थाना में 28 जून 2022 को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी. एपीपी पुष्पा सिन्हा ने अदालत के समक्ष पीड़िता समेत सात गवाहों को प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया गया है.

## दूसरे दिन भी सचिवालय में कामकाज ठप, लिखित आश्वासन पर अड़ा संघ

प्रमुख संवाददाता। रांची

सचिवालय सेवा संघ के बैनर तले सचिवालय सेवा के लगभग एक हजार कर्मचारी-पदाधिकारी दूसरे दिन यानी बुधवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे. सचिवालय सेवा के पदाधिकारी-कर्मचारी के सामूहिक अवकाश में चले जाने से सचिवालय का कामकाज पूरी तरह से ठप है. दो दिनों के अंदर 6000 से अधिक फाइलों की मूवमेंट रुक गयी हैं. संघ ने 12 सितंबर तक सामूहिक अवकाश में रहने का निर्णय लिया है.

**लिखित आश्वासन पर अड़ा संघ :** सचिवालय सेवा अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर सरकार से लिखित आश्वासन पर अड़ा है. मेंबर बोर्ड ऑफ रेवेन्यू की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्मिक सचिव और वित्त सचिव ने कहा कि पद सृजन के लिए एक कमेटी का गठन किया जायेगा, जो 15 दिनों के अंदर संघ की मांगों पर निर्णय लेगी. संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद और महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने कहा कि बैकलॉग का पद दे दिया जाये. इसके बाद कमेटी बनायी जाये. उन्होंने कहा कि कमेटी की रिपोर्ट आने में काफी समय लग जायेगा. संघ के प्रस्तावों पर पहले से ही मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त है. सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी-कर्मचारी अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर पिछले तीन महीने से आंदोलनरत हैं.

### संघ की ये हैं छह मांगें

- सचिवालय सेवा के पदाधिकारी व कर्मचारी की लंबित प्रोन्नति दी जाये.
- प्रशाखा पदाधिकारी के पदों पर पिछले प्रभाव से प्रोन्नति का लाभ दें.
- प्रशाखा पदाधिकारियों को अकार्यात्मक वेतनमान की स्वीकृति दें.
- सचिवालय सेवा के उप सचिव एवं संयुक्त सचिव स्तर के पदों का सृजन हो.
- संयुक्त सचिव, उप सचिव, अवर सचिव व प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों पर प्रोन्नति मिले.
- शिशु शिक्षण भत्ता दें और सचिवालय सेवा के मूल कोटि के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती हो

**15 सितंबर तक स्क्रीनिंग कमेटी के मेंबर करेंगे जिलों का दौरा**

# आज से होगा कांग्रेस के उम्मीदवारों पर मंथन

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल चुनावी रणनीति और उम्मीदवारों के चयन पर मंथन कर रहे हैं. प्रदेश कांग्रेस भी उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है. प्रदेश कांग्रेस के लिए बनी स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरिश चोडनकर, सदस्य प्रकाश जोशी और पूनम पासवान पांच दिनी झारखंड दौरे पर बुधवार की देर रात रांची पहुंचे.

**12 से कमेटी करेगी विभिन्न जिलों का दौरा :** 12 सितंबर से कमेटी के सदस्य विभिन्न जिलों का दौरा कर उम्मीदवारों के नामों पर मंथन करेंगे. 12 सितंबर को लातेहार गढ़वा और पलामू में नेताओं-कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया जाएगा. 13 सितंबर को हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा के नेताओं-कार्यकर्ताओं संघ बैठक होगी. इसी दिन शाम पांच बजे धनबाद परिसदन में धनबाद के नेताओं-कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया जाएगा. 14 सितंबर को धनबाद परिसदन में ही गिरिडीह, बोकारो और जामताड़ा के नेताओं के साथ बैठक होगी. 15 सितंबर को रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा के का नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ उम्मीदवारों के नामों पर मंथन होगा.

## राज्यपाल ने गिरिडीह में रखी ब्लड बैंक भवन की आधारशिला

▪ एक करोड़ की लागत ने बनेगा ब्लड बैंक का भवन

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को गिरिडीह में ब्लडबैंक के भवन की आधारशिला रखी. कहा कि यह भवन बहुत ही उपयोगी साबित होगा. ब्लड बैंक के भवन निर्माण से लोगों को सुविधा भी मिलेगी. रेडक्रॉस लगातार बेहतर काम कर रहा है. उन्होंने अफसरों से कहा कि इस भवन का निर्माण जल्द से जल्द कराएं, ताकि उद्घाटन में आ सकें. बताते चलें कि ब्लड बैंक भवन का निर्माण एक करोड़ की लागत से होना है. मौके पर गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी डॉ विमल कुमार, चरणजीत सिंह सलूजा, निकिता गुप्ता, मुकेश जालान, मदन लाल विश्वकर्मा, डॉ एसके डोकानिया, डॉ विकास लाल, प्रमोद कुमार, राकेश मोदी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

NOTICE

In order to make the Indian farmers more competitive, Dharti Agro Chemicals Private Limited brings to you the following 100% water soluble mixture fertilizers as per the provision of S.O. – 2900(E) Dt. 24.10.2015 (Duly amended by S.O. 4120(E), Dt. 30.12.2017) issued by the Ministry of Agriculture & farmers welfare, Govt of India, New Delhi.

| Sr. No. | Name of Fertilizer | N (%) | P (%) | K (%) | S (%) | Zn (%) | B (%) | Mn (%) | Fe (%) | Cu (%) | Mo (%) | Ca (%) | Mg (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Nutri Nest - 33 | - | 12 | 14 | 2.3 | 4 | | 1.1 | - | - | - | - | - |
| 2 | Nutri Nest - 36 | 5.5 | - | 21.5 | - | 5 | 0.6 | 2.5 | - | 1.4 | 0.1 | - | - |
| 3 | Nutri Nest - 55 | 12 | - | 42 | - | 1.1 | 0.3 | - | - | - | - | - | - |
| 4 | Nutri Nest - 46 | 14 | 14 | 14 | 2 | 1.1 | 0.5 | 1.1 | 1.1 | - | - | - | - |
| 5 | Nutri Nest - 52 | 10 | 30 | 10 | - | - | 0.5 | - | - | - | - | 2.1 | - |
| 6 | Nutri Nest - 57 | 9 | 45 | - | - | 1.1 | 0.5 | - | - | - | - | - | 2.1 |
| 7 | FASt+K | 9 | - | 16 | 14 | - | - | - | 11 | - | - | - | - |
| 8 | MASt | 7 | - | 18 | 6 | - | - | 12 | - | - | - | - | - |
| 9 | Agrina | 7 | - | 18 | 10 | - | - | - | 5 | - | - | - | - |

Salient Features:

1. 100% Water Soluble
2. Improves the Quality and Yield of the produce
3. Suitable to use through Drip irrigation and Foliar application.
Packing available: 1Kg, 5Kg and 25Kg

Manufactured and Marketed by-

M/s. Dharti Agro Chemicals Pvt. Ltd.
Office: 27, New Cotton Market Layout, Nagpur-440018 (M.S)
Factory: 59/2, Neri (Mankar) Tal. Hingna, Dist. Nagpur-440023 (M.S)
Ph No: 0712-2724597, Email: info@dhartiagro.com
Dharti AGRO CHEMICALS Seeds & Plant Health

क्लासिफाइड

SURYA NURSING COLLEGE
Affiliated by J.N.R.C. Ranchi & INC New Delhi
ADMISSION OPEN
GNM ANM
SCHOLARSHIP FACILITY AVAILABLE
HOSTEL FOR GIRLS
7004337155
9204381636
CHAKRADHARPUR, W. SINGHBHUM, JH.

Hotel Rahul Palace
Family Restaurant
delicious dishes
Fooding & Lodging
Marriage And Party
Anniversary/Birthday Party
A/C Hall/A/C Room Classic
Home Delivery Facility
Veg Non Veg
Contact No.
7667870045, 7209893445
NH-32, CHANDIL BAZAR

Yashvi RESTRO-BAR
YASHVI RESTRO-BAR
यशवी बार एंड रेस्टोरेंट
अपोजिट गंगौर स्वीट्स कालीमाटी रोड
नियर बाय सागर होटल

MANOJ KUMAR DINESH KUMAR ENTERPRISES
Parsudih Market Near HDFC Bank
Mob. : 9234585332, 9263956400
GSTIN : 20AZCPK8472B1ZS
ADDRESS : MAIN ROAD GAINTADIH, KARANDIH, TATA NAGAR, NEAR WASHING CENTRE

Aaither Infrastructure Pvt. Ltd.
Prop. Sharad Thakur
Harish Pandey path
Anand vihar colony
Main Road Dimna
Jamshedpur, Jharkhand - 831018

MAHAMAYA SWEETS
महामाया स्वीट्स
SHERE PUNJAB CHOWK, ADITYAPUR
तरुण घोष

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, गुरुवार 12 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 155 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





### एशियाई विकास बैंक अधिकारी नगर विकास सचिव से मिले

## धनबाद सिवरेज के लिए एडीबी 1300 करोड़ देगा

**खास बातें**

- सचिव ने परियोजना की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का दिया निर्देश
- 550 करोड़ रुपये अमृत योजना से मिलेंगे

**संवाददाता। रांची**



एशियन डेवलपमेंट बैंक झारखंड के नगरीय विकास मे ऋण प्रदान कर रहा है. इसके तहत धनबाद सिवरेज फेज 2 के लिए एडीबी ने 1300 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया है. साथ ही एडीबी की सहायता से राज्य मे लगभग 800 करोड़ से अधिक की पेयजलापूर्ति की योजनाओं पर काम चल रहा है. इस परियोजनाओं की प्रगति पर विचार विमर्श के लिए एडीबी की टीम ने नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार से मुलाकात की. प्रधान सचिव ने एशियन डेवलपमेंट बैंक के अधिकारियों का अभिनंदन किया. उन्होंने जुडको के अधिकारियों को परियोजना पर जल्द काम शुरू करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सिवरेज लाइन बन जाने. से धनबाद की सड़के गलियां और मुहल्ले जहां स्वच्छ रहेंगे वहीं प्रदूषण पर नियंत्रण लगेगा. धनबाद सिवरेज परियोजना के लिए 2195 करोड़ व्यय की अनुमति दी गयी है. जिसमे 1300 करोड़ रुपये एडीबी ऋण देगा. 550 करोड़ रुपये अमृत योजना से मिलेंगे जबकि शेष राशि राज्य सरकार देगी. इसी तरह एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से हुसैनाबाद, झुमरीतिलैया, मेदिनीनगर. और रांची फेज 2 ए के तहत शहरी पेयजलापूर्ति की योजनाओं पर काम चल रहा है . जिसकी लागत लगभग 800 करोड़ रुपये होगी. एडीबी की एक टीम ने पेयजलापूर्ति की इन योजनाओं की समीक्षा की और प्रगति पर संतोष व्यक्त किया. प्रधान सचिव कुमार ने फिलीपींस मनीला से आयी एडीबी की अधिकारी मोमोका नीटा टाडा , विवेक विशाल एवं अन्य अधिकारियों का दोशाला ओढ़ाकर अभिनंदन किया. बैठक में सुडा डायरेक्टर अमित कुमार, जुडको के पीडीटी गोपालजी और डीपीडी उत्कर्ष मिश्र के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे.

## महिला दरोगा सुमन समेत तीन पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

**संवाददाता । धनबाद**

बैंकमोड थाना की महिला दरोगा सुमन कुमारी समेत धोबाटांड निवासी श्याम गुप्ता तथा उसके पुत्र सुरेश गुप्ता के खिलाफ बुधवार को अदालत में धोखाधड़ी करने ,गाली गलौज कर मारपीट एवं हत्या का प्रयास करने का मुकदमा दाखिल किया गया है. डायमंड क्रॉसिंग निवासी दैनिक अखबार का हॉकर मनीष कुमार प्रसाद ने अदालत में शिकायत वाद दाखिल कर आरोप लगाया है कि आरोपी श्याम गुप्ता के यहां अखबार देने के कारण उसे जान पहचान हो गई थी. श्याम गुप्ता उसे अपनी बातों में फंसा कर उसके बजाज कार्ड एवं



एचडीएफसी फाइनेंस से दो मोबाइल फोन किस्त पर खरीदवाया था. जिसकी कीमत 61500 थी.श्याम गुप्ता उससे वादा किया था कि दोनों मोबाइल का किस्त वह समय पर भर देगा और आरोपी सुरेश गुप्ता ने इसकी गारंटी ली थी.आरोपी द्वारा सात किस्त दिया गया, बाद में किस्त देना बंद कर दिया. जिससे उसे जुर्माना सहित चार किस्त का भुगतान करना पड़ा तथा बजाज फाइनेंस द्वारा उसके कार्ड को ब्लॉक कर दिया गया. साथ ही बैंक में उसकी शाख खराब हो गई.कर्ज लेकर उसने किस्त का भुगतान किया. 5 सितंबर को जब वह आरोपियों से पैसे की मांग की तो उन लोगों ने पैसा देने से मना कर दिया. जिसकी शिकायत 7 सितंबर को उसने बैंकमोड़ में की थी. बैंक मोड़ थाना की महिला अधिकारी सुमन कुमारी ने आरोपियों को बुलाकर उन लोगों के सामने उसे थाना परिसर में उसकी पिटाई करवा दी. जिससे वह बुरी तरीके से घायल हो गया. आरोपी सुरेश गुप्ता लोहे के हथियार से उसके सर पर वार किया जिससे उसका सर फट गया.

**ब्रीफ खबरें**

### हरिणा कॉलोनी से दुपहिया वाहन चोरी

**बरोरा**। बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल के हरिणा कालोनी से मंगलवार की रात्रि एक दुपहिया वाहन की चोरी अपराधियों ने कर ली. बताते चलें कि उक्त वाहन बीसीसीएल कर्मी अभिषेक प्रभाकर का बताया जाता है. जानकारी के मुताबिक वाहन मालिक रात्रि में कॉलोनी के बेसमेंट में गाड़ी खड़ी कर सोने चला गया. सुबह में गाड़ी गायब मिली. इस मामले में वाहन मालिक के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ एक लिखित सूचना बरोरा थाना में दी गई है. बताते चलें कि इसके पूर्व भी एक माह के दौरान हरिणा कॉलोनी से एक दुपहिया वाहन चोरी हो गई थी.

### महेंद्र हत्याकांड में राजू मंडल का बयान दर्ज

**धनबाद**। माले विधायक महेंद्र सिंह हत्याकांड के आरोप में जेल में बंद हार्डकोर नक्सली रमेश दा ऊर्फ साकिम दा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में पेश किया गया. सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कार्यकर्ता राजू मंडल को बतौर गवाह पेश किया. अदालत को दिए बयान में उसने घटना का समर्थन किया हालांकि किसी को पहचानने से इनकार किया.अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. उल्लेखनीय है कि 6 फरवरी 05 को माले विधायक महेन्द्र सिंह कि हत्या बगोदर से सभा कर लौटते समय दुर्गीधवैया गांव के समीप मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने स्वचालित हथियार से गोली चलाकर कर दी थी.

### सेन किड्स में मनाई गई जयंती

**धनबाद**। सेन किड्स स्कूल में बुधवार को स्वर्गीय नंद किशोर पाठक की जयंती मनाई गई. सेन किड्स स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं समेत छात्र छात्राओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. मौके पर स्कूल के छोटे छोटे बच्चे कृष्ण- राधा के वेश-भूषा में और रंग बिरंगी पोशाक धारण किए थे. स्कूल में केक काटा गया. बच्चों के बीच केक, चोमीन, चॉकलेट आदि बांटा गया. इस मोके पर निर्देशक ललिता पाठक, प्राचार्य सोमेन राय, शिक्षिकाऐ सिमरन, मिन्हा, जिया, स्वीटी, खुशी, सौमिता, नर्मता, दीपा, आकांक्षा, तन्नु, सुरभि, मधुमिता, पलक आदि मौजूद थी.

### 7 साल के बच्चे की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव


**धनबाद**। डेंगू के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. बुधवार को 7 साल के बच्चे की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई है. बच्चे का इलाज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है. इससे पहले भी कई लोगों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई थी, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए कुछ कदम उठाए हैं, जिनमें डेंगू के लक्षणों वाले मरीजों की पहचान और इलाज, डेंगू के वायरस को फैलाने वाले मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए कीटनाशकों का छिड़काव, और लोगों को डेंगू के बारे में जागरूक करना शामिल है.

## कांग्रेस से जलेश्वर के टिकट पर लगेगा ग्रहण !

**बाघमारा विधानसभा**

- लगातार तीन चुनावों में हार बन सकता है टिकट के राह का रोड़ा

**राम कुमार पाण्डेय। कतरास**





झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो को बाघमारा विधान सभा से कांग्रेस का टिकट मिलना इस बार मुश्किल लग रहा है. कई कारण दिख रहे हैं. जो इनके टिकट के राह में रोड़े बन सकते हैं. जलेश्वर बाघमारा से लगातार तीन बार से तत्कालीन विधायक ढुल्लू महतो से मात खाते आ रहे हैं. जलेश्वर महतो ना सिर्फ विधानसभा बल्कि जदयू के टिकट पर लोकसभा में भी अपनी किस्मत आजमा चुके हैं लेकिन जनता ने उन्हें एक सिरे से नकार दिया है. लोकसभा चुनाव में जलेश्वर की शर्मनाक हार हुई थी उनके बारे में कार्यकर्ताओं की धारणा यह है कि चुनाव हारते ही जलेश्वर महतो लाल बंगला में अपने को कैद कर लेते हैं.बाघमारा की राजनीति से दूर हो जाते हैं. हां यह अलग बात है कि इक्का-दुक्का कार्यक्रम में वे भाग लेते नजर आते हैं .धनबाद व गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की तो बात छोड़ दें वे अपने बुथो व अपने पैतृक गांव के बूथों में भी महागठबंधन के प्रत्याशी को वोट नहीं दिला सके.हालांकि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है .वे अपने इलाके से अपनी पुत्र वधू को भी जिला परिषद जैसे साधारण चुनाव भी नहीं जीता सके थे.चुनाव में जीत-हार तो अलग बात है लेकिन एक साधारण परिवार की एक गृहिणी महिला शारदा सिंह ने उनकी पुत्र वधू को बुरी तरह हरा दिया था. जबकि जलेश्वर महतो खुद अपने पुत्र वधू के लिए लगातार क्षेत्र में पसीने बहा रहे थे. शायद यह कहना ग़लत नहीं होगा कि जलेश्वर महतो से ना सिर्फ उनके जाति कुर्मी बल्कि अन्य जाति के भी लोग उनसे नाराज़ चल रहे हैं.कभी भूईयां बेलदार तो कभी ब्राह्मण जाति पर अमर्यादित टिप्पणी कर वे लोगों को आहत करते आए हैं.

### उम्र से तेज दौड़ पाएंगे जलेश्वर ?

बाघमारा की जनता के साथ अब उनकी उम्र भी साथ नहीं दे रही है. बीते लोकसभा चुनाव में रांची और धनबाद लोकसभा चुनाव में पार्टी के कई दिग्गज नेताओं का टिकट सिर्फ उम्र के वजह से ही कटा है .रांची से कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व में केन्द्रीय मंत्री रहे सुबोधकांत सहाय धनबाद से पूर्व सांसद सह कांग्रेस के फायर ब्रांड नेता ददई दुबे के उम्र को देखते हुए कांग्रेस ने नए और युवा प्रत्याशियों को उतारा, इस परंपरा को पार्टी बरकरार रखती है तो इसमें नाम मात्र भी संशय नहीं है कि जलेश्वर महतो का टिकट कटना तय है. क्योंकि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में बाघमारा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे जलेश्वर महतो के चुनावी हलफनामे के अनुसार 2024 में 75 वर्ष से अधिक हो गई है. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या बाघमारा में भी कांग्रेस का लोकसभा चुनाव की परिपाटी को बरकरार रखते हुए कोई नया युवा प्रत्याशी होगा?

### तो क्या लगेगी अशोक प्रकाश लाल की लॉटरी ?

अगर ऐसा होता है तो धनबाद जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री ओपी लाल के पुत्र अशोक प्रकाश लाल की लॉटरी लग सकती है. लाल खुद भी युवा एवम बाघमारा की राजनीति में काफी सक्रिय रहे हैं. उनके पिता स्व. ओपी लाल तीन तीन बार के कांग्रेस के टिकट पर विधायक और मंत्री रह चुके है. उनकी 2020 में हुई असामयिक मृत्यु से कतरास बाघमारा में उनके नाम की सहानुभूति भी है. जिसका सीधा फायदा अशोक लाल के साथ साथ पार्टी को मिलेगी. अशोक प्रकाश लाल भी टिकट के लिए रांची से लेकर दिल्ली तक पार्टी पदाधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं.

### तो जलेश्वर के राजनीतिक सफर में लग सकता है विराम

कांग्रेस से टिकट ना मिलने की स्थिति में जलेश्वर पुन: जदयू का दामन थाम सकते हैं. ऐसी चर्चा आए दिन सोशल मीडिया में तैर रही है .चर्चा है कि जलेश्वर को भी टिकट कटने का अंदेशा है. कयास लगाया जा रहा है कि वे जदयू केन्द्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से लगातार संपर्क में हैं. नीतीश कुमार से जलेश्वर महतो का पुराना संबंध है. वे अपनी आखरी पारी का दुहाई देकर टिकट के लिए जदयू के केंद्रीय नेतृत्व को मना सकते हैं लेकिन वहां भी उनके लिए टिकट लेना आसान नहीं होगा, क्योंकि अगर झारखंड में भाजपा जदयू का गठबंधन हुआ तो भाजपा किसी भी सूरत में बाघमारा जदयू के खाते में नहीं देना चाहेंगी. इस परिस्थिति में जलेश्वर की राजनीति का करियर का अस्त हो सकता है. बरहाल इस तरह की चर्चाओं में कितनी सच्चाई है वह तो वक्त पर ही पता चल सकता है. कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर कांग्रेस से चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों के लिए जिला अध्यक्षों के पास आवेदन करने को कहा गया है. जलेश्वर महतो ने भी बाघमारा से अपनी दावेदारी के लिए जिला अध्यक्ष को आवेदन सौंपा है .एक बार फिर कांग्रेस के टिकट पर ताल ठोंकने को तैयार हैं.

### प्रदेश अध्यक्ष रहते ही पार्टी झारखंड में पार्टी हो गई खस्ता हाल

जलेश्वर महतो बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं .वे पहली बार समता पार्टी के टिकट के पर साल 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के ओपी लाल को हराकर विधायक बने. साल 2005 में झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान दूसरी पर जदयू के टिकट पर बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में जीत दर्ज की दोनो बार जलेश्वर मंत्री बने .इसके बाद वे साल 2009 और 2014 के विधानसभा चुनाव में ढुल्लू महतो ने जलेश्वर को करीब तीस हजार मतों से बुरी तरह पराजित कर दिया. उस वक्त जलेश्वर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष थे. इसलिए जलेश्वर की हार ना सिर्फ बाघमारा बल्कि पूरे राज्य में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव हारने की चर्चा हुई थी. जलेश्वर के जदयू प्रदेश कार्यकाल में ही जदयू झारखंड से लुप्त हो गई. जदयू के झारखंड में मटिया मेट होने के बाद जलेश्वर साल 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में पाला बदल कर कांग्रेस में शामिल हो गए लेकिन 2019 विधानसभा चुनाव में भी ढुल्लू महतो से मात खानी पड़ी. हालांकि जलेश्वर इस बार बहुत कम मतों से ही चुनाव हारे थे.

### जमीन कब्जा के खिलाफ पुलिस से शिकायत



**महुदा**। महुदा थाना क्षेत्र जामडीहा बस्ती निवासी स्वर्गीय चन्द्रमोहन राय की पुत्री मालती देवी ने बुधवार को महुदा थाना में एक आवेदन देकर जामडीहा लाला टोला निवासी दो लोगों पर उसकी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है. महुदा पुलिस को दिए आवेदन में उसने लिखा है कि बुधवार सुबह अपने जमीन को देखने गयी तो देखा कि चार पांच लोग उस जमीन की नापी कर उसकी झाड़ियों को साफ करवा रहे हैं. पूछताछ करने पर उनलोगों ने उक्त जमीन पर अपना दावा बतलाया. उक्त लोगों ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इस जमीन पर दावा किया तो जान से मार देंगे. मालती देवी ने बतलाया कि उक्त जमीन को लेकर न्यायालय में मामला भी चल रहा है जो अभी लंबित है. उसने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी है. वहीं दूसरे पक्ष के मुकेश सिन्हा ने बतलाया कि दावा करने वाली महिला के पिता ने उक्त जमीन को 20 वर्ष पहले ही बेच दिया था. अब उस जमीन पर उसका कोई दावा नहीं बनता है. इस संबंध में थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## सुरक्षा गार्ड अवैध लाइसेंस-बंदूक सप्लाई गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

### कुल्टी पुलिस ने डबल बैरल की दो बंदूक, सिंगल बैरल की तीन बंदूक बरामद की

**संवाददाता। बराकर**



आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के कुल्टी थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी, बंगाल झारखंड में सुरक्षा गार्ड एजेंसी को अवैध सुरक्षा गार्ड लाइसेंस अवैध बंदूक लाइसेंस बनाकर कुल्टी के ये पांच लोग अवैध धंधा कर रहे थे, जिसका खुलासा करते हुए कुल्टी थाना में बुधवार को एक प्रेस वार्ता कर हथियार के तस्करी करने वाले अपराधियों का खुलासा किया गया. इस दौरान कुल्टी थाना में आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नर के डीसीपी वेस्ट संदीप कर्रा, कुल्टी एसीपी एस के जावेद हुसैन ,कुल्टी थाना प्रभारी की मौजूदगी में प्रेस वार्ता में डीसीपी संदीप कर्रा ने बताया कि एडिपीसी मामले में कुल्टी थाना को बड़ी कामयाबी मिली है, बताया कि सुरक्षा गार्ड के जाली लाइसेंस देकर अवैध तरीके गन सप्लाई करने के मामले में पांच रायफल और कारतूस सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें कुल्टी निवासी मुख्य आरोपी बिक्की यादव को गिरफ्तार करने के बाद उसने पूरे गिरोह का खुलासा कर दिया. इसके बाद प्रकाश नोनिया (धेमोमेन), शेख रेफय (निरसा), जयनारायण सिंह (कुल्टी), और गोपाल केशरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उन्होंने बताया कि 5 सितंबर को धर्मेंद्र उपाध्याय को गिरफ्तार किया था.

### भाजपा कार्यकर्ता की रायशुमारी बैठक

**कतरास** । बुधवार को सिजुआ स्थित कतरास क्लब में टुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा की विधायक प्रत्याशी को लेकर बैठक राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह की अध्यक्षता आयोजित की गई.बैठक का संचालन जिला ग्रामीण मंत्री मनोज मिश्रा ने किया.इस बैठक में भाजपा समर्थकों की राय शुमारी को लेकर मुख्य रूप से प्रभारी के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी व पूर्व गिरिडीह विधायक निर्भय सहवादी उपस्थित थे. बैठक में सभी ने अपनो-अपने विचार रखे. टुंडी विधानसभा क्षेत्र के पांच मंडल के राजगंज, गोमो, तोपचांची, टुंडी व पूर्वी टुंडी के मंडल के पदाधिकारी, ओबीसी,महिला, एससी, एसटी, विस्थापित आदि मोर्चा के पदाधिकारियों ने मतदान के माध्यम से संभावित प्रत्याशी को अपना रायशुमारी मतदान के माध्यम से किया गया.

## रिटायर अंचल कर्मी के आवास पर एसीबी की छापेमारी

- 10 अधिकारी खंगाल रहे हैं दस्तावेज

**संवाददाता। गिरिडीह**





गिरिडीह के शास्त्री नगर निवासी रिटायर्ड सीआई के आवास पर बुधवार की सुबह धनबाद एसीबी की टीम ने दस्तक दी. बुधवार की अहले सुबह धनबाद एसीबी की टीम ने रिटायर अंचल कर्मी उदय कुमार सिन्हा के आवास पर आ धमकी. मिली जानकारी के अनुसार टीम में कुल 10 अधिकारी हैं. जिनमें तीन महिला अधिकारी शामिल है. कार्रवाई में स्थानीय नगर पुलिस भी शामिल है. विश्वसनीय सूत्र की मानें तो एसीबी की टीम बढ़ गई आंचल की जमीन हेराफेरी के मामले में कार्रवाई कर रही है. शहर के शास्त्री नगर के आवास के अलावा यह कार्रवाई राज्य की अन्य जिलों में भी जारी है. जानकारी के अनुसार उदय कुमार सिन्हा के पुत्र शैलेश सिन्हा सहित अन्य पुत्र हजारीबाग और रांची में बड़े सरकारी पद पर हैं और बढ़गई आंचल की जमीन मामले में इनकी संलिप्तता के संदेह लेकर कार्रवाई की जा रही है. फिलहाल एसीबी के अधिकारियों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. मालूम हो कि बढ़गई जमीन घोटाले मामले में रांची के बरियातू थाने में मामला पूर्व से दर्ज है, जिसमें हजारीबाग के वर्तमान एसडीओ सह गिरिडीह निवासी शैलेश कुमार सिन्हा आरोपी है. शैलेश पूर्व में बढ़गई के अंचल अधिकारी रह चुके हैं.

### आंगनबाड़ी सहायिका-सहिया से बातचीत की, बच्चों को दी जाने वाले पोषण व प्रारंभिक शिक्षा की ली जानकारी

## राज्यपाल ने किया डुमरी मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**खास बातें**

- शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बनाए : राज्यपाल
- आज की लड़कियां कमजोर नहीं हैं, शिक्षा में लगातार आगे बढ़ रहीं

**संवाददाता। डुमरी**



झारखण्ड राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को डुमरी प्रखंड स्थित औहदार टोला-1 के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया. उन्होंने आंगनबाड़ी सहायिका और सहिया से संवाद कर बच्चों को प्रदान किए जाने वाले पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के संबंध में जानकारी ली. राज्यपाल महोदय ने बच्चों से भी बातचीत की और इस अवसर पर उनके द्वारा एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न किया. इसके अलावा राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का दौरा किया और वहां की छात्राओं से बातचती की. एक छात्रा ने राज्यपाल से उनके जीवन के अनुभवों के बारे में जानने की इच्छा व्यक्त की. इस पर उन्होंने कहा कि आप सभी को शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए. आज की लड़कियां कमजोर नहीं हैं, वे शिक्षा में लगातार आगे बढ़ रही हैं. सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों की बच्चियों के लिए कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की स्थापना की है ताकि वे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जीवन में प्रगति कर सकें. इसके उपरांत एक अन्य छात्रा ने उनसे पूछा कि वे इस पद तक कैसे पहुंचे . राज्यपाल महोदय ने अपनी राजनीतिक यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि वे इमरजेंसी के दौरान जेल भी गए थे, लेकिन हर व्यक्ति की यात्रा और परिस्थितियां अलग-अलग होती हैं. उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, मेहनत कर आगे बढ़ें और अपनी पहचान बनाएं ताकि आपका परिवार आप पर गर्व कर सके. इस अवसर पर राज्यपाल ने 12वीं कक्षा की छात्रा रानी हेंब्रम को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर और 10 वीं कक्षा की छात्रा अनीता कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत भी किया. राज्यपाल ने गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड स्थित पोरदाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का दौरा किया. वहां के कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया. उन्होंने प्रतीक्षा कक्ष, ओपीडी, महिला वार्ड, प्रसव कक्ष और टीकाकरण कक्ष में दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस अवसर पर उन्होंने सीएचओ, एएनएम और अन्य उपस्थित कर्मचारियों से संवाद भी किया. राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी देश के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट हैं और उनके इलाज के लिए निरंतर प्रयासरत हैं. इसी उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई, जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है. उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को यह भी कहा कि उनका दायित्व है कि वे यहां आने वाले मरीजों का पूरे समर्पण से इलाज करें. इस अवसर पर राज्यपाल ने एक नवजात शिशु की मां को मैटरनिटी किट प्रदान की, जिससे वहां उपस्थित सभी को प्रोत्साहन मिला. मौके पर जिला उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार, रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष, सचिव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डुमरी, अंचल अधिकारी डुमरी, थाना प्रभारी डुमरी समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे.

### हटिया से घर लौट रही महिला पर किया चाकू से वार

**टुंडी**। टुंडी थाना से महज एक किलोमीटर की दूरी में बुधनी हटिया से अपनी घर लौट रही आदिवासी महिला सिमोती हासंदा को अज्ञात हमलावरों ने चाकू घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है. जख्मी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है. सिंदवारीटांड गांव निवासी रामलाल हांसदा की 40 वर्षीय पत्नी सिमोती हांसदा टुंडी राजगढ़ बुधनी हटिया से माड़ी बेचकर अपनी घर लौट रही थी. तभी सिंदवारीटांड मोड़ के समीप घात लगाए अज्ञात हमलावरों ने महिला की पेट में चाकू से हमला कर और भाग खड़े हुए. गंभीररूप से घायल अचेतावस्था गिर पड़ी महिला के उपर कुछ राहगीरों की नजर पड़ी. तत्काल उसने चिल्लाते हुए इसकी जानकारी गांव वालों को दी. घटनास्थल पर गांव वाले पहुंचे. घटना की मिलने पर झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने दूरभाष पर यह जानकारी टुंडी पुलिस को दी.

# पेट से निकाले गए एक दर्जन मैटेलिक सेफ्टी पिन्स

संवाददाता। धनबाद

धनबाद में एक चौंकाने वाली मामला सामने आया है. एक महिला के पेट से एक दर्जन मैटेलिक सेफ्टी पिन्स निकाले गए. डॉक्टरों की त्वरित कार्रवाई से महिला की जान बचा ली गई. महिला को पेट दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था. डॉक्टरों ने जांच के बाद उसके पेट में मैटेलिक सेफ्टी पिन्स होने का पता लगाया. बिना सर्जरी किए ही एक दर्जन से अधिक पिन्स निकाले गए. झरिया निवासी एक महिला की जान एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में बचाई गई. महिला के पेट से एक दर्जन मैटेलिक सेफ्टी पिन्स निकाले गए, जो उनकी आंतों में फंसे हुए थे. अस्पताल में मुख्य सर्जन डॉ. अर्घ्य बासु ने सफलतापूर्वक की, जिससे न केवल महिला की जान बची बल्कि उनके परिवार पर आने वाला भारी आर्थिक बोझ भी कम हो गया.




**कई महीनों से था पेट में दर्द :** झरिया निवासी पीड़िता ने बताया कि कई महीनों से पेट में अत्यधिक दर्द का सामना कर रही थी. दर्द इतना तीव्र था कि वह जमशेदपुर और रांची जैसे बड़े शहरों के विभिन्न अस्पतालों में दिखा चुकी थी लेकिन किसी डॉक्टर को समस्या की सही वजह समझ में नहीं आई. दर्द की वजह का पता नहीं चलने पर परिवार बेहद चिंतित था. आखिरकार, पेट के एक्सरे और अन्य जांच के बाद पता चला कि महिला के पेट में बड़ी संख्या में मैटेलिक विदेशी वस्तुएं (फॉरेन बॉडीज़) फंसी हुई हैं. इस चौंकाने वाली खोज के बाद भी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि सेफ्टी पिन्स पेट में कैसे पहुंचीं.

### एंडोस्कोपी से निकाली गई पिन्स

एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सर्जन डॉ. अर्घ्य बासु ने बताया कि एंडोस्कोपी प्रक्रिया से की गई. इसमें एक पतली, लचीली ट्यूब को मुंह से आंतों में डाला जाता है. इस प्रक्रिया में कैमरे की सहायता से डॉक्टर आंतों के भीतर देख सकते हैं और सेफ्टी पिन्स को बिना पेट काटे निकाल सकते हैं. परिवार ने डॉक्टर बासु के इस प्रस्ताव पर सहमति जताई और एंडोस्कोपी के माध्यम से सर्जरी शुरू की गई. डॉक्टर बासु और उनकी टीम ने सावधानीपूर्वक प्रक्रिया की और पेट से एक दर्जन बड़े आकार के मैटेलिक सेफ्टी पिन्स सफलतापूर्वक निकाले. मरीज़ के पेट से सभी सेफ्टी पिन्स हटाने के बाद तुरंत राहत मिली. उनका पेट दर्द भी तुरंत गायब हो गया, और मरीज़ की रिकवरी तेजी से होने लगी और मरीज़ की जान बच गई.

शुभम संदेश ने प्रकाशित की थी जेल में गांजा-खैनी की बिक्री की खबर

# धनबाद जेल में तैनात सिपाही गांजा के साथ गिरफ्तार

- वर्दी खुलवाकर धनबाद थाने की हाजत में डाला गया आरोपी सिपाही

संवाददाता। धनबाद

धनबाद में जेल में तैनात सिपाही गांजा के साथ पकड़ा गया है. उसे पकड़े जाने के बाद धनबाद जेल से धनबाद थाना लाया गया है. उसकी वर्दी खुलवाकर उसे हाजत में डाल दिया गया है. धनबाद थानेदार मामले की छानबीन के लिए धनबाद जेल के अंदर गए. बताते चलें कि शुभम संदेश ने तीन दिन पूर्व ही धनबाद जेल में गांजा और खैनी की बिक्री को लेकर खबर प्रकाशित की थी. बताया था कि जेल में तमाम बंदिशों के बाद भी खैली-गांजा की बिक्री हो रही है. महंगे कीमत पर गांजा बेचकर मोटी कमाई की जा रही है. जेल में गांजा बरामदगी में सिपाही की संलिप्तता के बाद उक्त खबर की पुष्टि हो गई. फिलहाल पुलिस महकमा बरामद गांजा और सिपाही से पूछताछ करेगी और गांजा समेत अन्य नशीले पदार्थों की जेल में आमद को लेकर पूछताछ करेगी. पूछताछ के बाद कई अन्य गर्दन भी कानून की जद में आ सकते हैं.


जेल में बिक रहा 200 में खैनी, 4000 में गांजा

### प्रमंडलीय आयुक्त ने किया बूथों का निरीक्षण

**निरसा बाजार।** उत्तरी छोटा नागपुर कि आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा बुधवार को निरसा प्रखंड के गोपालगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ संख्या 68 एवं एसएसकेबीसी हाई स्कूल स्थित बूथ संख्या 59,60,61 एवं 62 का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने बूथों की भौतिक स्थिति, बूथ तक पहुंचने वाले संपर्क पथ, बूथ में होने वाले मूलभूत सुविधाओं इत्यादि का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने निरसा बीडीओ इंद्रलाल ओहदार को प्रखंड के सभी बूथों में मूलभूत सुविधा संपन्न बनाने का निर्देश दिया. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी बूथों पर पानी,बिजली, शौचालय के साथ-साथ भवन सुव्यवस्थित हो. बुजुर्ग, वृद्ध, विकलांग मतदाताओं को निर्वाचन केन्द्रों तक आने-जाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो. इसका ख्याल रखें. उन्होंने कहा कि जिन-जिन बूथों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है. वहां की बूथों को मूलभूत सुविधाओं से लैस करें.

## ब्रीफ खबरें

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**निरसा बाजार।** श्री राधारानी गोविंद मंदिर हड़ियाजाम कांटा में बुधवार को कलश यात्रा के साथ 38 वीं श्रीमद् भागवत कथा पारायण ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ हुआ. शोभा यात्रा में वृंदावन से पधारे श्री जी शरण महाराज एवं उनके सहयोगियों के अलावा हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया. राधा गोविंद मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा भागवत कथा 11 सितंबर से 17 सितंबर तक होगी. इसके मुख्य यजमान अजीत साव एवं आशा देवी एवं भागीरथ लाहा एवं जानकी लाहा है. आज गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकली गई. कार्यक्रम को सफल बनाने में सुदामा, चितरंजन सिंह , सुदामा महतो समेत अन्य की भूमिका सराहनीय रही.

### घटिया मिठाइयों की बिक्री पर लगे रोक

**तोपचांची ।** तोपचांची युवा एकता मंच के अध्यक्ष सह आजसू नेता सदानंद महतो ने जिले के संबंधित अधिकारियों से तोपचांची बाजार एवं गोमो के मिठाई दुकानों में बिक रहे घटिया किस्म के मिठाइयां व खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की मांग की है. उन्होंने उपायुक्त, सिविल सर्जन, ए.डी.एम.( लॉ एंड ऑर्डर) सहित वरीय पदाधिकारियों को आवेदन भेजकर कहा है कि तोपचांची बाजार एवं गोमो क्षेत्र के मिठाई दुकानों में दुकानदार बाहर से मंगाए गए घटिया किस्म की मिठाइयां व अन्य खाद सामग्रियों की बिक्री कर रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं. उन्होंने अधिकारियों से मांग की है कि वे तोपचांची बाजार एवं गोमो के मिठाई दुकानों में बिक रहे मिठाईयां व खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच करें और आवश्यक कार्रवाई करें.

### टुंडी के बूथों का निरीक्षण

**टुंडी।** उतरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कमिश्नर सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने बुधवार देर शाम टुंडी के चुनावी बूथों का भौतिक स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने टुंडी विवेकानंद मध्य विद्यालय में दो व प्लस टू हाई स्कूल में एक चुनावी बूथों का जायजा लिया.इस दौरान उन्होंने बूथ परिसर, क्लास रूम, शौचालय की बारीकी से जांच की. उन्होंने मौजूद बीएलओ से भी कई बिंदुओं पर पूछताछ की.इस मौके पर टुंडी बीडीओ एस के चौरसिया, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मूरत महतो, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी बबलेश कुमार, आदि मौजूद थे.

# भाजपा रायशुमारी में राज सिन्हा-एलबी समर्थक भिड़े

## धनबाद विधानसभा के प्रत्याशी रायशुमारी वोटिंग के दौरान हंगामा, धक्का-मुक्की



संवाददाता। धनबाद

धनबाद भाजपा जिला कार्यालय में धनबाद विधानसभा प्रत्याशी के लिये रायशुमारी बैठक व वोटिंग की गई. देश से नियुक्त प्रभारी किसलय तिवारी रायशुमारी में शामिल हुए. रायशुमारी में दावेदार एलबी सिंह भी पहुंचे. रायशुमारी के दौरान ही भाजपा विधायक राज सिन्हा और टिकट की दावदारी कर रहे एलबी सिंह के समर्थक की बहसबाजी, धक्का मुक्की हो गई. दोनों में जमकर बहसबाजी भी हुई. कुछ देर के लिए स्थिति नियंत्रित से बाहर हो गई. पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया, तब जा कर मामला शांत हुआ. वहीं भाजपा विधायक राज सिन्हा के एक समर्थक ने कहा कि कुछ दावेदार के समर्थक कार्यालय के बाहर पैसे देकर कार्यकर्ता को डायवर्ट कर रहे हैं.जो पदाधिकारी नहीं है, वोट करने पहुंच जा रहे है. विरोध करने पर मारपीट की गई, धमकी भी दी गई. ऐसा धनबाद में पहली बार हो रहा है. वहीं रायशुमारी प्रभारी ने हंगामा, बहसबाजी होने से इनकार करते हुए पूरी निष्पक्ष प्रक्रिया से रायशुमारी वोटिंग होने की बात कही.

### धनबाद विस से पांच सौ भाजपाइयों ने की वोटिंग

धनबाद विधानसभा क्षेत्र से टिकट की दावेदारी के लिए लगभग 500 समर्थकों ने वोटिंग की है. मतों की गिनती रांची में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में की जाएगी. वोटिंग बॉक्स रांची भेज दिया गया है. आपको बता दें कि धनबाद विधानसभा क्षेत्र से किस प्रत्याशी को टिकट मिलेगा, इसकी दावेदारी के लिए समर्थकों की ओर से वोटिंग कराई गई है. जिसे सबसे अधिक मत प्राप्त होगा, संभवत: उसे ही धनबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए टिकट का दावेदार माना जाएगा और आला कमान से टिकट दिलाने का प्रयास भी किया जाएगा. दिन के 11:00 से शाम 5:00 बजे तक समर्थकों ने मतदान किया .धनबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी किसलय तिवारी के नेतृत्व में वोटिंग की गई. विदित हो कि भाजपा की मंगलवार को रांची में हुई बैठक में रायशुमारी को लेकर कई दिशा-निर्देश दिये गये थे. पहली बार रायशुमारी बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था. सभी विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मंडलों के अध्यक्ष के अलावा कार्यसमिति के सभी सदस्य रहे. इसी तरह संबंधित क्षेत्र के जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों को आमंत्रित किया गया. अमूमन एक विधानसभा क्षेत्र में तीन सौ से अधिक सदस्य अपनी राय देंगे.

> राज सिन्हा और एलबी सिंह समर्थकों के बीच विवाद को लेकर जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि रायशुमारी में कोई भी शामिल हो सकता है. प्राथमिक सदस्य बनने को लेकर अब सिर्फ मिस कॉल की औपचारिकता है.
>
> **श्रवण राय**
> **भाजपा महानगर अध्यक्ष**

# पोर्टल में करें साइबर क्राइम की शिकायत : माधवी मिश्रा

- टोल फ्री नंबर 1930

संवाददाता। धनबाद



भारतीय रिजर्व बैंक ने सचेत पोर्टल साइबर क्राइम से जुड़ी शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग के लिए www.cybercrime.gov.in उपलब्ध है. इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बताया कि फर्जी चिटफंड कंपनी से जुड़ी शिकायतें आमजन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की पोर्टल सचेत पर कर सकते हैं. इसके अलावा सचेत पोर्टल के माध्यम से सेबी, आईआरडीए जैसी संस्थाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं. वहीं राष्ट्रीय साइबर अपराध के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर आमजन साइबर अपराध से जुड़ी शिकायत कर सकते हैं .यह हेल्पलाइन नंबर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है. इसके अलावा ऑनलाइन घोटाले, फिशिंग और अनाधिकृत लेनदेन जैसी वित्तीय धोखाधड़ी की घटनाओं की रिपोर्ट राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर की जा सकती है. इस पोर्टल पर ऑनलाइन बाल पोर्नोग्राफी, दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म जैसी यौन रूप से स्पष्ट सामग्री से जुड़ी शिकायतें भी दर्ज की जा सकती है. उपरोक्त को लेकर उपायुक्त ने धनबाद जिले के सभी नागरिकों को जागरुक बनकर ऐसी शिकायतों को संबंधित पोर्टल या टोल फ्री नंबर अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल में करने का अनुरोध किया है.

# स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ की जांच को पहुंची सीडब्ल्यूसी

- धनसार थाना प्रभारी व स्कूल प्रधानाध्यापक से ली जानकारी

**धनसार ।** लक्ष्मीनारायण विद्यालय में छात्रा से छेड़खानी मामले मे बुधवार को चाईल्ड वेलफेयर कमिटी ने संज्ञान लिया है. इस मामले में कमिटी ने धनसार थाना प्रभारी मनोज पांडे से मामले की जानकारी ली.हालांकि छात्रा या उसके स्वजन द्वारा लिखित शिकायत नहीं मिलने के कारण अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है.लोक लाज के चलते छात्रा व उसके स्वजन केस दर्ज नहीं कराना चाह रहे हैं. वहीं धनसार पुलिस लक्ष्मीनारायण विद्यालय के प्रधानाध्यापक को शिकायत करने को कहा है लेकिन उन्होंने भी अभी तक शिकायत नहीं की है.बता दें कि मंगलवार को धनसार लक्ष्मीनारायण स्कूल में एक नशेड़ी ने छात्रा से छेड़छाड़ की थी. छात्रा के छेड़छाड़ के बाद धनसार पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था. पकड़े गए व्यक्ति को छात्रा ने पहचानने से इंकार कर दिया. इसके बाद उसे छोड़ दिया गया. धनसार थाना प्रभारी मनोज पांडे का कहना है कि अभी तक किसी ने शिकायत नहीं की है.

# रेलवे गार्ड काउंसिल का धरना



- ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल का धनबाद रेल मंडल सहित सभी मंडलों में प्रदर्शन
- गुड्स ट्रेनों में बेहतर सुविधा व मालगाड़ी में बेहतर पेयजल, आरामदायक सीट की मांग

संवाददाता। धनबाद

ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल काउंसिल ने बुधवार को अपनी विभिन्न समस्या को लेकर धनबाद रेल मंडल ,जोनल कार्यालय सहित अन्य मंडलों में धरना प्रदर्शन किया.इस दौरान धनबाद मंडल के गाड़ी प्रबंधक सहित यूनियन नेताओं ने प्रमुख समस्या को लेकर जोनल कार्यालय में प्रदर्शन किया. धनबाद रेल मंडल सहित अन्य मंडलों के यूनियन नेता ने रेल प्रबंधन के सामने मालगाड़ी व गुड्स ट्रेन की सुविधा बढ़ाने की मांग किया गया. जिसमें मुख्य रूप से मालगाड़ी में पानी की बेहतर सुविधा ,ताकि गार्ड सहित रेल परिचालक को पानी का दिक्कत न हो. वहीं मालगाड़ी में लोहे के तख्ते का सीट को आरामदायक बनाना. पूरे गुड्स ट्रेन को आधुनिक तर्ज पर बेहतर व्यवस्था बहाल करना सहित दर्जनों मांग शामिल थी.

# नियोजनालय परिसर बरटांड़ में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला

## 172 आवेदक हुए चयनित,123 आवेदकों को किया गया शॉर्ट-लिस्ट


संवाददाता। धनबाद

बरटांड़ स्थित अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में बुधवार को दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया. रोजगार मेला का शुभारंभ आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी धनबाद, विनोद कुमार, नियोजन पदाधिकारी कुमारधुबी एवं राकेश कुमार मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी आईटीआई धनबाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. आनंद कुमार नियोजन पदाधिकारी धनबाद के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं नियोजनालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में आगंतुक, बेरोजगार आवेदक-आवेदिकाओं तथा उपस्थित नियोजकों को विस्तार से अवगत कराया गया. साथ ही उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम



2021 एवं नियमावली 2022 के सफल क्रियान्वयन से स्थानीय लोगो को स्थानीय रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने रोजगार मेला में उपस्थित नियोजकों को भी निर्देशित किया कि वह स्थानीय नियोजन नीति के तहत नियम एवं नियमावली का दृढ़ता से पालन करें. वहीं रिहैबिलिटेशन अधिकारी राजीव कुमार ठाकुर द्वारा दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण एवं अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं लाभान्वित होने के लिए आग्रह किया गया. नियोजन पदाधिकारी धनबाद के द्वारा आज के रोजगार मेला में विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा लगाये गये स्टॉल का भ्रमण कर विभिन्न रिक्तियों, सेवा शर्तों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा कुछ आवेदकों की चयन के पश्चात नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया. इस रोजगार मेला में 22 नियोजकों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई जिसमें लगभग- 1250 आवेदक-आवेदिकाओं ने भाग लिया . विभिन्न नियोजकों के द्वारा कुल 172 आवेदकों को चयनित किया गया तथा 123 आवेदकों को शॉर्ट-लिस्ट किया गया.




# फ्रांसीसी दूतावास की दो सदस्यीय टीम ने आईआईटी आईएसएम का किया दौरा, खनन की जानकारी ली

संवाददाता। धनबाद

फ्रांसीसी संस्थान और फ्रांसीसी दूतावास, भारत की दो सदस्यीय टीम ने गुरुवार को आईआईटी आईएसएम का दौरा किया और आईआईटी आईएसएम प्रशासन के साथ अनुसंधान और नवाचार में संयुक्त सहयोग के क्षेत्रों पर वार्ता की. टीम का नेतृत्व डॉ. डिडिएर राबोइसन, वैज्ञानिक और अकादमिक सहयोग के लिए अटैचे ने किया. जिसमें आयमेरिक वो क्वांग, परियोजना प्रबंधक, वैज्ञानिक और विश्वविद्यालय सहयोग भी शामिल थे. डॉ. डिडिएर राबोइसन ने गोल्डन जुबली लेक्चर थिएटर (जीजीएलटी) में एक व्यक्तिगत परस्पर क्रिया के दौरान एक बड़ी संख्या में संकाय सदस्यों, पोस्टडॉक्स और पीएचडी छात्रों को संबोधित



किया. जिसमें उन्होंने भारत और फ्रांस के बीच अनुसंधान सहयोग के विभिन्न अवसरों के बारे में उन्हें अवगत कराया. इसके बाद, टीम ने संस्थान के नवाचार केंद्र का दौरा किया. जहां उन्होंने टेक्समिन, खनन प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र की विभिन्न सुविधाओं को देखा. जिसमें इसके उत्कृष्टता केंद्र और एनवीसीटीआई और कोल इंडिया इनोवेशन सेंटर की सुविधाएं भी शामिल थीं. टीम ने संस्थान अनुसंधान केंद्र और सीआरई भवन का भी दौरा किया और वहां की विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया. आईआईटी (आईएसएम) प्रशासन के साथ बातचीत के दौरान टीम ने यह चर्चा की कि भारतीय और फ्रांसीसी संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग कर सकते हैं.

जिनमें समुद्री विज्ञान प्रौद्योगिकी, डीकार्बोनाइज्ड हाइड्रोजन, अनुप्रयुक्त गणित और स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान शामिल हैं. प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा, निदेशक, आईआईटी आईएसएम के नेतृत्व में आईआईटी आईएसएम प्रशासन के साथ बातचीत के दौरान प्रोफेसर सागर पाल, डीन आर एंड डी, प्रोफेसर तन्मय मैती, एसोसिएट डीन, इंटरनेशनल रिलेशंस एंड अलुमनी अफेयर्स, प्रोफेसर एसआर सामएडर, एसोसिएट डीन (आर एंड डी), प्रोफेसर गौरी शंकर, एसोसिएट डीन, इंटरनेशनल रिलेशंस और अन्य उपस्थित थे.

### भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का काम चुनाव में होगा पूरा : दीपांकर

**मैथन।** भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा की चुनाव नजदीक है और लोकतंत्र को बचाने के उद्देश्य के तहत ही इंडिया गठबंधन बना है. आने वाले चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में माले महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर और हरियाणा में इंडिया गठबंधन को समर्थन करेगी. जबकि झारखंड में हमलोग चुनाव में जायेंगे, खासकर उत्तरी छोटनागपुर और संथालपरगना के कुछ सीटों पर हमलोग चुनाव लड़ेंगे. इसके लिए इंडिया गठबंधन के साथियों के साथ मिल बैठकर सीटों के बंटवारा किया जाएगा. उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सीटों के खींचतान को लेकर कोई विवाद नहीं होगा, सब कुछ सुलझा लिया जाएगा और पूरी मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन के बैनर तले भाजपा को करारी शिकस्त देने का काम करेंगे. उक्त बातें भट्टाचार्य ने मैथन रॉयल इंटरनेशनल होटल में प्रेस वार्ता में कही.



# शराब दुकानों में ग्राहकों से वसूल रहे अधिक पैसे

आदित्य कुमार। गावां

गावां, माल्डा, पिहरा, मंझने क्षेत्र की अंग्रेजी शराब दुकानों में मनमानी तरीके से शराब की बिक्री की जा रही है. सभी दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बेची जा रही है. इसको लेकर आए दिन शराब खरीदने वाले और दुकान संचालकों के बीच नोक झोंक होती रहती है.

**निर्धारित मूल्य से अधिक रेट पर शराब की बिक्री**

शिकायत मिलने पर शुभम संदेश ने कुछ शराब दुकानों में जाकर सच्चाई पता करने की कोशिश की. सबसे पहले हम गावां बाय पास स्थित सरकारी शराब दुकान में पहुंचे. वहां शराब की हर बोतल पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत ग्राहकों से ली जा रही थी. अंग्रेजी शराब की नींब पर 10 रुपये, हाफ बोतल पर 20 रुपये और फूल बोतल पर 30 से 40 रुपये अधिक कीमत वसूली जा रही थी. बीयर के बोतल पर 20 रुपये अधिक लिए जा रहे थे.

**बड़े साहब के कहने पर दुकानदार वसूल रहे हैं अधिक मूल्य**

यहीं हाल गावां बाजार, मंझने, पिहरा व माल्डा की अंग्रेजी शराब दुकानों में देखी गई. इन दुकानों में भी हरेक शराब की बोतल पर 10 रुपये से 40 रुपये तक अधिक वसूली ग्राहकों से की जा रही थी. हम माल्डा अंग्रेजी सरकारी शराब दुकान में सच्चाई का पता लगाने पहुंचे, तो वहां भी मूल्य से अधिक रेट लिया जा रहा था. दुकान संचालक साफ कहते हैं कि वे लोग बड़े साहब के कहने पर ग्राहकों से शराब की अधिक कीमत वसूल रहे हैं. इस कमाई में बड़े साहब से लेकर छोटे साहब को हिस्सा देना पड़ता है. हमलोग तो छोटे कर्मचारी हैं. साहब के आदेश का पालन नहीं करेंगे तो नौकरी से हटा दिया जाएगा. भूखे मरने की नौबत आ जाएगी.

**राज्य में शराब बिक्री के नाम पर लूट**

इस पर उप प्रमुख प्रतिनिधि गणेश यादव का कहना था कि अंग्रेजी शराब की दुकानों में खुलेआम ग्राहकों से लूट हो रही है और उत्पाद विभाग के अधिकारी मौन हैं. इससे साफ हो गया है कि शराब बिक्री के नाम पर हो रही लूट में सभी शामिल हैं. राज्य सरकार को मामले की जांच कराकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि शराब बिक्री के नाम पर ग्राहकों को लूटने का खेल बंद हो सके. उन्होंने कहा कि एक माह पूर्व शराब में अधिक रेट लिया गया था. उस समय अधिक रेट लेने का विरोध करते हुए काउंटर पर हम अपना मोबाइल नम्बर चिपकाते हुए अधिक मूल्य लेने से मना किये थे. लेकिन पुनः अधिक रेट लिया जा रहा है जो सरासर गलत है.

**बीयर की कालाबाजारी, दुकानदार मालामाल**

बीयर की बोतल पर निर्धारित मूल्य से 20 रुपये अधिक लेने के बाद भी गावां बायपास में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान से ग्राहकों को ठंडा बीयर नहीं मिल रहा है. ठंडा बियर मांगे जाने पर फ्रीज खराब होने की बात करती है.

गर्मी के इस मौसम में बीयर पीने वाले शौकीन परेशान हैं. पता चला है कि दुकानदार आसपास के होटल मालिक संचालकों को काला बाजारी में बीयर बेच रहे हैं. इससे उन्हें मोटी कमाई हो जाती है.

**गिरिडीह में कार्रवाई के बाद भी दुकानदारों में डर नहीं**

पिछले दिनों निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत लेने की शिकायत पर गिरिडीह जिले में करीब एक दर्जन सरकारी शराब दुकानों के कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था. इससे लगा था कि अब शराब दुकानदारों की मनमानी पर रोक लगेगी, लेकिन प्रशासन की इस कार्रवाई का गावां प्रखंड के सरकारी शराब दुकान में कोई असर नहीं पड़ा.

> इस तरह की शिकायत गावां से पहली बार मिल रही है. अगर अधिक रेट लिया जा रहा है तो जांचोपरांत कार्रवाई किया जाएगा. ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी सूरत में सरकारी शराब काउंटर में अधिक दाम नहीं दें, जो प्रिंट लिखा है उतना ही पैसा दें .
>
> **महेंद्र देवगम**
> **उत्पाद इंस्पेक्टर**

## ब्रीफ खबरें

### सेंधमारी कर घर से 35 हजार नकद व गहनों की चोरी

**गिरिडीह।** गांडेय थाना क्षेत्र के घोराजोरी गांव निवासी कमल वर्मा के घर में मंगलवार की रात चोरों ने सेंधमारी कर 35 हजार रुपए नकद व गहनों की चोरी कर ली. चोर बक्से में रखे जमीन के कागजात भी लेते गए. भुक्तभोगी कमल वर्मा ने बताया कि रात में खाना खाकर पति-पत्नी अपने कमरे में सोने चले गए. चोर बगल वाले कमरे में पीछे से सेंधमारी कर अंदर घुसे और ड्रम में रखे 35 हजार रुपए नकद, सोनी की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल व जमीन के कागजात लेकर फरार हो गए. बुधवार की सुबह जब वे सोकर उठे तो घटना की जानकारी हुई. चोर जाते समय घर के पिछवाड़े में कुछ सामान फेंक दिए थे. सूचना मिलते ही गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह दल-बाल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की.

### पत्नी की हत्या के मामले में पति गया जेल

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के धनैता में पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया. गौरतलब है कि मंगलवार की देर शाम धनैता निवासी गिरजा भूला ने नशे में धुत हो मामूली विवाद पर अपनी पत्नी अनिता देवी को लाठी-डंडे से मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया था. घटना के बाद पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था. पुलिस ने मृतका के ससुर के आवेदन पर गावां थाना में मामला दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी पति को जेल भेज दिया. थाना प्रभारी महेश चंद्र ने इसकी पुष्टि की है.

### भाजपा की राय शुमारी कार्यक्रम में हंगामा

**बोकारो।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी चयन को लेकर बुधवार को राय शुमारी कार्यक्रम में हंगामा हो गया, जब जिला कार्यसमिति सदस्य व पूर्व सांसद प्रतिनिधि भैया आरएन ओझा ने विधायक बिरेंची नारायण पर गंभीर आरोप लगाये. ओझा ने कहा कि राय शुमारी की बनी लिस्ट से उनका नाम विधायक के इशारे पर गायब कर दिया गया, जो की पार्टी नियमावली के विपरित है. ओझा ने बोकारो विधायक बिरेंची नारायण का विरोध किया और कहा कि वह प्रदेश में यह बात उठाएंगे कि भारतीय जनता पार्टी अनुशासन वाली पार्टी है, लेकिन ऐसा क्यों हो रहा है. भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी चयन को लेकर राय शुमारी कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें पूर्व विधायक डॉक्टर जीतू चरण राम बतौर प्रभारी बोकारो पहुंचे थे.

### 13 सितम्बर को कांग्रेस का संवाद आपके साथ

**देवघर।** देवघर जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव और 13 सितंबर को होने वाले संवाद आपके साथ कार्यक्रम की तैयारी और रणनीति पर चर्चा हुई. बैठक में जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने कहा कि संवाद आपके साथ कार्यक्रम के लिए स्थान तय कर लिए जाएंगे और शॉर्ट नोटिस पर भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी की जाएगी. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि देवघर जिला के देवघर और सारठ विधानसभा सीटों पर कांग्रेस दावा करती है और चुनाव लड़ेगी. इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व को भेज दिया गया है. बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नित्यानंद दास और सेवा दल के कार्यकारी जिला मुख्य संगठक बासुकी पंडित का स्वागत और अभिनंदन किया गया. जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन की जिम्मेदारी प्रदेश आलाकमान द्वारा अच्छे लोगों को दी गई है और इनके नेतृत्व में संबंधित विभाग का संगठन मजबूत होगा.

### दुर्गा पूजा में सोमनाथ मंदिर की दिखेगी झलक

**बोकारो।** हर साल की भांति इस साल भी सेक्टर 2 सी दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भव्य पूजा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 13 लाख की लागत से दिल्ली के सोमनाथ मंदिर के रूप में पंडाल बनाया जा रहा है. जिसकी लंबाई 120 फीट, ऊंचाई 100 फीट रखी गई है. पूजा के संस्थापक राजेश्वर सिंह ने बताया कि इस बार भी दुर्गा पूजा भव्य रूप से किया जाएगा. मां दुर्गा की मूर्ति 12 फीट की होगी. सुन्दर लाइट से सजावत की व्यवस्था की जाएगी. वहीं झूला, मीना बाजार, अन्य सजावट के सामान भी मेला में उपलब्ध कराए जाएंगे.

# घूस लेते अंचल अमीन को एसीबी की टीम ने किया रंगेहाथ गिरफ्तार

## जमीन नापी रिपोर्ट जमा करने के बदले में ले रहे थे पांच हजार घूस



संवाददाता। गोड्डा

सदर प्रखंड गोड्डा के अंचल कार्यालय में अंचल अमीन के पद पर कार्यरत नारायण मंडल को एसीबी की टीम ने घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया. इनके पास से घूस में लिए गए नगद पांच हजार रुपया भी बरामद कर लिया गया. घटना बुधवार दोपहर की है. अंचल अमीन नारायण मंडल अपने कार्यालय में कार्य कर रहे थे. इसी बीच पूर्व में तैयार किए गए योजना के अनुसार शिकायतकर्ता सचिन पूर्वे घूस की रकम देने अंचल अमीन के कार्यालय में प्रवेश किए और घूस के लिए तय किए गए कुल आठ हजार में से पांच हजार रुपए का भुगतान अमीन को कर दिया. इसी समय एसीबी की टीम ने कार्यालय में प्रवेश कर अमीन को दबोच लिया. तलाशी के बाद इनके पास से घूस में लिए गए रकम बरामद कर लिया गया.

एसीबी की टीम ने कागजी कार्यवाई करने के बाद घूसखोर अमीन को अपने कब्जे में लेकर गाड़ी में बैठा कर वहां से निकल गए. ग्राम रतनपुर के शिकायतकर्ता सचिन कुमार पूर्वे (25) ने बताया कि उनकी जमीन की नापी करवाने का आदेश हुआ था. विभागीय अमीन द्वारा जमीन नापी कर लिया गया था लेकिन उनके द्वारा रिपोर्ट जमा नहीं किया जा रहा था. रिपोर्ट जमा करने के बदले में घूस मांगी जा रही थी.

तब इसकी शिकायत एसीबी के समक्ष किया था और योजना के मुताबिक आठ हजार रुपया घूस देने की बात अमीन से तय हुई थी और उसकी पहली किश्त पांच हजार रुपया का खास नोट विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया गया था. नोट को दिए जाने के बाद घात लगाए टीम के सदस्यों ने घूसखोर अमीन को रंगेहाथ गिरफ्तार कर साथ ले गई.

**कार्रवाई के बाद भ्रष्ट कर्मचारियों में मचा हड़कंप**

एसीबी की टीम द्वारा घूस लेते अंचल अमीन को गिरफ्तार करने की खबर आग की तरह फैल गई . इसके बाद भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों में बेचैनी बढ़ गई . भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा सरकारी महकमा की कार्यशैली से आम जनता त्रस्त है . किसी भी विभाग में बिना घूस दिए कोई काम नहीं होता है . गोड्डा सुदूरवर्ती इलाका होने और यहां की जनता आमतौर पर सहनशील होने की वजह से भ्रष्टाचारियों का मनोबल ऊंचा रहता है . भ्रष्ट कर्मचारियों की संख्या यहां लगातार इजाफा हो रहा है . अभी कुछ माह पूर्व ही एक कर्मचारी के घर ईडी की टीम ने दस्तक दिया था और मामला ईडी के समक्ष लंबित था .

### बाइक की डिक्की से 50 हजार की चोरी

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ चौक स्थित साहू मेडिकल के सामने खड़ी मोटरसाइकिल के डिक्की से अपराधियों ने 50 हजार नगद सहित कई पासबुक व अन्य कागजात चुरा लिया. भुक्तभोगी बसंत कुमार वर्मा, मेरखोगुंडी कला, पंचायत बलगो, थाना जमुआ, जिला गिरिडीह ने जमुआ थाना में दिये आवेदन में बताया कि सोमवार को वह अपनी माँ जागिय देवी को लेकर बैंक ऑफ़ इंडिया जमुआ गए. जहां उसकी मां ने अपने खाते से 50 पचास हजार रुपये की निकासी की. दोनों साहू मेडिकल जमुआ के पास माँ का दवा खरीदने के लिए अपनी बाइक खड़ा कर दवा खरीदने लगा. ठीक उसी दौरान डिक्की से रुपया और कुछ कागजात चोरी हो गया. घटना दवा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद है. डिक्की में रुपये के अलावे उसके पिता स्व० खुबलाल महतो का 2 पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड और उसकी माँ का 2 बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, उसकी पत्नी पुष्पा देवी का 1 पासबुक भी था. भुक्तभोगी ने जमुआ पुलिस से जांच पड़ताल कर उचित क़ानूनी कार्रवाई की मांग की है. इस संबंध में थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है. सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है. जल्द ही इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी होगी.

### शिकागो भाषण के स्मृति में समारोह आयोजित



**धनवार (गिरिडीह)।** आदर्श कॉलेज राजधनवार में स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण की स्मृति समारोह मनाया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राचार्य प्रो डॉ बिमल कुमार मिश्र ने विवेकानंद के जीवन यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद ने 11 सितंबर 1893 में शिकागो विश्व धर्म संसद में पूरे विश्व को भ्रातृत्व, बंधुत्व एवं सहिष्णुता का पाठ पढ़ाया. प्राचार्य ने कहा कि विवेकानंद ने अपने संबोधन के प्रारम्भ में प्यारे बहनों एवं भाइयों कह कर संबोधित किया, जिसने पूरे विश्व को अपनी तरफ आकर्षित किया. विवेकानन्द ने पूरे विश्व को बताया कि मैं उस देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं जो सहिष्णुता और सार्वभौमिकता का संदेश दिया. भारत ने पारसी तथा यहूदी धर्म को भी शरण दिया है. प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में पूरे विश्व में अराजकता, असहिष्णुता एवम अशांति का माहौल है. इस विकट परिस्थिति के समाधान के लिए विवेकानन्द के विचारों की आवश्यक पूरे विश्व को हैं. कार्यक्रम में डॉ मधुलिका ने विषय प्रवेश किया. डॉ कन्हैया प्रसाद राय ने भी सम्बोधित किया. डॉ रोशन ने संचालन और डॉ कृष्णा कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया. इस अवसर पर डॉ अनिल बर्नवाल, युगल किशोर राय, हेमन्त कुमार सिंह, डॉ बीरेंद्र प्रताप, विवेक कुमार राय, अंगद कुमार, मनोज कुमार, डॉ जनार्दन प्रसाद, डॉ दुलारी, मिथलेश महथा, डॉ मधुसूदन, सनोज कुमार, प्रमोद चौधरी, मनोहर ठाकुर, अनिल कुमार, किशोर सिन्हा, बिंदेश्वरी सिंह, प्रकाश सिंह, प्रदीप राणा समेत सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे.

# आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)



डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा डुमरी प्रखंड के इसरी बाज़ार में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का निरीक्षण किया और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया . इस दौरान डीसी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि आमजनों के समस्याओं का समाधान और निराकरण को लेकर इसका आयोजन किया जा रहा है, ताकि अपने पंचायत में ही आप सभी अपने समस्याओं का आवेदन देने के साथ नई योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के तरीके से अवगत हो सके. उपायुक्त ने कहा कि कैम्प में आप सभी सुविधा हेतु हेल्प डेस्क बनाया गया है, जिससे आवेदन जमा करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखे कि आवश्यक दस्तावेज, अपना हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर फॉर्म के साथ हो, ताकि समय पर आपको आवेदन की प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी दी जा सके. इस दौरान उपायुक्त ने सभी स्टॉल पर कार्यरत अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाभुकों के शिकायत और समस्याओं का त्वरित निराकरण करें. साथ ही अगर किसी लाभुक को योजना की जानकारी या फॉर्म भरने नहीं आ रहा है तो उसका सहयोग करें . साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं की उचित जानकारी उन्हें स्टॉल पर उपलब्ध कराएं. निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने झारखंड मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना समेत अन्य कई कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी, डुमरी समेत प्रखंड के कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे .

# पचास लाख महिलाओं को सम्मान देने का काम हमारी सरकार ने किया: हेमंत सोरेन

## 38 दिव्यांगों के बीच दो पहिया वाहन हीरो स्कूटी का वितरण, कई लोगों को नियुक्ति पत्र भी मिला

संवाददाता। ललमटिया



सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को गोड्डा जिला अंतर्गत महागामा विधानसभा क्षेत्र के उर्जा नगर राजेंद्र स्टेडियम स्थित सभास्थल पहुंचे. जहां कांग्रेस व झामुमो कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से उनका स्वागत किया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री सत्यानंद उपभोक्ता, विधायक प्रदीप यादव, पूर्व विधायक संजय यादव, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.

मौके पर मुख्यमंत्री एवं मंत्री दीपिका पांडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच फूल बरसाकर क्षेत्र की जनता का स्वागत किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने करोड़ों की लागत वाले कई योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास एवं उद्घाटन किया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार गांव से चलने वाली सरकार है. गरीबों के कल्याण के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है. मेरी सरकार में विकास का काम तेजी से हो रहा है और विकास की गंगा बह रही है. उन्होंने कहा कि सूबे के 50 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजनाओं के तहत सम्मान देने का काम किया गया है. वहीं बड़ी तादाद में 50 वर्ष से ऊपर के महिलाओं को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है. इसके अलावा लाखों गरीबों को आबुआ आवास मुहैया कराया जा रहा है. मौके पर मुख्यमंत्री ने 38 दिव्यांगों के बीच दो पहिया वाहन हीरो स्कूटी का वितरण किया. नियुक्ति पत्र का भी वितरण मुख्यमंत्री के हाथों किया गया.

शिविर में पलाश लाई, अबुआ आवास, मनरेगा, ग्रामीण विकास विभाग अभिकरण, बाल विकास, आपूर्ति विभाग, श्रम नियोजन एवं कौशल प्रशिक्षण, मंईयां सम्मान योजना, कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि के स्टॉल लगाए गए थे. जहां पलाश लाईवलीहुड स्टॉल में पांच लोगों ने आवेदन जमा किया. बाकी स्टॉल से लोगों ने केवल जानकारी प्राप्त किया. मौके पर कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक प्रदीप यादव, आइजी, डीआइजी, गोड्डा एसपी अनिमेष नैथानी, उपायुक्त जिशान कमर के अलावा बडी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे.

### पुलिस ने 6 चोर को किया गिरफ्तार, 52 मोबाइल बरामद



**कथारा।** बेरमो थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पटेल नगर में छापामारी कर 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इन अपराधियों के पास से 52 चोरी के मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किया है. यह कार्रवाई बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई है. इस संबंध में थाना प्रभारी ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि गिरफ्तार अपराधी के नाम टैगोर शेख, मुजारूल मलिक, शाह हुसैन शेख, बासु शेख और हनीफ शेख मिनाबुल शेख है. ये सभी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रहने वाले हैं. पुलिस ने बताया कि ये अपराधी चोरी के मोबाइल फोन खरीद-बेचते थे और कलकत्ता में बेचकर मुनाफा कमाते थे. बेरमो थाना पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है और आगे की जांच की जा रही है. यह कार्रवाई बेरमो थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद करेगी. छापामारी में पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार सिंह, थाना प्रभारी के अलावा पुअनि अरूण कुमार, मो० शाहिद अंसारी, सअनि साजिद हुसैन, मनोहर मंडल, आरक्षी रूपेश कुमार गुप्ता और सुनिल मनोहर शामिल थे.

### गैर मजरूआ जमीन पर घर बनाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज

**धनवार (गिरिडीह)।** अंचल अधिकारी धनवार के द्वारा नोटिस जारी करने के बाद गैर मजरूआ जमीन पर घर बनाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज किया गया है. दर्ज प्राथमिकी में राजस्व उप निरीक्षक कंचन कुमार ने परसन ओपी में आवेदन देकर शत्रुघन यादव, पिता लाल यादव, ग्राम हेडली, प्रधानडीह, संतोष यादव, पिता लक्ष्मण यादव, ग्राम खेसरम्बा, एवं विनोद यादव, पिता हरखु यादव, ग्राम गादी पर प्राथमिकी दर्ज करवाया गया है. दर्ज प्राथमिकी में राजस्व उप निरीक्षक कंचन कुमार के द्वारा बताया गया कि अंचल अधिकारी धनवार के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में मेरे द्वारा अंचल धनवार अंतर्गत मौजा लेंगूरा थाना नंबर 277 खाता नंबर 34 प्लॉट नंबर 947 औरंगाबाद 5.23 एकड़ के मध्य 0.05 एकड़ भूमि जो गैर मजरूआ खास खाते की है, उस पर उपरोक्त लोगों को मकान निर्माण कार्य करने से बार-बार मना किया गया. अंचल अधिकारी धनवार के द्वारा बजरिया नोटिस भी उपरोक्त तीनों व्यक्तियों को उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करने का आदेश दिया गया था. परंतु उपरोक्त तीनों व्यक्तियों को मना करने के बावजूद जबरन निर्माण कार्य को जारी रखा. उपरोक्त तीनों व्यक्तियों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डाला गया एवं अंचल अधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया गया. मना करने पर धमकी भी दिया गया. अंचल अधिकारी धनवार ने परसन ओपी में आवेदन देकर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया.

### अनिश्चित कालीन धरना 22वें दिन समाप्त

**डुमरी (गिरिडीह)।** अभिभावक एकता मंच डुमरी के तत्वावधान में बीते 21 अगस्त से डुमरी अनुमंडल कार्यालय प्रांगण में 3 सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 22वें समाप्त हो गया. एसडीएम शहजाद परवेज ने सभी धरनार्थियों को जूस पिला कर धरना समाप्त कराया. जबकि इस दौरान सीओ शशिभूषण वर्मा, बीईईओ जयकुमार तिवारी, पूर्व जिप अध्यक्ष राकेश महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे. एसडीएम ने बताया कि एक माह के अंदर शिक्षकों की कमी को पूरा कर लिया जाएगा और तबतक वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर आसपास के प्रखंडों से वैसे शिक्षकों को यहां जिला से प्रतिनियुक्ति कराई जाएगी, जहां के स्कूलों में बच्चों के अनुपात में शिक्षक अधिक हैं.

### भाजपा की बैठक में उम्मीदवारों को ले हुई रायशुमारी

**धनवार (गिरिडीह)।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के निर्देश पर बुधवार को श्री श्याम प्रभु पैलेस विवाह भवन राजधनवार में धनवार विधानसभा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई. बैठक का संचालन विधायक प्रतिनिधि पवन सिंह ने किया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महागामा के पूर्व विधायक अशोक भगत उपस्थित थे. बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा में उम्मीदवारी को लेकर राय कुमारी की गई, जिसमें धनवार विधानसभा के प्रत्याशी को लेकर मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी एवं मंडल कार्य समिति सदस्य शक्ति केंद्र के संयोजक, सह संयोजक उपस्थित थे. विधानसभा उम्मीदवारी को लेकर गुप्त मतदान किया गया. बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह सहित मंडल अध्यक्ष अशोक राय, राजू पाण्डेय, कृष्ण वर्मा, अमित कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, उत्तम साह, प्रदुमन महेंद्र चौधरी, विवेक विकास, मनोज यादव, अजय रंजन, नकुल राय, उदय साह, प्रहलाद सिंह एवं श्री राम यादव उपस्थित थे.

### जमुआ में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड के कोदम्बरी चौक के निकट कांग्रेस पार्टी का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व जमुआ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महशर ईमाम एवं देवरी प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार राय ने किया. मौके पर आगामी विधान सभा चुनाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया. वहीं कार्यकर्ताओं को तन मन से चुनाव की तैयारी करने का निर्देश दिया. बैठक में निर्णय लिया गया कि चुनाव की अधिसूचना से पहले प्रखंड स्तर से लेकर बूथ स्तर तक का कमिटी को मजबूत करना है. इसके अलावे पार्टी द्वारा दिये जाने वाले सारे निर्देशों को कड़ाई से पालन करना है. बैठक में धनेश्वर मंडल, संतोष वर्मा, अरुण दुबे, बलदेव यादव, जोधो सिंह, मनोहर सिंह, घनश्याम सिंह, महेंद्र सिंह, रंजीत मंडल, छोटू सिंह, प्रदीप मंडल, पंकज सिंह, बबलू मंडल, रोहित यादव, छोटू चौधरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय के तेजोमयानंद सभागार में शिक्षकों के लिए गुणवत्ता प्रबंधन और मूल्यपरक शिक्षा पर एक दिवसीय आंतरिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. विद्यालय के प्राचार्य सह प्रशिक्षक सूरज शर्मा ने स्वामी चिन्मयानन्द जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन किया. सूरज शर्मा ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण माहौल बनाने के लिए छात्र केंद्रित शिक्षा, नेतृत्व, छात्रों/शिक्षकों की व्यस्तता, प्रक्रिया आधारित दृष्टिकोण, निरंतर सुधार, तथ्य आधारित निर्णय लेना, और संबंधों के प्रबंधन पर ध्यान देना आवश्यक है. नई शिक्षा नीति में मूल्यपरक शिक्षा पर बल दिया गया है, जिससे बच्चों के नैतिक मूल्यों के विकास के साथ-साथ उनके बौद्धिक और शैक्षिक कौशल में परिवर्तन आता है. इस प्रशिक्षण में 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया. अंत में सुप्रिया चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन और शांति पाठ से कार्यक्रम की समाप्ति की.

### पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता, 311 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**बोकारो।** झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-4, बोकारो वाहिनी परिसर में झारखण्ड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता-2024 का उद्घाटन किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि प्रिया दूबे, भा०पु०से०, अपर पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-4, बोकारो द्वारा उद्घाटन की घोषणा की गई. मंच पर एस० माईकल राज (भा०पु०से०) पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो, सुरेन्द्र कुमार झा, (भा०पु०से०) पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोयला क्षेत्र, बोकारो, सेवानिवृत पुलिस उप-महानिरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह एवं सी०आई०एस०एफ० कमाण्डेन्ट नितिन कुमार त्यागी भी उपस्थित थे. संगठन सचिव-सह-समादेष्टा मुकेश कुमार (भा०पु०से०) द्वारा स्वागत भाषण में बताया गया कि प्रतियोगिता में कुल 21 टीमे एवं 311 प्रतिभागी भाग ले रही है. इस वाहिनी के फायरिंग बट पर 03 दिनों तक प्रतियोगिता कराया जाएगा, जिसमें 5.56 एम०एम० इन्सास रायफल, 9 एम०एम० रिवाल्वर / पिस्टल तथा 9 एम०एम० कार्रबाईन से विभिन्न पोजिशनों से फायरिंग कराया जाएगा.

### गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज में कवि सम्मेलन

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कालेज, बोकारो में एक शानदार कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ. काव्य-स्पंदन ग्रूप के मंचीय कवि रीना यादव बोकारो, सरोज झा झारखंडी रामगढ, नितेश मिश्र रांची व अनंत महेंद्र धनबाद ने अपना कविता-पाठ प्रस्तुत किया. सम्मेलन के मुख्य अतिथि बी. एस. एल. के डी. जी. एम. पवन यादव मौजूद थे. कवि सम्मेलन का शुभारंभ दीप-प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना व पुष्पार्पण से हुआ. संस्थान सचिव सुरेंद्र पाल सिंह विशेष अतिथि थे. अतिथियों का स्वागत पुष्प-गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं शाल से किया गया तथा मानदेय दिया गया. आमंत्रित कवियों के अलावा, छात्रों में स्नेहा रतन, पलक ने अपनी मौलिक कविताओं का पाठ किया.

# राईजिंग पाइप शिफ्टिंग के कारण पांच लाख लोगों को नहीं मिला पानी

## मैथन में पानी की आपूर्ति बंद, पानी के लिए दर-दर भटके लोग



**संवाददाता। मैथन**

मैथनः मैथन के संजय चौक के समीप पीएचईडी विभाग द्वारा राइजिंग पाइप शिफ्टिंग कार्य किये जाने के कारण बुधवार को मैथन, निरसा, चिरकुंडा, कुमारधुबी, मुगमा, शिवलीबड़ी आदि क्षेत्रों के करीब पांच लाख घरों में पानी नहीं मिला. जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. हालांकि विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा आमलोगों के लिए सूचना जारी कर दिया गया था. इस संबंध में विभाग के अधिकारियों ने कहा कि संजय चौक के पास नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण कार्य के कारण 4 सौ एमएम एवं 3 सौ एमएम के राईजिंग पाइप को शिफ्ट किया जा रहा है. जिसमें दो दिनों का समय लगेगा. इसके लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है, ताकि जल्दी से जल्दी कार्य को पूरा कर पेयजल आपूर्ति को बहाल किया जा सके. इसके लिए विभाग द्वारा बुधवार को बड़े-बड़े जेसीबी मशीन एवं कर्मी के द्वारा पाइप शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है. इसलिए लोगों को थोड़ा धैर्य व सब्र से काम लेना चाहिए. जैसे ही शिफ्टिंग का काम पूरा होगा पानी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी.अधिकारियों ने बताया कि सम्भावना है कि शुक्रवार से पेयजल आपूर्ति बहाल हो सकता है. मालूम रहे कि मैथन स्थित संजय चौक में रोड निर्माण के कारण पीएचईडी का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया था और अब नए रास्ते से पाइप को शिफ्ट किया जा रहा है. जिसमें दो दिन का समय लगेगा.

**खास बातें**

- पीएचईडी विभाग ने जारी की सूचना, शुक्रवार से पेयजल आपूर्ति बहाल होने की संभावना

# आज रे करम गोसाई घरे द्वारे रे, काल रे कांस नदी पारे रे...

## तोपचांची में युवतियों का नृत्य महोत्सव, करम गीतों पर जमकर थिरकीं



**संवाददाता। तोपचांची**

तोपचांचीः बुधवार को तोपचांची प्रखंड के मदैयडीह स्थित बिनोद बिहारी इंटर कॉलेज में ऋषिकेश महतो मेमोरियल पब्लिक एजुकेशनल ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित करम महोत्सव में युवतियों ने करमा के पारंपरिक गीत ₹आज रे करम गोसाईं घरे द्वारे रे, काल रे कांस नदी पारे रे. आवते भादर मास आनबो घुराय..., दे हो, दे हो करम गोसाईं दे हो आशीष....₹ आदि गीतों पर नृत्य किया. करम महोत्सव के दौरान कुल 82 टीमों ने भाग लिया और झारखंड के पारम्परिक नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. युवतियों ने पारंपरिक परिधानों में नृत्य किया और गीत के बोलों के साथ अपने हाव-भाव और अदाओं से दर्शकों को आकर्षित किया. विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि करम पर्व झारखंड की सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक है. इसे संजोए रखना हम सभी झारखंडियों का कर्तव्य है. हेमन्त सोरेन सरकार माताओं व बहनों को सम्मान दे रही है. महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मंईया सम्मान योजना लागू की. मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, तोपचांची अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह, तोपचांची तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक, परितोष महतो, बसंत महतो, डॉ नरेन्द्र सिंह, डॉ अरुण कुमार, उत्तम महतो, बलदेव महतो, राजकुमार महतो सहित अन्य उपस्थित थे.


**ब्रीफ खबरें**

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू



**निरसा बाजार।** श्री राधारानी गोविंद मंदिर हड़ियाजाम कांटा में बुधवार को कलश यात्रा के साथ 38 वीं श्रीमद् भागवत कथा पारायण ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ हुआ. शोभा यात्रा में वृंदावन से पधारे श्री जी शरण महाराज एवं उनके सहयोगियों के अलावा हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया. राधा गोविंद मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा भागवत कथा 11 सितंबर से 17 सितंबर तक होगी. इसके मुख्य यजमान अजीत साव एवं आशा देवी एवं भागीरथ लाहा एवं जानकी लाहा है. आज गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकली गई. कार्यक्रम को सफल बनाने में सुदामा, चितरंजन सिंह , बृजभूषण शर्मा, भागीरथ लाहा, मोहन अग्रवाल, आयुष शर्मा ,आशीष अग्रवाल, सुदामा महतो समेत अन्य की भूमिका सराहनीय रही.

### राधाष्टमी महा महोत्सव का भव्य आयोजन



**धनबाद ।** इस्कॉन धनबाद ने बुधवार को डॉ अभिजीत कुमार और डॉ कनुप्रिया सिंह के निवास पर श्री राधाष्टमी महा महोत्सव का भव्य आयोजन किया। सैकड़ों भक्तों ने नगर संकीर्तन में भाग लिया और श्री श्री राधा-कृष्ण और श्री श्री गौर निताई के विग्रहों को अपने शीर्ष पर धारण किया। कार्यक्रम की शुरुआत मधुर हरे कृष्ण कीर्तन से हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस्कॉन धनबाद के अध्यक्ष श्रद्धेय श्रीमान नामप्रेम प्रभु और उपाध्यक्ष श्रीमान दामोदर गोविंद प्रभु ने श्रीमती राधारानी की कृपाओं का गुणगान करते हुए कथा की। कथा के पश्चात श्री श्री राधा कृष्ण के श्री विग्रह का पंचामृत अभिषेक किया गया और 56 भोग अर्पित किया गया। यह आयोजन इस्कॉन धनबाद द्वारा श्री राधाष्टमी महा महोत्सव के उपलक्ष्य में किया गया था।

# जिला राजद महिला प्रकोष्ठ का कार्यकर्ता सम्मान समारोह



**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद। जिला राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित उत्सव भवन धनबाद में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष अनवरी खातून एवं संचालन राजद के प्रदेश महासचिव उदय शर्मा ने की. बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के संस्थापक सदस्य सुनील सिंह ने पार्टी का झंडात्तोलन किया. पूर्व जैक पार्षद ज्ञानेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. कार्यक्रम में राजनीतिक,आर्थिक, महिला सशक्तिकरण नीति एवं आगामी विधानसभा निर्वाचन में धनबाद जिले के धनबाद,झरिया,सिन्दरी एवं निरसा विधानसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशी देने का प्रस्ताव पारित किया गया .साथ हीं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि सुनील सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है. भाजपा देश के आपसी सौहार्द को बिगाड़ रही है.सरकार कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र को निजीकरण कर रही है. जिलाध्यक्ष अनवरी खातून ने कहा कि पांच प्रस्ताव महत्वपूर्ण है. क्योंकि देश अहंकार के गर्त में डूब चुका है.देश की स्थिति गंभीर है पांच- छह दशकों में बेरोजगारी शीर्ष पर पहुंच चुकी है. लेकिन केंद्र सरकार के पास बेरोजगारी से निपटने के लिए कोई कार्य योजना नहीं है .जब बेरोजगारी की कोई बात करता है तो सरकार बुलडोजर और हिजाब की बात करती है .उन्होंने कहा आज सबसे पहले सांप्रदायिक सौहार्द कायम किए जाने की जरूरत है. प्रदेश महासचिव उदय शर्मा ने कहा कि देश में बदलाव की जरूरत है जिसकी शुरुआत हो चुकी है. समारोह में राजद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव, मो. मंसूर आलम, मुमताज कुरैशी ,मो. गुलाम समदानी, हातिम अंसारी ,उमा कुमारी महेन्द्र यादव ,अधिवक्ता चानू कुमारी ,रुखशाना खातुन के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# रेलवे अंतर विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का उद्घाटन



**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद । धनबाद रेलवे स्टेडियम में बुधवार को मंडल क्रीड़ा संघ अंतर विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. समारोह की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई. इसके बाद, उद्घाटन मैच कैरेज और वैगन एवं आरपीएफ के बीच खेला गया, जिसमें कैरेज और वैगन 2–1 गोल से विजयी हुई. इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीम हिस्सा ले रही हैं. जिनमें रेलवे के विभिन्न विभागों की टीमें शामिल हैं. मैच का संचालन रेफरी चंटू हजरा सहायक सुरेश किस्कू व सुदान लाल सोरेन एवं बीरेंद्र यादव के द्वारा किया गया. इस अवसर पर अपर रेल प्रबंधक (इंफ्रा) अमित कुमार, अपर रेल प्रबंधक (ओपी)विनीत कुमार,मंडल क्रीड़ा अधिकारी सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजीत कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) रामसूरत सिंह,वरिय मंडल अभियंता प्रदीप कुमार, वरीय मंडल यांत्रिक अभियंताचंद्रशेखर प्रसाद, वरिया मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार, मंडल अभियंता( ट्रैक) टी सोनेवाल, सहायक क्रीड़ा अधिकारी सह सहायक मंडल वित्त प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह, समेत रेलवे के अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

### मोहनपुर की टीम जीती ट्राफी

**तोपचांची :** स्व निर्मल सिंह चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन तोपचांची प्रखंड के ढांगी पंचायत अन्तर्गत खरनी में किया गया था . जिसमें टूर्नामेंट के अंतिम दिन बुधवार को झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने पहुंचे . माना पाठक ने स्वर्गीय निर्मल सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी . मानव पाठक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जगत में अनेकों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मानवता हुए देश एवं विदेशों में भी विजई डंका बजाने का काम किया है . टूर्नामेंट में रीमिक्स फसी और मोहनपुर के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया . जिसमें मोहनपुर टीम ने जीत हासिल की . माना पाठक ने विजेता टीम को पुरस्कार राशि और ट्रॉफी प्रदान की . मौके पर मितेंद्र दुबे, मनोज पांडे, गोपाल पाठक, अन्य उपस्थित थे .

## आसनसोल

# इलाज के दौरान युवक की मौत, लापरवाही का आरोप

## परिजनों ने मांगा मुआवजा, डॉक्टर ने किया आर्थिक सहायता देने का वादा

**खास बातें**

- शव को पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेजा

**संवाददाता। रानीगंज**

रानीगंजः तेवारी पारा इलाके में विवेक बागड़ी नामक युवक की असामान्य मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि इलाज में लापरवाही के कारण युवक की मौत हुई। विवेक बागड़ी फुटबॉल और क्रिकेट खिलाड़ी थे और कई गेम जीतकर मोहल्ले का नाम रोशन किया था। वह कई पदक भी जीत चुके थे। अचानक शारीरिक बीमारी से पीड़ित होने पर परिजन उन्हें रानीगंज के महावीर कोलियरी के डॉक्टर के पास ले गए, जहां इलाज के बाद डॉक्टर ने उन्हें दूसरी जगह ले जाने को कहा। परिजन उन्हें रानीगंज के दो निजी अस्पतालों में ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस प्रशासन से शिकायत की और पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया। बुधवार की सुबह तक परिजन और रिश्तेदार थाना परिसर में जुटे रहे और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। घटना में शामिल डॉक्टर ने आर्थिक सहायता देने का वादा किया और स्थिति सामान्य हो गई। अभी तक इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

### फरार पृथ्वीराज के घर- होटल को किया सील, कार बरामद

सालानपुर ।दुर्गापुर में करोड़ों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।पुलिस ने फरार पृथ्वीराज के घर होटल को सील कर दिया और एक चार चक्का कार बरामद की है, जिसका नंबर WB 30AJ9867 है ।यह होटल हिंदुस्तान केबल्स के सड़क किनारे अवैध रूप से बनाया गया था और यहां कई तरह की अवैध गतिविधियां चल रही थीं।पुलिस ने बताया कि पृथ्वीराज असवाल की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है और सालानपुर इलाके समेत कई जगहों पर सर्च अभियान चलाया गया है।दुर्गापुर पुलिस, सालानपुर पुलिस और रूपनारायण पुर पुलिस ने मिलकर रूपनारायण पुर में दो व्यापारियों के घरों पर छापेमारी की और उनके घरों को सील कर दिया है ।यह ऑपरेशन दुर्गापुर में करोड़ों रुपये की चोरी के मामले पर आधारित है, जिसमें सालानपुर थाने के पिठाकेरी इलाके के व्यवसायी पृथ्वी राज जयसवाल और रूपनारायणपुर के हताथ कॉलोनी के व्यवसायी अजय दास आपस में जुड़े हुए हैं ।

# कोलियरियों के निजीकरण के विरोध में ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन



**संवाददाता। नितुरिया**

नितुरियाः ईसीएल के सोदपुर एरिया की दुबेश्वरी कोलियरी के समक्ष बुधवार को सभी ट्रेड यूनियनों ने कोलियरियों के निजीकरण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर नितुरिया पंचायत समिति के अध्यक्ष शांति भूषण प्रसाद यादव और ट्रेड यूनियन के नवनी चक्रवर्ती, तेज नारायण राम, सुजीत भट्टाचार्य, किनू चक्रवर्ती, सुशील डे, जानकी साव, रविशंकर भुइयां, अनिल सिंह, जय प्रकाश महतो, नारायण सिंह, हरे राम सिंह समेत कई ट्रेड यूनियन पदाधिकारी और दीघा पंचायत सदस्य नित्यानंद मंडल और भामुरिया ग्राम पंचायत सदस्य लगन पांडे उपस्थित थे। विरोध मंच पर सभी ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने कहा कि खनन क्षेत्र की दो खदानों (पारबेलिया कोलियरी और दुबेश्वरी कोलियरी) को किसी भी हालात में निजीकरण नहीं होने देंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि कोलियरियों के निजीकरण पर रोक लगाई जाए और कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जाए।

# आसनसोल क्लब के मैनेजिंग कमेटी के चुनाव को लेकर गहमागहमी

## चुनाव में सोमनाथ बिसवाल व अमरजीत सिंह बरारा में टक्कर

**खास बातें**

- मतदान सुबह 11 :30 से लेकर शाम 5 :00 तक






**संवाददाता। रानीगंज**

रानीगंजः आसनसोल क्लब के मैनेजिंग कमेटी के चुनाव को लेकर गहमागहमी चल रही है। 21 सितंबर को चुनाव होगा, जिसमें सुबह 11:30 से लेकर शाम 5:00 तक आसनसोल क्लब के सदस्य मतदान करेंगे। उसी दिन वोटों की गिनती होगी और विजयी प्रत्याशी की घोषणा भी होगी। आसनसोल क्लब में कुल 769 सदस्य हैं। अध्यक्ष पद के लिए सोमनाथ बिसवाल और सरदार अमरजीत सिंह बरारा अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रसार में लगे हुए हैं। सोमनाथ बिसवाल पिछले 4 वर्षों से लगातार अध्यक्ष पद पर हैं और क्लब का चौथा विकास कार्य उन्होंने किया है। सोमनाथ बिसवाल ने पत्रकारों को बताया कि उनके चार वर्षों के कार्यकाल में आसनसोल क्लब का चौतरफा विकास हुआ है और अभी भी काम चल रहा है। उन्होंने सदस्यों से अनुरोध किया कि 2 वर्ष का समय उन्हें और दिया जाए ताकि आसनसोल क्लब को पश्चिम बंगाल का सर्वश्रेष्ठ क्लब बना सकें। उनका समर्थन में भारी संख्या में सदस्यों का झुकाव देखा जा रहा है।

# पुरुलिया में ट्रक मालिकों की हड़ताल

## 7 सूत्री मांगों को लेकर तीन दिवसीय प्रदर्शन शुरू





**संवाददाता। पुरुलिया**

पुरुलियाः पुरुलिया जिला ट्रक वेलफेयर एसोसिएशन ने ७ सूत्री मांगों को लेकर ७२ घंटे की ट्रक हड़ताल का आह्वान किया है। यह हड़ताल ११ सितंबर से १[illegible] सितंबर तक तीन दिनों तक जारी रहेगी। फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन के आह्वान पर पुरुलिया जिले के ट्रक मालिक हड़ताल में शामिल हैं। बुधवार की सुबह से कोई भी ट्रक सड़क पर नहीं आया है। सुबह से ही ट्रक मालिकों और ड्राइवरों ने पुरुलिया शहर के बाहरी इलाके में पुरुलिया-बांकुड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। ट्रक मालिक और चालकों ने पुलिस और नागरिक स्वयंसेवकों के उत्पीड़न के विरुद्ध, वाहन रद्द करने की ऊपरी सीमा को २० साल तक बढ़ाने की मांग, एमवीआई और मोटर वाहन कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए हड़ताल में शामिल हुए। ट्रक मालिकों ने बताया कि ड्राइवर और मालिक लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसलिए आज तीन दिवसीय हड़ताल बुलाई गई है। ट्रक मालिकों ने कोई सकारात्मक आश्वासन नहीं मिलने पर आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। हड़ताल के कारण पुरुलिया जिले में सामानों की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। ट्रक मालिकों ने सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने 18 सूत्री मांगों को लेकर सर्किल एसआई ऑफ स्कूल को सौंपा ज्ञापन

## जो मांगें उनके लायक होंगी, उन्हें पूरा किया जाएगा : एसआई



**संवाददाता। बराकर**

बराकरः प्राथमिक शिक्षक संघ (पश्चिम बंग) की ओर से कुल्टी सर्किल के एसआई ऑफ स्कूल को 18 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव रंजीत पासवान ने कुल्टी सर्किल के नियामतपुर स्थित एसआई ऑफ स्कूल के कार्यालय में एसआई शुभदीप शशमल को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कुल्टी चक्र के कई शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थीं। एसआई ने मांगों को देखकर कहा कि इसमें से जो मेरे लायक होगा, उसे जरूर पूरा किया जाएगा और जो कार्य मेरे हाथ से बाहर है, उसे मैं अपने उच्च अधिकारियों को भेज दूंगा। इस अवसर पर जहांगीर रिजवी, जुल्फीकारा, तनवीर, रीना कुमारी, वंदना, लव कुमार, उत्तम कुमार, बिनोद श्रीवास्तव, रवीश राव सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं शामिल थीं।

### बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए पार्षद ने अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**बराकर :** कुल्टी के वार्ड 65 में बिजली आपूर्ति में हो रही दिक्कतों को लेकर पार्षद नदीम अख्तर उर्फ बबलु ने बराकर विधूत अभियंता को ज्ञापन सौंपा। पार्षद नदीम अख्तर ने बताया कि वार्ड 65 के रहिमपुरा इलाके में बिजली आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। यहां लगी केबल जगह–जगह टूट गई है और जर्जर अवस्था में है, जिससे टूटकर गिरने की संभावना है। स्थानीय लोगों में भय व्याप्त है। उन्होंने कहा कि वार्ड 65 के विभिन्न इलाकों में नियमित रूप से बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिससे बुजुर्ग, बच्चे, मरीज, विद्यार्थी और अन्य लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। यह समस्या काफी दिनों से चली आ रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, कहा-

# इलाज के अभाव में आदिम जनजातियों की हो रही मौत

- प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दिन-ब-दिन होती जा रही बदतर
- जांच कमेटी का गठन कर मौत के रहस्यों को सार्वजनिक करें

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल दिन-ब-दिन बदतर होता जा रहा है. आए दिन आदिवासी खासकर विलुप्त हो रहे आदिम जनजाति समाज के भाई-बहनों की मौत इलाज के अभाव में हो रही है. प्रशासन जिम्मेदारी लेने के बजाय एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहा है.

**साहिबगंज की घटना का किया जिक्र :** बाबूलाल ने साहिबगंज की घटना का जिक्र करते हुए कहा है कि सिमरिया गांव निवासी आदिम जनजाति पहाड़िया मथियम मालतो की छह साल की बेटी गोमदी पहाड़िन, जो डेंगू से पीड़ित थी, की इलाज के अभाव में अपनी जान चली गयी. पिता डॉक्टरों की तलाश में इमरजेंसी से लेकर ओपीडी तक भागते रहे, मगर कहीं भी डॉक्टर नहीं मिले, जिसके कारण पिता की गोद में ही बच्ची ने अपना दम तोड़ दिया.



**दुमका की घटना का किया उल्लेख :** बाबूलाल ने दुमका की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि गोपीकांदर प्रखंड के कुंडा पहाड़ी गांव विलुप्तप्राय पहाड़िया जनजाति की 19 वर्षीय गर्भवती महिला प्रिंसिका महारानी की समय पर एंबुलेंस और इलाज न मिल पाने के कारण जान चली गई. तीसरी घटना जामताड़ा जिले के करमाटांड प्रखंड के नेंगराटांड गांव की है, जहां अज्ञात बीमारी से पिछले 22 दिनों के अंदर आदिम जनजाति (पहाड़िया) परिवार के 8 सदस्यों की मौत हो गयी है. अभी भी 10 से अधिक लोग अलग अलग बीमारी से ग्रसित हैं.

**स्वास्थ्य विभाग लूट खसोट में लिप्त :** पत्र में कहा है कि झारखंड में समय पर इलाज न हो पाने के कारण आए दिन प्रदेशवासियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है. स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लूट-खसोट में लिप्त है. पैसे लेकर डॉक्टरों को मनचाहा पोस्टिंग देकर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित कर रही है. दूर-दराज के स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों का पदस्थापन नहीं रहने के कारण मरीज इलाज नहीं करा पा रहे हैं.

**मौत के रहस्यों को करें सार्वजनिक :** बाबूलाल ने सीएम से आग्रह किया है घटनाओं का संज्ञान लेते हुए एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन कर मौत के रहस्यों को सार्वजनिक करें. संलिप्त व्यक्ति,संस्था,डॉक्टर और अस्पतालों पर कड़ी करवाई करें. साथ ही साथ झारखंड के सभी लोगों के लिए इलाज के पुख्ता इंतजाम कराने के लिए समुचित कार्रवाई भी करें.

## एनआरईपी का ओपन टेंडर आज

**लातेहार।** टेंडर मैनेज का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है. पूरे राज्य में ऑनलाइन टेंडर हो रही है. जबकि लातेहार के कुछ विभागों में सिर्फ ऑफलाइन टेंडर किया जा रहा है. ऑफलाइन टेंडर में वैसे ही संवेदकों को शामिल किया जाता है जो किसी खास नेता, उग्रवादी और अपराधियों का वरदहस्त प्राप्त होते हैं.टेंडर मैनेज का खेल इस कदर जारी है कि जिले भर के संवेदकों का जमावड़ा लगा रहता है. टेंडर डालने के पहले यहां सक्रिय उग्रवादियों, अपराधियों, गैंगस्टरों और कतिपय राजनेताओं के के लोगों के द्वारा चुनिंदा लोगों को टेंडर डालने को कहा जाता है. जिसको लेकर ठेकेदारों में काफी भय का माहौल व्याप्त रहता है.

मंत्री ने किया गढ़वा प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में जन संवाद, सुनी ग्रामीणों की समस्या, बोले-

# जनता की उम्मीदों को पूरा करूंगा

**संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को गढ़वा प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में जन संवाद कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी. इस दौरान मंत्री ने गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत में धर्मडीहा स्कूल के समीप, कल्याणपुर इमामबाड़ा के मैदान में, जुटी स्कूल के समीप, जाटा पंचायत में करमडीह देवी धाम के समीप, करमडीह जमुआ के समीप, जाटा में छठ घाट के समीप, ढोटी चौक पर मदरसा के समीप, तेनार गांव में शिव मंदिर के समीप तथा पिपरा खुर्द में पुलिस लाइन के समीप आयोजित संवाद में ग्रामीणों की समस्याओं का निदान किया.

मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि जनता को झांसा दे कर चुनाव जीत जाना ही जनप्रतिनिधि का काम नहीं है. बल्कि जनता जिस उम्मीद एवं विश्वास के साथ अपना जनप्रतिनिधि चुनती है, उस विश्वास को बरकरार रखते हुए क्षेत्र में जनहित के कार्यों को करना, सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, क्षेत्र का विकास करना, जनता के बीच हमेशा रहना, उनके सुख-दुख का सहभागी बनना ही जनप्रतिनिधि का कार्य है. पूर्व के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय जनता के पास पहुंचकर येन केन प्रकारेन चुनाव जीत जाते थे. उसके बाद पूरे 5 साल जनता को अपनी हाल पर छोड़ देते थे. चुनाव समाप्त होने के बाद क्षेत्र में जनता कभी अपने जनप्रतिनिधि का चेहरा तक नहीं देख पाती थी. परंतु गढ़वा की जनता ने काफी सोच समझकर वर्ष 2019 में उन्हें मौका दिया. तब से वे दिन रात एक कर जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं. प्रतिदिन प्रत्येक गांव और टोला में खुद जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का निदान कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पूर्व में भी विधायक, मंत्री हुआ करते थे. आज भी वही विधायक आपके सामने है. मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में जितना काम किया है, उतना पिछले 40 वर्षों में भी गढ़वा विधानसभा में काम नहीं हुआ है.



जनता की समस्याओं को सुनते मंत्री मिथिलेश ठाकुर.

सरकार राज्य के अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखकर जनहित की सारी योजनाएं चल रही है. यही कारण है कि आज पूरे गढ़वा में ऐतिहासिक विकास कार्य हो रहा है. पूरे राज्य की जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है.

**बोले मंत्री मिथिलेश ठाकुर**

**गढ़वा की जनता ने काफी सोच समझकर वर्ष 2019 में मुझे मौका दिया. तब से वे दिन रात एक कर जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं**

उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छी तरह से सोच समझकर अपना सेवक चुनें, जो आपके बीच हमेशा रहकर आपके लिए कार्य करता है. वोट के ठेकेदारों के बहकावे में नहीं आना है. मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बैकुंठ सिंह, धनंजय, मंजर, इफ्तेखार, इसहाक, शहाबुद्दीन खां ,जाकिर हुसैन, विजय कुशवाहा, सुरेंद्र कुशवाहा, अनिरुद्ध कुशवाहा, नंदकुमार मेहता, अनिल मेहता, लल्लू कुमार मेहता, असलम अंसारी, दयाशंकर कुशवाहा, विनय कुमार मेहता, सुलेमान अंसारी, वकसू अंसारी, मनोज यादव, रामजवित मेहता, दानी विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार, विवेक कुमार, पूर्व मुखिया पप्पू, मुखिया अशोक चंद्रवंशी, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

पर्यावरणीय शर्तों के आधार पर कोर्ट से समय लेकर फॉरेस्ट शर्तों का उल्लंघन कर रहा एनटीपीसी

# कन्वेयर सिस्टम से कोयले की ढुलाई कर रहा एनटीपीसी

- महज कुछ सौ मीटर कन्वेयर तीन साल से अधूरा बताना संदेह के दायरे में

**ब्यूरो प्रमुख। रांची**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वन विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है, जिसमें राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि महारत्न कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा सड़क मार्ग से कोयले का परिवहन नियम-कानून के अनुसार करे. इसके लिए सरकार को एनटीपीसी को नियम-कानन के तहत कोयले की ट्रांसपोर्टिंग करने का निर्देश दिया गया है. सामाजिक कार्यकर्ता मंटू सोनी ने एनटीपीसी द्वारा नियमों की अनदेखी कर कोयल की गलत तरीके से ट्रांसपोर्टिंग किये जाने की शिकायत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से की गयी थी. सोनी ने एनटीपीसी द्वारा सड़क मार्ग से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग पर रोक लगाने की मांग की गयी है. उनका दावा है कि यह माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और कार्यालय ज्ञापन (ईसी) का दुरुपयोग कर महारत्न पीएसयू द्वारा वन मंजूरी फेज 2 और एनबीडब्ल्यूएल की शर्तों का उल्लंघन है. सोनी ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से शिकायत में बताया कि एनटीपीसी जानबूझ कर सड़क और कन्वेयर सिस्टम द्वारा कोयले का परिवहन कर रहा है.

एक तरफ एनटीपीसी का दावा है कि कन्वेयर सिस्टम का निर्माण कार्य अधूरा है, वहीं दूसरी ओर वह कन्वेयर सिस्टम से कोयले की ढुलाई भी कर रहा है. वहीं, सुप्रीम कोर्ट से पर्यावरण शर्त के आधार पर मात्र कुछ सौ मीटर कन्वेयर सिस्टम का काम पूरा करने करने में तीन साल लग गये और वन क्लेषेत्कर को लेकर वन विभाग द्वारा तय शर्तों का उल्लंघन कर कोयले का परिवहन किया जा रहा है. ऐसा करने के पीछे का मूल कारण कोयले की हेराफेरी बताया जा रहा है. कोयले की हेराफेरी का मामला खान विभाग और वन विभाग द्वारा कोयले के चालान की जांच में पकड़ा भी जा चुका है. एनटीपीसी द्वारा मंत्रालय से कहा गया है कि जब तक कन्वेयर सिस्टम नहीं बन जाता, सिर्फ वहीं तक सड़क मार्ग से कोयला परिवहन की अनुमति दी जाए. महज कुछ सौ मीटर कन्वेयर को अपूर्ण बताकर एनटीपीसी द्वारा सड़क और कन्वेयर सिस्टम दोनों से कोयले की ढुलाई की जा रही है.

समाजसेवी सोनी ने कहा है कि कन्वेयर सिस्टम कुछ सौ मीटर तक अधूरा है और एनटीपीसी तीन वर्षों से पर्यावरण मंजूरी के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय से बार-बार समय ले रहा है. और सड़क मार्ग से कोयला परिवहन की अनुमति केवल उसी स्थान से दी जानी चाहिए, जहां कन्वेयर बेल्ट का निर्माण अधूरा है. सड़क और कन्वेयर दोनों से कोयला परिवहन नहीं किया जा सकता. हाल के दिनों में झारखंड राज्य में अवैध तरीके से कोयला खनन के कारण मानव-हाथी संघर्ष में वृद्धि हुई है, जो चिंताजनकहै. जंगलों में हाथियों के मार्ग को बाधित कर दिया गया है. इस कारण हाथियों के झुंड को अपना मार्ग बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा है. इसके परिणामस्वरूप गांवों पर लगातार हमले हो रहे हैं. इसके अलावा, गांव व शहर की मुख्य सड़कों पर हाथियों को देखा जाना एक आम बात हो गई है. झारखंड की स्थिति एक गंभीर पर्यावरणीय मुद्दे को उजागर करती है, जहां अनियमित कोयला खनन और तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास मानव-हाथी संघर्ष को बढ़ा रहा है. केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय की आरटीआई प्रतिक्रिया से पिछले पांच वर्षों में ऐसे संघर्षों के कारण 462 लोगों की चिंताजनक मौत का पता चलता है, जिसमें अकेले 2021-22 में हुई 133 मौतें शामिल हैं.



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष:** धार्मिक यात्रा का योग है. समय बहुत ही अनुकूल है. धर्म-कर्म में मन लगेगा. स्वास्थ्य की चिंता समाप्त होगी. निवास संबंधी समस्या रह सकती है. कुसंगति से बचें. कर्ज लेना पड़ सकता है. वस्तुएं संभालकर रखें.

**वृष:** समय सामान्य है. किसी से वैचारिक मतभेद हो सकता है. सोचे कार्यों में सफलता मिलेगी. अवसरों को न जाने दें. परिवार के सदस्यों से मतभेद हो सकते हैं. लेनदारी वसूल होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मिथुन:** कार्यस्थल पर किसी से विवाद हो सकता है. आजीविका संबंधी चिंता का समाधान होगा. ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी. नई योजना बनेगी. मान-सम्मान मिलेगा. कार्यसिद्धि होगी. आपकी कार्यकुशलता से व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कर्क:** धन का आगमन होगा. कार्य में तरक्की की संभावना बढ़ेगी. रुका पैसा मिलेगा. पूजा-पाठ में मन लगेगा. कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. घर-बाहर तनाव रहेगा. व्यापार में लाभप्रद होगा.

**सिंह:** माता का सेवा में समय दे. शिक्षा में बदलाव होने की संभावना है. प्रापर्टी के विवाद हल होंगे. आजीविका में आने वाली रुकावटें दूर होने के योग हैं. यात्रा में सावधानी रखें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें.

**कन्या:** संतान के कार्यों से असंतोष रहेगा. मित्रों से अनबन होगी. सामाजिक सम्मान में कमी आएगी. वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है. कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे. शारीरिक कष्ट संभव है. गणेश जी को लड्डू का भोग लगावें.

**तुला:** आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रह सकेगी. आशा-निराशा की स्थिति रहेगी. अपने खर्च, लेन-देन पर नियंत्रण रखें. ऐश्वर्य पर खर्च होगा. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी. रोजगार मिलेगा. पुराने मित्र से मुलाकात होगी. मंदिर में झाड़ू दान करें.

**वृश्चिक:** विरोधियों पर विजय और रुके धन की प्राप्ति हो सकती है. शिक्षा के क्षेत्र में वांछनीय प्रगति होगी. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा. लेन-देन में सावधानी रखें. संकटमोचन का पाठ करें.

**धनु:** समाज में पूछ-परख बढ़ेगी, पर समय सामान्य है. दुःखद समाचार मिल सकता है. विवाद न करें. मेहनत अधिक, लाभ कम होगा. काम-धंधे की चिंता से मन उदास होगा. परिवार में कलह, क्लेश का माहौल रहेगा. सतर्कता रखें.

**मकर:** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. कोई बड़ा प्रयास सफल रहेगा. मान-सम्मान मिलेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. पैतृक संपत्ति के क्षेत्र में उन्नति होगी. विभिन्न स्रोतों से धन लाभ होने के योग हैं. जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं.

**कुंभ:** दिन बहुत ही उत्तम है. शुभ समाचार मिलेंगे. मान बढ़ेगा. धनार्जन होगा. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. अध्यात्म और विज्ञान में रुचि बढ़ेगी. नौकरी, राजनीति के क्षेत्र में भाग्योदय की संभावना है. घर में मांगलिक आयोजन होंगे.

**मीन:** पिता से लाभ होगा. सरकारी कार्य में गति मिलने से मन खुश होगा. वाहन की गति पर नियंत्रण रखना जरूरी है. आर्थिक उन्नति संबंधी शुभ समाचार प्राप्त होंगे. साझेदारी व्यवसाय में इच्छित लाभ के योग बनेंगे. अन्न दान करें.

81 विस सीटों को लेकर हुई रायशुमारी

# जमीनी स्तर पर उम्मीदवारों की पकड़ को आंक रही भाजपा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

- हर विधानसभा क्षेत्र से तीन उम्मीदवारों के नाम लिख कर बॉक्स में डाला गया

प्रदेश बीजेपी उम्मीदवारों के चयन के लिए फूंक-फूंक कर कदम रख रही है. हर विधानसभा क्षेत्र में जमीन स्तर में पकड़ रखने वाले नेताओं का आकलन किया जा रहा है. बुधवार को राज्य के सभी 81 विधानसभा सीटों में संभावित उम्मीदवारों लेकर रायशुमारी की गई. जानकारी के अनुसार हर विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से उम्मीदवारों की जानकारी ली गई. हर विधानसभा क्षेत्र से एक पदाधिकारी और एक कार्यकर्ता से अधिकतम तीन संभावित उम्मीदवारों के नाम मांगे गये. उम्मीदवार के नामों की सूची को बॉक्स में डाले गये.

**नाम चयन में इनको मिला मौका :** उम्मीदवारों के नाम चयन में जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल पदाधिकारी, मंडल और मोरचा के अध्यक्ष व महामंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश के प्रकोष्ठ, संयोजन सह संयोजक के साथ जिला मोरचा के पदाधिकारियों को उम्मीदवारों का नाम देने का मौका मिला.

**विधानसभा स्तर पर बनाई गई दो-दो टीम :** उम्मीदवारों के नाम चयन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए विधानसभा स्तर पर दो-दो टीम बनाई गई. अब हर सूची की स्क्रीनिंग होगी, जिसमें यह देखा जाएगा कि किस विधानसभा के लिए टॉप थ्री में कौन-कौन से नाम है.

**सील बंद बक्सा को प्रदेश कार्यालय में सौंपा जाएगा :** अब सील बंद बक्सा को प्रदेश कार्यालय को सौंपा जाएगा. इसके बाद प्रदेश स्तर के नेता प्रत्येक विधानसभा से आए नामों को शॉर्ट लिस्ट करेंगे. फिर इन नामों पर प्रदेश चुनाव समिति मंथन करेगी. इसके बाद इसे केंद्रीय चुनाव समिति के पास भेजा जाएगा.

# मानदेय भुगतान कराने की मांग को लेकर उत्पाद मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता। लातेहार**

जिले में संचालित सरकारी शराब दुकान के इंचार्ज व सहायकों ने पिछले तीन माह का मानदेय भुगतान कराने की मांग को लेकर प्रदेश के उत्पाद मंत्री बैद्यनाथ राम एवं उत्पाद अधीक्षक, लातेहार को ज्ञापन प्रेषित किया है. उन्होने अपने ज्ञापन में कहा है कि उन्हें पिछले जून, जुलाई और अगस्त माह के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है. इस कारण उनके समक्ष भीषण आर्थिक तंगी आ गयी है. घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया.

उन्होंने बताया कि मानव सेवा प्रदाता कंपनी केएस मल्टीफैसीलिटी सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा उनसे कार्य लिया जा रहा है. इस कंपनी के जिला समन्वयक नागेंद्र कुमार, फिल्ड आफिसर गुंजन सिंह व ऑडिटर अक्षत कुमार से मानदेय भुगतान की मांग की जाती है तो वे संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं. कर्मियों ने मानदेय भुगतान कराने की मांग की. ज्ञापन सौंपने वालों में अजीत कुमार, सुरज कुमार गुप्ता, चेतन कुमार, नागेंद्र प्रसाद, शशी कुमार, महादेव प्रसाद, आयुष कुमार, विक्रम कुमार, संजय प्रसाद, राहुल कुमार, राजू कुमार, दीपक साहू, राहुल प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, सतीष प्रसाद, आदि का नाम शामिल है.



# दहेज हत्या के आरोपी पति सास एवं ससुर को उम्र कैद

**संवाददाता। लातेहार**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति, सास एवं ससुर को उम्रकैद की सजा सुनाया है. प्रभारी जिला अभियोजन पदाधिकारी अशोक कुमार दास के अनुसार पल्हेया ग्राम निवासी मधु देवी की शादी 13 अप्रैल 2021 को सुनील सिंह के साथ हुई थी. शादी के बाद ससुराल वाले उससे पैसा और गाड़ी की मांग कर प्रताड़ित करते थे.महज छह माह के भीतर गत 26 सितंबर 2021 को मधु देवी का शव गांव के ही महुआ के पेड़ से लटकता पाया गया था. मधु देवी की माता प्रमिला देवी ने दामाद सुनील सिंह, सास सुष्मिता देवी एवं ससुर सतन सिंह के विरुद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का मुकदमा मनिका थाना कांड संख्या 99/ 2021 भादवि की धारा 304 बी के तहत दायर कराया था. अभियोजन पदाधिकारी श्री दास के अनुसार अनुसंधानकर्ता ने 8 फरवरी 2022 को मामले का अनुसंधान कर दहेज का आरोप सत्य पाते हुए अदालत में दहेज लोलूप पति, सास एवं ससुर के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था. इस मामले में अभियोजन ने कुल आठ गवाहों को पेश किया जबकि बचाव पक्ष के द्वारा दो गवाह पेश किए गए. दुबे की अदालत ने गत 11 सितंबर को मृत नव विवाहिता के पति सुनील सिंह, सास सुष्मिता देवी एवं ससुर शतन सिंह को दहेज हत्या का दोषी करार दिया था.

इंडस्ट्री ऑल ग्लोबल यूनियन का दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न

# बेस मेटल सेक्टर की वर्तमान परिस्थिति पर हुआ मंथन

**संवाददाता। किरीबुरु**

इंडस्ट्री ऑल ग्लोबल यूनियन द्वारा कोलकाता साल्टलेक में दो दिवसीय सम्मेलन 10 और 11 सितंबर (बेस मेटल सेक्टर इन इंडिया) कोलकाता में हुआ. इसमें दुनिया में बेस मेटल सेक्टर की वर्तमान परिस्थिति, सरकारी नीतियां, मांग, उत्पादन, रोजगार, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति, कांट्रेक्टर वर्कर को ज्यादा से ज्यादा स्थायी रोजगार देना और उसके आश्रित को मेडिकल की सुविधा में बढ़ोत्तरी, बेस मेटल सेक्टर की नवीनतम स्थिति, प्रवासी मजदूर, सुरक्षा आदि कई गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया. साथ ही मजदूरों को ट्रेड यूनियन की ट्रेनिंग देना, महिला मजदूर की यूनियन में ज्यादा से ज्यादा संलिप्तता और उसके कार्यस्थल और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देना, हेल्थ और आईएलओ में मजदूर की अधिकार की चर्चा हुई. सम्मलेन में देश के कई राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन इंडस्ट्रियल ऑल के सेक्रेटरी आशुतोष भट्टाचार्य, इंडस्ट्रियल आल साउथ एशिया रीजन और उनके टीम ने किया. सम्मेलन के मुख्य अतिथि आईएनएफएम के सदस्य और ऑल इंडिया स्टील, मेटल एवं माइंस के सेंट्रल जेनरल सेक्रेटरी, इंटक के रघुनाथ पांडेय, एसक्यू जामा, आईएनएफएम के सदस्य और सेंट्रल सेक्रेटरी, इंटक, कोलियरी थे. झारखंड ग्रुप ऑफ माइन्स, बीएसएल से बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन, इंटक के जोनल सेक्रेटरी तूफान घोष, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन, इंटक, चिड़िया के जोनल सेक्रेटरी नवल किशोर सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी, क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ, एचएमएस किरीबुरू के रमेश प्रधान, राजेश बेहरा, टेंसा- बरसुवा से एसके सिंह, टाटा स्टील नोवामुंडी माइंस से संजय कुमार दास, एनएमडीसी, छत्तीसगढ़ इंटक, ज्वाइंट सेक्रेटरी आशीष यादव तथा कई राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.



## पेज 1 का शेष

### मणिपुर एक साल से जल रहा...

समाज को तोड़ने वालों को नकारेंमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य तभी आगे बढ़ेगा, जब समाज के सभी वर्ग मिलजुल कर राज्य के विकास के भागीदार बनेंगे. समाज में बिखराव राज्य को कमजोर करता है. ऐसे में मैं आप सभी से यही कहना चाहता हूं कि समाज को तोड़ने वालों की पहचान कर उन्हें नकारें. हमारा प्रयास सभी का सहयोग लेकर इस राज्य की दशा और दिशा को बदलना है.

**20 वर्ष बनाम 4 वर्ष में हुए कार्यों का आकलन करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद 20 वर्षों में जो कार्य हुए और हमारी सरकार ने विगत साढ़े चार वर्षों में जितने कार्य किए हैं, उसका आप खुद आकलन कर लें. हमारी सरकार ने कोरोना के साथ-साथ कई अन्य चुनौतियों के बीच राज्य के विकास को गति देने का काम करती आ रही है. आज इस राज्य का कोई भी ऐसा घर नहीं है जो सरकार की योजनाओं से वंचित है.

**गोड्डा को 29 और देवघर 118**

**योजनाओं की मिली सौगातें :** मुख्यमंत्री ने आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में गोड्डा एवं देवघर जिले को कुल 339 करोड़ 60 लाख 1 हजार रुपए की 147 योजनाओं का तोहफा दिया. इसमें गोड्डा जिला अंतर्गत 192 करोड़ रुपए की 29 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास शामिल है, जबकि देवघर जिला अंतर्गत 6 करोड़ 81 लाख 66 हज़ार रुपए की 12 योजनाओं का उद्घाटन एवं 159 करोड़ 66 लाख 69 हज़ार रुपए की 106 योजनाओं का शिलान्यास संपन्न हुआ. इस अवसर पर इन दोनों जिलों के हजारों लाभुकों के बीच करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियां बांटी गई. इस कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, विधायक प्रदीप यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, पूर्व विधायक संजय यादव, संताल आयुक्त लालचंद दादेल, पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार गड़िदेशी, संजीव कुमार तथा उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

**सेमीफाइनल** जेएससीए वीमेंस टी20 लीग: धनबाद ड्रैगंस और रांची रॉयल्स फाइनल में पहुंची

# ड्रैगंस ने डायनामोज और रॉयल्स ने टाइटंस को हराया

- टॉस जीतकर दुमका डायनामोज ने 9 विकेट खोकर 80 रन बनाए. दुमका की ओर से सयाली ने 28 और सोनिया ने 27 रन बनाए. वहीं धनबाद की ओर से दुर्गा और आरती ने 3-3 विकेट लिए

**संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) द्वारा आयोजित झारखंड वीमेंस टी20 लीग में बुधवार को प्रतियोगिता का दोनों सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया. जिसमें धनबाद ड्रैगंस और रांची रॉयल्स ने फाइनल में प्रवेश किया. गुरुवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा. जेएससीए मुख्य स्टेडियम में धनबाद ड्रैगंस और दुमका डायनामोज के सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया.

टॉस जीतकर दुमका डायनामोज ने 9 विकेट खोकर 80 रन बनाए. दुमका की ओर से सयाली ने 28 और सोनिया ने 27 रन बनाए. वहीं धनबाद की ओर से दुर्गा और आरती ने 3-3 विकेट लिए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी धनबाद ड्रैगंस ने 4 विकेट खोकर 81 रन बना लिए और मुकाबले को 6 विकेट से जीत लिया. धनबाद की ओर से शशि ने 31 रन बनाए. धनबाद की आरती कुमारी को शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.



**रांची रॉयल्स ने जमशेदपुर टाइटंस को 10 रनों से हराया**

जेएससीए ओवल ग्राउंड में रांची रॉयल्स और जमशेदपुर टाइटंस के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया. टॉस हराकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रांची रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 109 रन बनाए. रांची की ओर से रश्मि गुड़िया ने 35 और ईशा केशरी ने 40 रनों की पारी खेली. जमशेदपुर टाइटंस की साक्षी ने 3 और सुधा ने 2 विकेट लिए. दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमशेदपुर टाइटंस की टीम 99 रनों पर ढेर हो गई. टीम की ओर से इला ने सर्वाधिक 36 रन बनाए. रांची रॉयल्स की सैंपी और नेहा ने 2 -2 विकेट झटके. ईशा केशरी के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

# जूनियर नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों ने जीते आठ पदक

- ताइक्वांडो के प्रशिक्षक रमेश गिरी ने कहा कि यह सिर्फ जीत नहीं है बल्कि उन सभी के लिए एक संदेश है कि अगर आप दृढ़ संकल्प लें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है

**संवाददाता। रांची**

जूनियर नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसायटी (जेएसएसपीएस) के खिलाड़ियों ने 8 पदक जीते. आगरा में 8 से 11 सितंबर तक आयोजित 41वीं जूनियर नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने आठ पदक जीते. इनमे छह स्वर्ण पदक और दो कांस्य पदक शामिल हैं. जेएसएसपीएस के ताइक्वांडो कैडेट - बबिता कुमारी (42 किलो वर्ग), संजना कुमारी (44 किलो वर्ग), ईशा कुमारी (46 किलो वर्ग), अनिशा कुजूर (52 किलो वर्ग), लता कुमारी (59 किलो वर्ग) और अमन मुंडा (59 किलो वर्ग) ने स्वर्ण पदक और शिवानी कुमारी व विकास कुमार मुंडा ने कांस्य पदक जीते. जेएसएसपीएस के ताइक्वांडो के प्रशिक्षक रमेश गिरी ने कहा कि यह सिर्फ जीत नहीं है बल्कि उन सभी के लिए एक संदेश है कि अगर आप दृढ़ संकल्प लें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है. जीत के बाद जेएसएसपीएस के सभी पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों ने बधाई दी.



# संजीदा सवालों के आरपार

भारतीय लोकतंत्र का यह त्रासद पहलू है कि चुनावों के समय राजनीतिक दल मर्यादा की सीमा का ध्यान नहीं रखते हैं. दो राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही झारखंड और महाराष्ट्र में भी चुनावों का एलान होना है. भारतीय लोकतंत्र की त्रासदी यह है कि चुनावों में जीत के लिए सहकार के मूल्यों की अवहेलना करने में कुछ राजनीतिक दल आगे रहते हैं. भाषा और आरोप में पिछले कुछ सालों से मर्यादा की तमाम सीमाओं का अतिक्रमण हो रहा है. झारखंड में जिस तरह गिद्ध और चील के उदाहरण दिए जा रहे हैं, वे सामान्य नहीं है. बेहतर होता कि ऐसी शब्दावलियों से बचा जाता, लेकिन जिस तरह झारखंड में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का कार्ड खेला जा रहा है और बार-बार सत्तापक्ष के दलों में तोड़फोड़ की बात की जा रही है, उसकी गंभीरता को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. झारखंड सरकार ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिख कर भाजपा के दो नेताओं पर राज्य में नफरत फैलाने और अफसरों को धमकाने की शिकायत की है. खबरों के अनुसार चुनाव आयोग ने कहा है कि चूंकि राज्य में अभी आदर्श आचार संहिता लागू नहीं है, इसलिए वह कुछ नहीं कर सकता. असम के मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री पर नफरत फैलाने को लेकर सरकारी पत्र में शिकायत की गयी है. इससे इतना तो जाहिर होता ही है कि हमारे देश की राजनीति किस मुकाम पर है. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह भी आरोप लगाया है कि विधायकों को खरीदने की लिए थैली खुली हुई है. भाजपा के सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा कह चुके हैं कि कांग्रेस के 14 और झामुमो के तीन विधायक उनके संपर्क में हैं. अभी ज्यादा वक्त नहीं गुजरा है, जब झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पाला बदल की घटना को अंजाम दिया गया. सवाल है कि अब चुनाव दरवाजे पर खड़ा है तो इस तरह की बयानबाजी क्यों की जा रही है. पिछले पांच सालों से राज्य में हेमंत सरकार को गिराने के अनेक विफल प्रयास हुए. पूछा जाना चाहिए कि चुनावों में सकारात्मक एजेंडा के साथ उतरने में राजनीतिक दलों को भय क्यों होता है. दलबदल कराने की परिघटनाओं के कारण देश में लोकतंत्र मजबूत तो नहीं ही हुआ है. विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में आरोप लगाया कि भारत में हुए चुनाव नियंत्रित थे. यह एक गंभीर आरोप है. दरअसल महाराष्ट्र में जिस तरह सरकार गिराने का खेल किया गया था, उससे भारतीय संवैधानिक लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंची थी. लोकतंत्र की मर्यादा का हनन जिन मुख्य कारणों से होता है, उसमें दल बदल एक बड़ा कारक है. इसके साथ ही नफरत का जिस तरह का माहौल बना दिया गया है. वह भी राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक गरिमा के लिए खतरनाक है. लोकतंत्र को पटरी पर लाने के लिए न केवल समतल धरातल पर चुनावी प्रक्रिया की जरूरत है, बल्कि राजनीतिक दलों में वैचारिकता भी जरूरी है. समय आ गया है कि विकारों से जल्दी मुक्त हुआ जाए.

> झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह भी आरोप लगाया है कि विधायकों को खरीदने की लिए थैली खुली हुई है. भाजपा के सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा कह चुके हैं कि कांग्रेस के 14 और झामुमो के तीन विधायक उनके संपर्क में हैं.

## सुभाषित

**दिवसेनैव तत् कुर्याद् येन रात्रौ सुखं वसेत् ।**
**यावज्जीवं च तत्कुर्याद् येन प्रेत्य सुखं वसेत् ।।**

दिन भर ऐसा काम करो जिससे रात में चैन की नींद आ सके. वैसे ही जीवनभर ऐसा काम करो जिससे मृत्यु पश्चात सुख मिले. दिन में ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे रात में नींद ही गायब हो जाए. इसी प्रकार जीवन में कई ऐसे नीच काम होते हैं, जिनसे मृत्यु के पश्चात दुःख मिलता है.

# सियासी तूफान के बीच नई सियासत

**कांग्रेस और राष्ट्रीय स्वयं-सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा की बुनियाद में फर्क है. इस फर्क का प्रभाव इनकी राजनीति और राजनीतिक दृष्टि में भी दिखाई पड़ता है; जनता के जीवन-बोध, जीवनयापन के अवसरों और सामाजिक सरोकारों पर भी इसका असर पड़ता है. सियासी तूफान के संकेत मिल रहे हैं. जनता दल यूनाइटेड के नेता केसी त्यागी राष्ट्रीय प्रवक्ता के दायित्व से मुक्त हो गये हैं या कर दिये गये हैं.**



• देश-काल



प्रफुल्ल कोलख्यान

अब सामने विधानसभा के चुनाव और आम चुनाव के नतीजों के बाद भावनाओं के ज्वार का नया दौर शुरू हो चुका है. लोकतंत्र की जमीन पर राजनीतिक जख्मों के निशानों को पहचानने की कोशिशें जारी हैं. राजनीतिक मरहम-पट्टी की कोशिशें की जा रही हैं. लेकिन सत्ताधारी दल के प्रवक्ताओं को पूरी छूट है कि वे अपने-अपने राजनीतिक जख्मों की मरहम-पट्टी के साथ-साथ विपक्ष के राजनीतिक जख्मों को कुरेदने की ताक में सावधानी और 'मजबूती' से लगे रहें. जख्मों को कुरेदने की इसी प्रवृत्ति के चलते राजनीति का मौसम फिर दबाव और प्रभाव में है. मूल बात यह है कि भारत के लोकतंत्र के मूल्यों में गिरावट का खतरा अभी भी बना हुआ है. राजनीतिक दलों के लिए लोकतंत्र की अपनी-अपनी 'परिभाषाएं' हैं. राजनीतिक दल अपनी-अपनी विचारधारा के अनुसार लोकतंत्र को परिभाषित करती हैं. लोकतंत्र की उनकी परिभाषा जो भी हो, सवाल यह बनता है कि वह परिभाषा संविधान की मूल भावना की संगति में है या नहीं ! मूल्य-बोध का संबंध विचारधारात्मक अवधारणाओं से होता है.

विचारधाराओं में सांस्कृतिक, लोकतांत्रिक, संवैधानिक अवधारणाओं में फर्क से सांस्कृतिक, लोकतांत्रिक, संवैधानिक और नागरिक मूल्य-बोध में फर्क पैदा हो जाता है. कांग्रेस और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा की बुनियाद में फर्क है. इस फर्क का प्रभाव इनकी राजनीति और राजनीतिक दृष्टि में भी दिखाई पड़ता है; जनता के जीवन-बोध, जीवनयापन के अवसरों और सामाजिक सरोकारों पर भी इसका असर पड़ता है.

सियासी तूफान के संकेत मिल रहे हैं. जनता दल यूनाइटेड के नेता केसी त्यागी राष्ट्रीय प्रवक्ता के दायित्व से मुक्त हो गये हैं या कर दिये गये हैं. केसी त्यागी समाजवादी विचारधारा, दल और आंदोलन से जीवन भर जुड़े रहे हैं. समाजवादी आंदोलन और विचारधारा के विभिन्न संस्करण बनते-बिगड़ते रहे हैं. भारत में समाजवादी दल के गठन, विभाजन, विखंडन और विभ्रम के इतिहास में फिलहाल जाना जरूरी नहीं है. फिलवक्त इतना उल्लेख करना ही काफी है कि अभी राष्ट्रीय जनता दल (तेजस्वी यादव), समाजवादी पार्टी (अखिलेश यादव) लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास : चिराग पासवान), राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (पशुपति कुमार पारस), जननायक जनता पार्टी (दुष्यंत सिंह चौटाला) और भारतीय राष्ट्रीय लोकदल (अभय सिंह चौटाला) सभी समाजवादी विचारधारा की पृष्ठ-भूमि से जुड़े राजनीतिक दल हैं.

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का व्यक्ति मालिकाना में हो जाना जितना अ-वांछनीय है, उससे कहीं अधिक खतरनाक है दलों का 'स्थाई बहुमत के जुगाड़' के आधार पर जाति आधारित वोट बैंक का व्यक्ति के एकाधिकार में फंस जाना. आज उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव का और बिहार में तेजस्वी यादव के स्थाई बहुमत के जुगाड़ को किसी दूसरे 'यादव' के द्वारा हिलाना तो दूर, छूना भी मुश्किल है. विडंबना है कि अपने राजनीतिक एकाधिकार के जुगाड़ में लगे नेताओं से हमारा लोकतंत्र उम्मीद रखता है कि वे राज्य-शक्ति की एकाधिकार और सर्वसत्तावाद की प्रवृत्ति से जूझेंगे. समाजवादी पृष्ठ-भूमि के नेता केसी त्यागी के नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता के दायित्व से मुक्त होने या किये जाने की घटना को इस परिप्रेक्ष्य में समझना जरूरी है.

एक बहुत ही सशक्त नागरिक आक्रोश और हलचल का राजनीतिक अपचालन करने की भारतीय जनता पार्टी की कोशिश को विफल करने में कामयाब होती दिख रही है. ममता बनर्जी और उनकी तृणमूल कांग्रेस इंडिया अलायंस से जुड़ी हुई हैं.

जाहिर है कि इस घटना के प्रतिवाद और प्रतिरोध की जरूरत और जटिलताओं की संवेदनशीलता को समझना और स्वीकार करना होगा. 'न्याय चाहिए' की गुहार करते हुए यह धरना-प्रदर्शन-आंदोलन पूरी तत्परता से चल रहा है. इस समय पश्चिम बंगाल विधानसभा के विशेष अधिवेशन में यौन हिंसा और हत्या के मामलों में प्रस्तावित नये कानून पर चर्चा जारी है.

यह ठीक है कि सभ्यता के विकास में आगे बढ़ने, आगे बढ़कर जीत का दावेदार बनने, कब्जा करने जैसी प्रवृत्तियों का योगदान रहा है. इस योगदान में भारी उथल-पुथल की भी कोई परवाह नहीं करने की भी प्रवृत्ति रही है. समाज और राज्य व्यवस्था में सहयोगिता-हीन प्रतिद्वंद्विता से निहायत निरीह लोगों की जिंदगी तहस-नहस और तबाह होती रही है.

जिंदगी को तहस-नहस और तबाही से बचाने और साथ ही सभ्यता विकास में निहित बुनियादी प्रवृत्तियों को संतुष्ट करने के लिए खेल प्रतियोगिताओं और भावनाओं का इंतजाम किया गया. सबसे बड़े खेल आयोजन ओलंपिक के इतिहास की खोजबीन की जा सकती है.

जिंदगी को तहस-नहस और तबाही से बचाने में प्रतिद्वंदिता के साथ ही सहयोगिता की भी भूमिका होती है. समाज और राज्य व्यवस्था में स्वस्थ प्रतिद्वंदिता और सहयोगिता में समकारक संतुलन को सुनिश्चित करने के लिए लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का विकास हुआ है. भारत की राजनीति की समस्या यह है कि दल के बाहर सहयोगिता-हीन प्रतिद्वंद्विता के कारण लोकतंत्र का संवैधानिक संतुलन आज पूरी तरह से बिगड़ गया है. राजनीतिक 'प्रतिद्वंद्विता' राजनीतिक दुश्मनी के साथ-साथ सामाजिक वैमनस्य को बढ़ाने और 'सहयोगिता' राजनीतिक रूप से फुसलाने-रिझाने की धूर्त तरकीब बनकर रह गई है वही साम-दाम-दंड-भेद. राजनीतिक दल के भीतर स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता के लिए कोई सम्मानजनक जगह बची नहीं और स्थाई बहुमत के जुगाड़ के लिए समर्थकों को फुसलाने-रिझाने से अधिक सहयोगिता की कोई भूमिका नहीं है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. एसके पाण्डेय



## सनातन धर्म का विज्ञान

सनातन धर्म विज्ञान जैसा है. इसे समझने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और गणितीय तर्क की जरूरत है. इसलिए सनातन धर्म के ग्रंथ को पढ़ते समय सावधानी चाहिए. जैसे उदाहरण के लिए मान लीजिए आप श्रीरामचरितमानस पढ़ रहे हैं. अब आप को कहीं विरोधाभास लगता है. तो समझना चाहिए कि हमारे अर्थ में कहीं समस्या हो रही है. हम सही अर्थ नहीं जान पा रहे हैं. क्योंकि सनातन धर्म रुपी विज्ञान में विरोधाभास नहीं होता है. आधुनिक विज्ञान केवल 'कल्पना और 'परिकल्पना' पर ही आधारित है. यदि इन दोनों को निकाल दिया जाय तो सब कुछ शून्य हो जायेगा.गणित के अध्ययन में जब कोई विरोधाभासी परिणाम आ जाता है. तो हमें अपनी परिकल्पना को सही करना पड़ता है. और कहना पड़ता है कि ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि मेरी परिकल्पना गलत है. यही नियम सनातन धर्म के सद्ग्रंथों यानी श्रीरामचरितमानस पर भी लागू होता है. लेकिन अहिंसा का मतलब यह नहीं है कि कोई हमें जान से मारने पर उतारू हो जाय अथवा अपने देश पर आक्रमण कर दे तो भी हम कहें कि 'परम धरम श्रुति विदित अहिंसा'. इस स्थिति में श्री हनुमान जी के कथन 'जो मोहि मारा तेहिं हम मारे' का पालन करना चाहिए. आधुनिक समय के कानून में यह 'सेल्फ डिफेंस' के अंतर्गत आता है. हनुमान जी ने इस नियम का पालन करके अपनी भी रक्षा कर ली और धर्म की भी. अहिंसा का मतलब यही है कि अनावश्यक हिंसा नहीं करनी चाहिए. अपने स्वार्थ और लाभ के लिए किसी की हिंसा नहीं करनी चाहिए. जहाँ तक संभव हो हिंसा से बचना चाहिए और जब लगे कि अब बिना हिंसा के प्राण नहीं बचेंगे तब इस स्थिति में हिंसा कर सकते हैं. कुलमिलाकर किसी को भी सताना नहीं चाहिए. हिंसा पाप है. अधर्म है. गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं-परनिंदा सम अघ न गिरीसा. वेदों के अनुसार दूसरे की निंदा करने के समान कोई भारी पाप नहीं है. अतः हमें किसी की भी निंदा नहीं करनी चाहिए. सामान्यतः निंदा पीठ पीछे ही की जाती है. लेकिन जब व्यक्ति को पता चलता है कि हमारी निंदा हुई है या की गई है तो उसे पीड़ा होती है. इस प्रकार परपीड़ा के हिसाब से भी यह अधर्म हुआ. जीवन व्यर्थ के काम करने के लिए नहीं बल्कि सार्थक काम करने के लिए मिलता है.

# जलवायु परिवर्तन और नाइट्रोजन उत्सर्जन

• जलवायु

ऋतुपर्ण दवे

जलवायु परिवर्तन के लिए जितने भी ज्ञात और चर्चित कारण हैं, उनमें अब नाइट्रोजन भी एक नया नाम बन गया है. ऐसा लगता है कि लंबे समय तक इस पर वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने ध्यान नहीं दिया. सिंथेटिक उर्वरकों के उपयोग, अपशिष्ट जल के निर्वहन और जीवाश्म ईंधन के दहन से बढ़ता नाइट्रोजन का प्रभाव एक बड़ा खतरा है. यह भूमि, जल और वायु को प्रदूषित कर जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देता है और ओजोन परत को भी नुकसान पहुंचाता है. दरअसल, इस सच्चाई तक पहुंचने में साक्ष्य, प्रमाण और वास्तविकताओं से तालमेल बिठाने में लंबा समय लगा. अब खेती-किसानी से लेकर पशुपालन में इसके भरपूर उपयोग को जलवायु परिवर्तन का उतना ही दोषी माना जा रहा है, जितना मानव जनित कॉर्बन डाइऑक्साइड और मीथेन को. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी यूएनईपी प्रतिक्रियाशील नाइट्रोजन के बारे में हालिया प्रकाशित फ्रंटियर्स रिपोर्ट बेहद चौंकाती है. साल 2018-2019 में तमाम अध्ययनों के बाद जारी चेतावनी में नाइट्रोजन प्रदूषक को खतरनाक बताया गया. लेकिन वैज्ञानिक अब भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं. यह ऐसा मिश्रण बनकर सामने आया, जो स्वास्थ्य, जलवायु तथा पारिस्थितिक तंत्र यानी ईको सिस्टम के लिए खतरनाक साबित हुआ. इससे जल और वायु दोनों की गुणवत्ता के साथ ग्रीन हाउस गैस संतुलन भी बेहद प्रभावित हुआ. इसने पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया. नाइट्रिक ऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के अलावा खेतों से उत्सर्जित अमोनिया भी इकोसिस्टम में पहुंच, दूसरी रासायनिक क्रियाओं के मेल से अम्लीय वर्षा तक के लिए जिम्मेदार दिखा. एयरकंडीशनर और फ्रिज में भरी जाने वाली गैस हाइड्रोफ्लोरोकार्बन्स यानी एचएफसी गैसें भी नाइट्रोजन ट्राइफ्लोराइड यानी 'एफ श्रेणी की बेहद खतरनाक गैसों' में है, जो पर्यावरण के लिए कितनी खतरनाक है, सर्वविदित है. वैज्ञानिकों ने पर्यावरणीय आंकड़ों के विश्लेषण के बाद जारी हालिया शोध पत्र में कहा कि नाइट्रस ऑक्साइड के उत्सर्जन में हुई भारी वृद्धि खेती-किसानी और पशुपालन गतिविधियों के चलते हुई, लेकिन उतना ही सच यह भी है कि अज्ञानतावश ही इसे रोकने या कम करने की कोशिशें नहीं हुईं. जिस तेजी से सिंथेटिक उर्वरकों और पशुपालन में नाइट्रस ऑक्साइड का उपयोग बढ़ा, दबे पांव उतना ही इसने वायुमण्डल को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया. स्टैनफोर्ड के वैज्ञानिक शोधों से सामने आया कि नाइट्रस ऑक्साइड इतना शक्तिशाली है कि एक पाउंड गैस 114 साल तक एक पाउंड कार्बन की तुलना में वातावरण को लगभग 300 गुना अधिक गर्म करती है. कहीं बेकाबू से बढ़ते तापमान के पीछे यही तो नहीं? वायुमंडल में इतने लंबे समय तक उपस्थिति और इसकी घातकता को समझ पाने में देरी तो हुई. नाइट्रस ऑक्साइड निश्चित रूप से समताप मंडल की ओजोन परत को नष्ट करने के साथ पृथ्वी को अधिक सौर विकिरण के संपर्क में लाकर नुकसान पहुंचाता है, जिससे फसल, मानव व अन्य जीव-जन्तुओं के स्वास्थ्य को गंभीर चुनौती पहुंचती है. इसके उत्सर्जन का लगभग 60 प्रतिशत प्राकृतिक तो 40 प्रतिशत मानवीय गतिविधियों से होता है. वैज्ञानिक अध्ययनों से इतना तो साफ हो गया है कि सन् 2020 के पहले के चार दशकों में ही इस गैस का उत्सर्जन 40 फीसदी बढ़ चुका था और दुनिया बेखबर थी ! अब स्थिति यह हो गई कि दो साल पहले यानी 2022 तक वातावरण में नाइट्रस ऑक्साइड की मात्रा उस स्थिति पर पहुंच गई, जो कथित औद्योगिक क्रांति के पहले के स्तर से 25 प्रतिशत ज्यादा है. अत्यधिक चिंता यह कि दुनिया में ऐसी तकनीक भी नहीं जिससे वातावरण से इसे हटाया या समाप्त किया जा सके. साल 1980 से 2020 के बीच नाइट्रस ऑक्साइड उत्सर्जन में 67 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज हुई. इसका कारण नाइट्रोजन आधारित खाद और जानवरों से निकलने वाले अपशिष्ट रहे. इसका खुलासा 58 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के अध्ययन पर आधारित रिपोर्ट 'ग्लोबल नाइट्रस ऑक्साइड बजट' में भी है. अब जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान की चर्चाओं में नाइट्रोजन प्रदूषक भी अहम है.**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> वैज्ञानिकों ने पर्यावरणीय आंकड़ों के विश्लेषण के बाद जारी हालिया शोध पत्र में कहा कि नाइट्रस ऑक्साइड के उत्सर्जन में हुई भारी वृद्धि खेती-किसानी और पशुपालन गतिविधियों के चलते हुई. लेकिन उतना ही सच यह भी है कि अज्ञानतावश ही इसे रोकने या कम करने कोशिशें नहीं हुईं.

# जम्मू-कश्मीर चुनावों के विभिन्न पहलू

• चुनाव

हरिहर स्वरूप

18 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2024 के बीच जम्मू और कश्मीर में दस साल बाद पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे - 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के पांच साल बाद पहली बार. 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों के साथ-साथ जम्मू और कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों के लिए भी चुनाव हो रहे हैं, जो राज्य में 1962 के विधानसभा चुनावों के समान हैं - जो केंद्र शासित प्रदेश बन गया है. 1962 के चुनाव उस साल फरवरी और अप्रैल के बीच देश भर में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के साथ-साथ हुए थे. स्वतंत्रता के बाद से जम्मू-कश्मीर का तीसरा चुनाव होने के बावजूद, 1962 के चुनाव भारत के चुनाव आयोग द्वारा पहली बार कराये गये थे. 1962 से पहले, 1957 में जम्मू-कश्मीर के चुनाव या 1951 में संविधान सभा (जम्मू-कश्मीर का संविधान बनाने के लिए चुने गये प्रतिनिधियों का एक निकाय) के चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार नहीं था. 17 नवंबर, 1956 को संविधान सभा ने भारत के संविधान के तहत जम्मू-कश्मीर के संविधान को अपनाया. यह निर्णय 26 जनवरी, 1957 को लागू हुआ, जबकि पूरे भारत में आम चुनाव की तैयारी चल रही थी. हालांकि, 1957 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव भी राज्य के संविधान के अनुसार ही हुए थे, लेकिन उनकी देखरेख सदर-ए-रियासत द्वारा नियुक्त चुनाव आयोग द्वारा की गयी थी. 26 जनवरी, 1960 को चुनाव कार्य को चुनाव आयोग को सौंपने के लिए राज्य के संविधान में संशोधन किया गया. जम्मू-कश्मीर 2024 में होने वाले चुनावों की तरह सुर्खियों में नहीं था. 71 रिटर्निंग ऑफिसर और 40 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर चुनावों का प्रबंधन कर रहे थे, और 18 लाख से ज़्यादा मतदाता थे. विधानसभा में सीधे चुनाव से 100 सदस्य थे, लेकिन 25 सीटें खाली रखी गयीं और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के इलाके को परिसीमन से बाहर रखा गया. दिलचस्प बात यह है कि पहले जम्मू-कश्मीर में 67 एकल-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र और चार दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र थे. लेकिन 1961 में, देश के दूसरे हिस्सों की तरह, दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों को समाप्त कर दिया गया और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए सिफ़र् एक सदस्य वाली सीटों पर ही आरक्षण दिया गया.जम्मू-कश्मीर में भी चार दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों को आठ एक-सदस्यीय सीटों में विभाजित कर दिया गया जिससे कुल सदस्य सीटों की संख्या 75 हो गयी. चुनाव आयोग के लिए 1962 के चुनाव कार्यक्रम को तय करने में सबसे बड़ी बाधा जम्मू-कश्मीर में मौसम था. दूसरी चुनौती यह थी कि इन चुनावों को पूरे भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के साथ-साथ आयोजित किया जाये. हालांकि चुनाव आयोग ने महसूस किया कि बर्फ से ढंके राज्य में चुनाव कराने के लिए अप्रैल सबसे उपयुक्त महीना था, लेकिन जम्मू क्षेत्र में 24 फरवरी को मतदान हुआ, जबकि कश्मीर और लद्दाख क्षेत्रों ने 15 मार्च, 1962 को अपने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का प्रयोग किया. यह निर्णय लिया गया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया 31 मार्च से पहले पूरी कर ली जायेगी. 1957 के विधानसभा चुनावों में, राज्य की प्रमुख राजनीतिक पार्टी जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के उम्मीदवार 43 सीटों पर निर्विरोध चुने गये. उस चुनाव में 75 विधानसभा सीटों में से जेकेएनसीने 69, प्रजा परिषद ने पांच और हरिजन मंडल ने एक सीट जीती. जेकेएनसी का चुनाव चिन्ह कांग्रेस जैसा ही था- एक जूआ ढोने वाले बैलों की जोड़ी. प्रजा परिषद का चुनाव चिह्न उगता हुआ सूरज था, जबकि हरिजन मंडल का चुनाव चिह्न खड़ा हुआ शेर था. 1962 के चुनावों में, जेकेएनसी के उम्मीदवार 34 सीटों पर निर्विरोध चुने गये. 41 अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में 140 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा. इन 41 सीटों में से जेकेएनसी ने 36, प्रजा परिषद ने तीन और दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने शेष दो सीटें जीतीं. अन्य दलों की जमानतें जब्त हो गयीं. चार निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ मतदान केंद्रों में गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के कारण नये सिरे से चुनाव कराने का आदेश दिया गया. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> जम्मू-कश्मीर 2024 में होने वाले चुनावों की तरह सुर्खियों में नहीं था. 71 रिटर्निंग ऑफिसर और 40 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर चुनावों का प्रबंधन कर रहे थे और 18 लाख से ज्यादा मतदाता थे. विधानसभा में सीधे चुनाव से 100 सदस्य थे, लेकिन 25 सीटें खाली रखी गयीं और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के इलाके को परिसीमन से बाहर रखा गया.

## मीडिया में अन्यत्र

# बीमा पॉलिसियों के लिए करों में बदलाव

**सन् 2024** के आम चुनाव के नतीजों के बाद दूसरी बार बैठक करते हुए, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने बीमा प्रीमियम भुगतान पर 18 फीसदी अप्रत्यक्ष कर लगाने के खिलाफ बढ़ते शोर को थामने की कोशिश की. जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के लिए करों में बदलाव की तत्काल सिफारिश करने के वास्ते मंत्रियों का एक नया समूह इस आश्वासन के साथ गठित किया जा रहा है कि परिषद अपनी रिपोर्ट पर निर्णय लेने के लिए नवंबर में फिर से बैठक करेगी. यह पिछले महीने के उस रवैये की तुलना में एक उल्लेखनीय बदलाव का प्रतीक है, जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में यह कहते हुए इस लेवी का दृढ़ता से बचाव किया था कि राज्य इस राजस्व का एक बड़ा हिस्सा कमाते हैं और इस मामले में केंद्र को निशाने पर लेने वाले सांसदों को इस मसले को राज्यों के मंत्रियों साथ उठाना चाहिए, क्योंकि वे परिषद के निर्णयों में एक पक्ष होते हैं. इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के डेढ़ साल बाद से परिषद के तत्वावधान में बीमा पर जीएसटी शुल्क के मुद्दे पर कम से कम तीन बार पुनर्विचार हुआ, लेकिन हर बार यथास्थिति को ही तरजीह दी गई. इस बार जो बात बिल्कुल जुदा है, वह यह कि खुद सरकार के अपनों ने भी इस भावना को दोहराया है. जहां केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर कर लगाने जैसा है, वहीं टीडीपी और जन सेना पार्टी जैसे भाजपा के अब महत्वपूर्ण सहयोगियों ने भी स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर कर को वापस लेने की मांग की है. शायद सरकार द्वारा चुनाव के बाद जीएसटी के भारी मासिक संग्रह का ढोल पीटने से बचने का फैसला कोई दीगर बात नहीं है, क्योंकि कई लोग इसे उपभोक्ताओं पर उच्च करों के एक जश्न के रूप में देखते हैं. सिर्फ स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम से जीएसटी राजस्व में 2021-22 और 2023-24 के बीच 54 फीसदी से ज्यादा का इजाफा हुआ, जिससे पिछले साल 8,262 करोड़ रुपये की आमदनी हुई. एक उम्मीद है कि परिषद द्वारा विचार किए गए स्वास्थ्य कवर पर जीएसटी में कोई भी कटौती, मिसाल के तौर पर ग्रुप या वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित या कवर पर एक सीमा के साथ वाली पॉलिसियों के लिए, चयनात्मक या सीमित नहीं है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि वे प्रीमियम के भुगतान के दौरान वास्तविक कटौतियों में तब्दील हो जाएं. **(द हिंदू)**





## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### देश/राष्ट्र

**जहां** डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, वो भारत देश है मेरा. फिल्म सिकंदर-ए-आजम के लिए लिखा राजेंद्र कृष्ण का यह गीत देश भक्ति की आदर्श अभिव्यक्ति है, जिसे मुहम्मद रफी की मधुर आवाज पराकाष्ठा तक पहुंचा देती है. हम भारतवासियों के बीच आपस में चाहे जितना भी मतभेद हो, लेकिन देशभक्ति की बात हो तो पूरा देश एक है. देश और राष्ट्र दोनों ही तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द हैं. शब्दकोशों ने इन दोनों को एक दूसरे का पर्यायवाची शब्द बताया है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार देश का मतलब है प्राकृतिक आधार पर विभाजित विशिष्ट भूभाग, एक शासन पद्धति के अंतर्गत आनेवाला मुल्क या राष्ट्र, एक राग. वहीं राष्ट्र का अर्थ लिखा है देश, राज्य, वह निश्चित भू-भाग जिसकी अपनी सीमा, जनसंख्या, सेना तथा सरकार हो. इसे अंग्रेजी में नेशन कहा जाता है. दोनों को एक समझे जाने के कारण प्रयोग की दृष्टि से देश और राष्ट्र को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है.इसका समाधान यही है कि दोनों के बीच के अंतर को समझ लिया जाये. राष्ट्र समान विशेषताओं और संस्कृति वाले लोगों का एक बड़ा समूह है. देश एक भौगोलिक क्षेत्र है, जिसकी सीमाएं होती हैं. देश की अपनी राष्ट्रीय सरकार होती है, जबकि राष्ट्र का अपना राष्ट्रीय चरित्र होता है. किसी देश की सीमाएं बदली जा सकती हैं, लेकिन इससे राष्ट्र का अस्तित्व नहीं बदलता. एक देश एक या एक से अधिक राष्ट्रों से मिलकर बना होता है और आमतौर पर इसकी सीमाओं के भीतर दूसरे देश भी होते हैं. इसका एक अच्छा उदाहरण संयुक्त राज्य अमेरिका है. संयुक्त राज्य अमेरिका में 50 अलग-अलग राज्य हैं, जिनमें से हर एक की अपनी सरकार और कानून हैं. राष्ट्र लोगों का एक बड़ा समूह होता है जो धर्म, भाषा, रीति-रिवाज और संस्कृति जैसी समान विशेषताओं को साझा करते हैं. एक राष्ट्र की सीमाएं साझा होती हैं, लेकिन देश की तरह उसकी अपनी सरकार और कानून नहीं होते. इसका एक उदाहरण इंग्लैंड और स्कॉटलैंड होगा. इंग्लैंड और स्कॉटलैंड राष्ट्र हैं, लेकिन उनकी अपनी सरकार और सीमाएं नहीं हैं.

# दैविक और भौतिक तापों से बचने के उपाय

• तीर-तुक्का

शशिकांत सिंह 'शशि'



रामराज्य में दैविक प्रकोप नहीं होते थे. सरकार को मुआवजे नहीं बांटने पड़ते थे. खजाने पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता था. केदारनाथ घाटी जैसी घटनाएं तो हो ही नहीं सकती थी. उन दिनों भगवान भोलेशंकर स्वयं घाटी की रक्षा करते थे. बाद में प्रदूषण के कारण पीछे हट गये. जब पहाड़ों पर व्यापरियों का कब्जा हो गया. कोल्ड ड्रिंक बनाये जाने लगे भगवन ने भी पहाड़ का साथ छोड़ दिया. दैविक प्रकोपों का एक कारण और है स्कूल के सिलेबस में भगवान की जीवनी होनी चाहिए. प्रार्थनाओं में आरती-वंदना तो अनिवार्य कर ही देना चाहिए. वैचारिक विरोध करने वालों को ठीक करने की एजेंसी को और मजबूत करने की जरूरत है. रही बात भौतिक की तो वह कभी नहीं होगी यदि विदेशी पूंजी आये. भारत में ही वस्तुओं का निर्माण हो. वस्तुओं के निर्माण से जो लाभ हो वह पूंजीपति और उद्योगपति के साथ-साथ सरकार को हो. आम जनता की जमीन लेकर पूंजीपतियों को दी जाये ताकि रामराज्य जल्दी से जल्दी आ सके. किसान तो सदियों से खेती करते आ रहे हैं. देश का विकास नहीं हो रहा है. अतः आधुनिक रामराज्य में किसानों की जमीनें छीन कर उद्योगपतियों को दे दी जायें. मालिकाना हक भी उनका न रहे. किसान चाहे तो आत्महत्या करके आवागमन के चक्करों से मुक्त हो सकता है. आम आदमी को दो जून की रोटी और एक वस्त्र चाहिए. उनके लिए भौतिक विकास के कोई मायने नहीं हैं लेकिन नेता, अभिनेता, मंत्री, व्यापारी, अधिकारी और खिलाड़ी इन लोगों को तो बात की बात में हवाई सफर करना पड़ता है. दिन में दस ड्रेस बदलने पड़ते हैं. उनको तीव्र भौतिक विकास की जरूरत है. तुलसीदास जी ने रामराज्य का वर्णन करते हुये लिखा है-रामराज राजत सकल धरम निरत नर-नारि, राग न रोष न दोष दुख सुलभ पदारथ चारि..स्पष्ट है रामराज्य तभी आयेगा जब धर्म को राष्ट्र का प्रधान काम घोषित कर दिया जाये. नागरिकों के लिए धरम का महत्व सबसे बड़ा होना चाहिए. सभी नागरिक धरम में लीन रहें. यही कारण है कि आज के संदर्भ में आवश्यकता अनुसार धर्म परिवर्त्तन अनिवार्य कर देना चाहिए. एक धर्म परिवर्त्तन मंत्रालय बनाकर बाबाओं को मंत्री बना देना चाहिए, ताकि समय-समय पर हिन्दू धर्म वालों को बताते रहें कि उनका परम कर्त्तव्य क्या है. उन्हें कितने बच्चे पैदा करना चाहिए. चार या आठ. इससे देश में धर्म-कर्म बढ़ेगा. राग और रोष तो बिल्कुल ही नहीं रहेगा. राग तो इसलिए नहीं रहेगा क्योंकि जो लोग दूसरे धर्म को मानते हैं उन्हें लगेगा कि यह मेरा देश नहीं है. राग इन परिस्थितियों में उत्पन्न ही नहीं होगा. रोष भी नहीं उपजेगा क्योंकि रोष करने वालों के घर पर पत्थर चलेंगे. उनकी टांग तोड़ दी जायेगी.

# लाइफ लाइन

## झारखंड के औषधीय वृक्ष

# आयुवर्द्धक होने के साथ सूजन, कुष्ठ, उदर रोग में लाभकारी

झारखंड का प्रमुख औषधीय वृक्ष में हर्रे या हरड़े भी है. ये जो फल, पत्र और वृक्ष देख रहे हैं वो मैकलुस्कीगंज के लोकप्रिय आदरणीया किटी मेम साहब के आवास पर लगे वृक्ष से लिया गया है जो लगभग 70 वर्ष पुराना वृक्ष है. इस औषधीय वृक्ष के फल को या वृक्ष को कई नाम से पुकारते हैं. जैसे हरितकी (हर्रे), अभया, पथ्या (पवित्रकारिणी), विजया अर्थात रोग को जीतने वाली, जीवंती अर्थात जीवनदायिनी इत्यादि संस्कृत नाम है. हिंदी में हर्रे या हरड़े और झारखंड में सर्वत्र इसी नाम से जानते हैं. बंगला में हर्त्तकी, लैटिन में टरमिनेलिया चेबुला कहते हैं.



**अनिल कुमार पाठक**
पारंपरिक चिकित्सक

हर्रे नेत्रों के लिए हितकारी, हल्की, आयुवर्द्धक, शरीर को पुष्ट करने वाली, वायु को शांत करने वाली, श्वास, प्रमेह, बवासीर, कुष्ठ, सूजन, उदर रोग, कृमि, विषम ज्वर, व्रण, वमन, हिचकी को हरने वाली औषधि है.

इसका स्वाद कसैला होता है. शराब का सेवन से मुक्ति पाने के लिए इसके एक छोटे टुकड़े को मुंह में प्रति दिन रखने चाहिए. शराब सेवन की इच्छा मन में नही आएंगी. यदि खांसी लगातार हो रही है तो इसको अग्नि में पका कर छोटे-छोटे टुकड़े कर रख लें और आवश्यकतानुसार एक दो टुकडा को मुंह में धारण करें तो आराम मिलता है. त्रिफला चूर्ण में हर्रे का महत्वपूर्ण योगदान है.

आयुर्वेद के अनुसार हर्रे की सात प्रजाति होती है अर्थात सात तरह के फल प्राप्त होते हैं. पहला विजया, दूसरा रोहनी, तीसरा पूतना, चौथा अमृता, पांचवां अभया, छठा जीवन्ती तथा सातवें को चेतकी कहते हैं. अभयारिष्ट नामक औषधीय दवा में हर्रे से ही बनती है. झारखंड में आज भी इसको एकत्र कर बेचा जाता है.

हरड़े का वृक्ष लगभग 150 फीट तक का होता है. महुआ के पत्तों की तरह ही इनके पत्र दिखते हैं. हरित वर्ण का, बीच बीच में नसें उभरी हुई होती है. पत्तों की औसत लंबाई 6 इंच से 10 इंच और चौड़ाई 1.5 इंच से 2.5 इंच होती है. बसन्त ऋतु में पतझड़ आते हैं और लगभग बीस पच्चीस दिन बाद कोमल कलियां आती हैं. फरवरी -मार्च महीने में मंजूरी देखने को मिलता है और इन मंजूरी से एक विशेष प्रकार का सुगंध वातावरण में पाया जाता है. अक्टूबर नवम्बर माह फल प्राप्त होते हैं. फल से लदे हुए वृक्ष की शोभा अपूर्व होती है. पकने पर पल पीलापन लिए हुए होता है. झारखंड में हरड़े वृक्ष बहुत देखने को मिल जाते थे. आदिवासी गण का जीवन में आय का एक साधन भी था. आजादी के बाद जंगल में औषधीय वृक्ष का सर्वे नही हुआ और ना विशेष संरक्षण प्रोजेक्ट बनाया गया. वृक्षारोपण कार्यक्रम के स्थान पर औषधीय पौधे का वन में ही पहचान कर संरक्षण और संवर्धन पर प्रोजेक्ट बनाया गया होता तो आज औषधीय वृक्ष हर्रे विलुप्त होने के कगार पर नहीं होते.

**(औषधीय पौधा की खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**सभी तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**



# फैल रहा मच्छर से यह रोग

**डेंगू-मलेरिया और चिकनगुनिया से इतर अमेरिका में एक और मच्छर जनित रोग स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा रहा है जिसे ईस्टर्न इक्वाइन इंसेफेलाइटिस (ईईई) या ट्रिपल ई वायरस के नाम से जाना जाता है.**

- **क्या है मामला**

अमेरिका में इस साल मच्छरों की वजह से फैलने वाले दुर्लभ वायरस से मौत भी हुई है. घटना न्यू हैंपशायर की है जहां पिछले एक दशक में ऐसा मामला नहीं आया था. अमेरिका में इस साल ट्रिपल ई वायरस के संक्रमण का यह पांचवां मामला है.

- **यहां हाई अलर्ट**

अमेरिकी प्रशासन का मानना है कि न्यू हैंपशायर, मैसाच्युसेट्स समेत आसपास के राज्यों में मच्छर जनित ट्रिपल ई वायरस का संक्रमण फैला हुआ है. इन राज्यों को हाई अलर्ट पर रखा गया है.

क्या है ट्रिपल ई वायरस?

ईस्टर्न एक्विन इंसेफलाइटिस वायरस (ट्रिपल ई) की प्रथम खोज 1938 में हुई थी. तब से लेकर अब तक न्यू हैंपशायर में 118 लोग संक्रमित हो चुके हैं. इसकी वजह से अब तक 64 लोगों की मौत भी हो चुकी है. इंसानों में यह वायरस सेंट्रल नर्वस सिस्टम पर हमला करता है. जिसकी वजह से दिमाग में सूजन आ जाती है. दर्द होता है. यह वायरस कई तरह की पक्षियों की प्रजाति से मच्छरों में होते हुए इंसानों तक पहुंचता है. इस वायरस को आमतौर पर ब्लैक-टेल्ड मॉसक्वीटो लेकर घूमता है. ज्यादातर पूर्वी अमेरिका, मेक्सिको और कैरिबियन में ही इसके मामले सामने आते हैं.

- **संक्रमण के लक्षण**

इसके लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, उलटी आना, डायरिया, सीजर अटैक, व्यवहार में बदलाव, थकान, नींद लगे रहना, फोकस बिगड़ना आदि शामिल है. जांच के लिए लक्षणों पर विचार किया जाता है. रीढ़ की हड्डी में मौजूद मैरो और खून की जांच की जाती है. अगर उनमें एंटीबॉडीज बनी हैं, तो आप संक्रमित हैं.



**डॉ मनीषा घई**
सीनियर कंसल्टेंट डाइटीशियन

क्या आप अपना अतिरिक्त वज़न कम करना चाहते हैं और एक स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना चाहते हैं? अगर हां तो इंटरमिटेंट फ़ास्टिंग को आज़माने पर विचार करें. लेकिन ऐसा करने से पहले, याद रखें कि यह ईटिंग पैटर्न तभी परिणाम देता है जब इसे सही तरीके से किया जाए.

## तन-मन को फिट करेगा

# इंटरमिटेंट फास्टिंग



इन दिनों रील्स देखते कब समय गुजर जाता, पता भी नहीं चलता. हेल्थ संबंधी भी कई रील्स होते हैं जिसमें कभी वेट लॉस जर्नी के टिप्स शेयर होते हैं तो कभी हेल्दी रेसिपी तो कभी कोई वेटलॉस ईटिंग पैटर्न. इन सबके बीच एक ईटिंग पैटर्न समय की कसौटी पर खरी उतरी है और कई लोगों के लिए इसकी प्रभावशीलता साबित हुई है. जी हां, हम बात कर रहे हैं इंटरमिटेंट फ़ास्टिंग की जिसे कोर्टनी कार्दशियन और जेनिफर एनिस्टन से लेकर मलाइका अरोड़ा और आर माधवन तक ने आजमाया और इसके गुण गाया. आइए आज के अंक में हम जाने कि इंटरमिटेंट फ़ास्टिंग क्या है, इसे कैसे सही तरीके से करें, इसे अपनाने के दौरान किस तरह की चुनौतियां सामने आती हैं और इन्हें कैसे दूर किया जा सकता है?

## क्या है इंटरमिटेंट फास्टिंग?

इंटरमिटेंट फास्टिंग खानपान का एक खास तरीका है, जिसमें खाने और उपवास के बीच बारी-बारी से समय-सीमा तय की जाती है. इससे व्यक्ति अपने स्वाद और स्वास्थ्य के बीच बेहतर तालमेल बैठा पाता है और तार्किक तरीके से वजन पर नियंत्रण रख पाता है. इंटरमिटेंट फास्टिंग में क्या खाना है, इस पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, यह आहार पद्धति इस बात पर जोर देती है कि कब खाना है. दिन में कुछ घंटों तक खाने को सीमित करके, आप बिना किसी कमी के कैलोरी की खपत को कम करना आसान पा सकते हैं. इस ईटिंग पैटर्न का उद्देश्य है खाने के समय अंतराल को कम करना और उपवास की अवधि को बढ़ाना ताकि बेहतर मेटाबॉलिज्म रहे.

## कितने तरह की इंटरमिटेंट फास्टिंग

इंटरमिटेंट फास्टिंग के कई तरीके हैं जिसमें फास्टिंग और ईटिंग पीरियड यानी खाने और उपवास की अवधि अलग-अलग होती है. आइए, इसके बारे में जानकारी हासिल करें-

**16/8 विधि :** इसमें 16 घंटे उपवास करना और 8 घंटे की अवधि में खाना शामिल है. यह सबसे लोकप्रिय और तुलनात्मक रूप से आसान तरीका है.

**5:2 आहार :** सप्ताह में पांच दिन सामान्य रूप से खाएं और दो दिनों में कैलोरी का सेवन लगभग 500-600 कैलोरी तक सीमित रखें.

**खाओ-बंद करो-खाओ :** इसमें सप्ताह में एक या दो बार 24 घंटे का उपवास शामिल है.

**वैकल्पिक-दिन उपवास :** इसमें उपवास के दिनों (बहुत कम कैलोरी सेवन) और खाने के दिनों के बीच बारी-बारी से शामिल है. मतलब एक दिन उपवास एक दिन सामान्य खानपान.

**वॉरियर या योद्धा डाइट :** पूरे दिन के दौरान थोड़ी मात्रा में कच्ची सब्जी या फल का सेवन किया जाता है और केवल रात में इच्छित व भरपूर भोजन किया जा सकता है.

## शरीर पर कैसे होता असर

इंटरमिटेंट फास्टिंग शरीर में इंसुलिन लेवल को कम करता है और ग्रोथ हार्मोन उत्पादन को बढ़ाता है. सेलुलर स्तर पर यह ऑटोफैगी को उत्तेजित करता है. ऑटोफैगी एक ऐसी प्रक्रिया है जो क्षतिग्रस्त कंपोनेंट्स को हटताी है. हार्मोन में बदलाव मेटाबॉलिक हेल्थ को बेहतर करता है और इससे शरीर की अतिरिक्त चर्बी हटती है. इस पूरी प्रक्रिया से कोशिकाओं की मरम्मती और कार्य में बेहतरी आती है. इंटरमिटेंट से ग्रोथ हार्मोन जो कि मांसपेशियों के संरक्षण यानि मसल्स प्रिजर्वेशन और फैट मेटाबॉलिज्म में निर्णयाक भूमिका निभाता है. कैलोरी सेवन को कम करके और कम इंसुलिन के स्तर और बढ़ी हुई मेटाबॉलिज्म रेट के माध्यम से फैअ बर्निंग को बढ़ावा देकर इंटरमिटेंट फास्टिंग एक प्रभावी वजन घटाने का तरीका हो सकता है.



वजन घटाने के अलावा, यह इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार कर सकता है, सूजन को कम कर सकता है और टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और न्यूरोडीजेनेरेटिव विकारों जैसी पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकता है. इसके अतिरिक्त, यह विधि मस्तिष्क के स्वास्थ्य को भी बढ़ा सकती है और दीर्घायु को बढ़ाने में योगदान दे सकती है.

## सभी के लिए नहीं

बेशक जिनकी दिनचर्या व्यवस्थित है और जो एक खास अवधि में ही खानपान की अनुमित को बिना बेचारा महसूस किए अपना सकते हैं, यह ईटिंग पैटर्न उन्हीं के लिए अनुकूल है. जिन्हें खानपान संबंधी कोई रोग है, कोई खास मेडिकल स्थिति से गुजर रहे हैं, डायबिटीज, हाईपोग्लाइसेमिया, गर्भावस्था हो या फिर बच्चे को अपना दूध पिलाने वाली महिलाएं हों, उनके लिए यह उपयुक्त नहीं हो सकता. बेहतर होगा ऐसी स्थिति में अपने चिकित्सक की सलाह से ही कोई कदम उठाएं.

## इसके दुष्प्रभाव भी हैं

भूख सबसे आम समस्या हो सकती है. कुछ लोगों को कम ऊर्जा का स्तर महसूस हो सकता है. खाने के पैटर्न में बदलाव से कब्ज या पेट फूलने की समस्या हो सकती है, और कुछ लोगों के लिए उपवास के दौरान चिड़चिड़ापन (या शायद भूखा रहना) महसूस करना काफी आम बात है. इस आहार पद्धति की नई-नई शुरुआत से कुछ लोगों को सिरदर्द या चक्कर की शिकायत हो सकती है, खासकर अगर वे उपवास के दौरान पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ या इलेक्ट्रोलाइट्स का सेवन नहीं कर रहे हों. कई लोगों में माइक्रो न्यूट्रिशंस की कमी से बालों के झड़ने और अनिद्रा की शिकायत हो सकती है.

## क्या है सही तरीका

विशेषज्ञों का कहना है कि इंटरमिटेंट फ़ास्टिंग काफ़ी हद तक आपकी जीवनशैली, व्यक्तिगत प्राथमिकताओं और स्वास्थ्य लक्ष्यों पर निर्भर करता है. इंटरमिटेंट फ़ास्टिंग का सही तरीका वह है जो आपकी दैनिक दिनचर्या में सहजता से फ़िट हो जाए, जिससे आप निरंतरता बनाए रख सकें और वांछित स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें. कुछ लोग नाश्ता छोड़ना और दोपहर से रात 8 बजे तक खाना पसंद करते हैं, जबकि अन्य लोग रात का खाना जल्दी खाना पसंद करते हैं, रात भर उपवास करते हैं. मुख्य बात है निरंतरता, पोषक तत्वों से भरपूर भोजन चुनना और उपवास के दौरान हाइड्रेशन बनाए रखना ताकि समग्र स्वास्थ्य का समर्थन हो और ऊर्जा का स्तर बनाए रखा जा सके. कुछ आदर्श खाद्य विकल्पों में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ, नट्स और बीज जैसे स्वस्थ वसा और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ शामिल हैं. इंटरमिटेंट फ़ास्टिंग के हिस्से के रूप में भोजन छोड़ना आम तौर पर सुरक्षित होता है अगर इसे सही तरीके से किया जाए और इससे अत्यधिक कैलोरी प्रतिबंध या पोषक तत्वों की कमी न हो. हालांकि, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि खाया जाने वाला भोजन पौष्टिक और संतुलित हो. याद रखें कि अगर ठीक से प्रबंधित न किया जाए तो भोजन छोड़ने से पोषक तत्वों की कमी, मांसपेशियों की हानि, हार्मोनल असंतुलन, खाने के विकार और ऊर्जा असंतुलन हो सकता है.

## मिड नाइट क्रेविंग

पूरे दिन हेल्दी खाना खाने के बाद भी रात की लंबी अवधि का उपवास कई बार परेशान कर सकता है. ऐसे में ये टिप्स मिडनाइट क्रेविंग को नियंत्रित करने में कारगर हो सकते हैं.

**हाइड्रेटेड रहें :** प्यास को अक्सर भूख समझ लिया जाता है. पानी या हर्बल चाय पीने से लालसा को कम करने में मदद मिल सकती है.

**प्रोटीन युक्त स्नैक्स :** अगर लालसा बहुत ज़्यादा है, तो एक छोटा, प्रोटीन युक्त स्नैक (जैसे मुट्ठी भर नट्स या उबला हुआ अंडा) आपके उपवास को ज़्यादा प्रभावित किए बिना खाया जा सकता है.

**संतुलित भोजन :** सुनिश्चित करें कि उपवास अवधि से पहले आपका अंतिम भोजन संतुलित हो, जिसमें प्रोटीन, स्वस्थ वसा और फाइबर शामिल हों, ताकि आप लंबे समय तक भरे रहें.

**बेहतर नींद :** खराब नींद से लालसा बढ़ सकती है, खासकर मीठे खाद्य पदार्थों के लिए मन ललच सकता है. सुनिश्चित करें कि आपकी नींद का शेड्यूल नियमित हो और नींद के लिए अनुकूल वातावरण हो.

**दूसरी तरफ मन लगाएं :** अगर लालसा होती है, तो रुकें और आकलन करें कि क्या यह वास्तव में भूख है या बस एक आदत है. पढ़ने या गहरी सांस लेने जैसी गतिविधि से खुद का ध्यान खाने से अलग करें.

**दिनचर्या में समायोजन :** यदि मध्य रात्रि में भी भूख बनी रहती है, तो अपने उपवास शुरू करने से पहले ईटिंग विंडो में एक और मील या स्नैक शामिल करें..

## शुरू करने से पहले

- यह जरूरी है कि आप अपने शरीर की खास जरूरतों को समझें और जाने कि उपवास करने पर कैसी शारीरिक-मानसिक प्रतिक्रिया होती है. अपनी भूख और एनर्जी लेवल के अनुसार ही निर्णय लें.
- हमेशा बहुत ध्यानपूर्वक अपने मील को प्लान करें. ईटिंग विंडो यानी जब आप खाना खा सकती हैं, उस अंतराल में लिए जाने वाले आहार में क्या पोषण है, इस पर ध्यान दें. इस दौरान अस्वास्थकर खाना नहीं खाएं.
- सकारात्मक मानसिकता बनाए रखें और इस जीवनशैली परिवर्तन को अपनाते समय धैर्य रखें. ऐसा करने से दीर्घकालिक सफलता मिलेगी और भोजन के साथ स्वस्थ संबंध को बढ़ावा मिलेगा.
- यदि आप प्रतिकूल प्रभावों का अनुभव करते हैं, तो चिकित्सक या डाइटीशियन से परामर्श करने से न हिचकिचाएं.

# जगह पर वापस आएगी नाभि, करें ये योगासन




**जगदीश सिंह**
योग इंस्ट्रक्टर

**भारी वजन उठाने, ऊंची जगह से कूदने, तेज दौड़ने, मानसिक तनाव और अचानक झुकने की वजह से कई बार नाभि खिसकने की समस्या हो जाती है. यह एक पीड़ादायक समस्या है. इसमें नाभि के स्थान पर नाड़ी ऊपर या नीचे खिसक जाती है. इस दौरान पेट में दर्द, दस्त, शरीर में कमजोरी होना बेहद आम है. लंबे समय तक अगर नाभि खिसकने की समस्या रहती है, तो इससे कई दूसरी तरह की समस्याएं जन्म ले लेती हैं जिसमें बीपी, अनिद्रा, तनाव, कब्ज और लिवर सिरोसिस शामिल हैं. अगर आप भी नाभि खिसकने की समस्या से परेशान हैं, तो कुछ योगासनों की मदद से इसे ठीक कर सकते हैं.**

## नौकासन

लेट जाएं, हथेलियां जमीन पर रहें. गहरी श्वास लेते हुए पैरों, भुजाओं, कंधों, सिर और धड़ को जमीन से ऊपर उठाएं. कन्धों और पैरों को जमीन से 15 सेन्टीमीटर से अधिक ऊपर न उठाएं. शरीर को नितम्बों पर संतुलित करें और मेरुदण्ड को सीधा रखें. दृष्टि पैरों की उंगलियों पर रहे. अन्तिम अवस्था में रहते हुए श्वास रोकें. श्वास छोड़ते हुए धीरे-धीरे जमीन पर वापस आ जायें. यह एक चक्र हुआ. इस तरह 3 से 5 चक्र का अभ्यास करें. प्रत्येक चक्र के बाद शवासन में लेट कर विश्राम करें.



## उत्तानपादासन

अल्सर एवं हर्निया से ग्रस्त व्यक्तियों को यह आसन नहीं करना चाहिए.

जमीन पर आराम से लेट जाएं, पैरों की स्थिति सीधी हो और हाथों को बगल में रखें. श्वास लेते हुए घुटनों को बिना मोड़े धीरे-धीरे अपने दोनों पैरों को ऊपर उठाएं और जमीन से 30 डिग्री का कोण बनाएं. श्वास को रोकते हुए इस अवस्था में 10-30 सेकेंड तक बने रहें. श्वास छोड़ते हुए धीरे-धीरे अपने दोनों पैरों को नीचे लाएं और जमीन पर रखें. इसके बाद उसी प्रकिया से पैरों को 60 डिग्री तक उठाएं. इसे भी तीन बार करें.



## अर्धहलासन

पीठ के बल लेट जाएं, दोनों हाथ शरीर के बगल में रखें और हथेलियां जमीन पर हों. श्वास भरते हुए घुटनों को बिना मोड़े धीरे-धीरे अपने दोनों पैरों को ऊपर उठाएं और जमीन से 90 डिग्री का कोण बनाएं. इस अवस्था में नितंब से कंधे की स्थिति खींची हुई रहेगी. श्वास को रोकते हुए इस अवस्था में 10-30 सेकेंड तक बने रहें. अपने पैरों को 90 डिग्री की स्थिति से धीरे-धीरे वापस जमीन पर लाएं.

## अर्ध पवनमुक्तासन

इसे करने के लिए श्वास लेते हुए बाएं पैर को मोड़ते हुए सीने की तरफ ले आएं. दोनों हाथों से इसे पकड़ें. श्वास छोड़ते हुए वापस उसे स्थिति में आए. फिर दाएं पैर से यही क्रिया दोहराएं. ऐसा आपको कम से कम 3 या 5 बार करना है.



## सेतुबंधासन

सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं. अपने दोनों पैरों को घुटनों से मोड़ लें. दोनों हाथों से दोनों टखने को पकड़ लें. श्वास लेते हुए धीरे-धीरे शरीर के बीच वाले हिस्से को ऊपर की ओर उठाएं और श्वास को रोकें. जितनी देर इस स्थिति में रूक सकते हैं, रूकें फिर धीरे से श्वास छोड़ते हुए वापस आ जाएं.

## सुप्त व्रजासन

व्रजासन में बैठ जाएं. अब धीरे-धीरे हाथों को पीछे ले जाते हुए कोहनी को जमीन पर रखते हुए 5-10 सेकेंड होल्ड करें. अब कंधे ओर सिर को जमीन पर टिका दें. जितनी देर होल्ड कर सकते हैं उतनी देर करें फिर पैरों को सीधा कर लें.



## सुप्त उद्राकर्षण ( मर्कट आसन )

इसे करने के लिए पीठ के बल लेट जाएं. अपने दोनो घुटनों को मोड़ लें. अब श्वास छोड़ते हुए दोनों पैरों को एक साथ दाईं ओर जमीन की तरफ ले जाएं और सिर को बाईं ओर मोड़ें और फिर श्वास लेते हुए वापस उसी स्थिति में आएं. इसी प्रक्रिया को दूसरी तरफ से भी दोहराएं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### श्रीजेश ने श्रीलंका में 2006 के दक्षिण एशियाई खेलों के दौरान अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था

# भारतीय हॉकी के वॉल को पीएम मोदी से मिला स्पेशल लेटर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व भारतीय हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को एक स्पेशल लेटर लिखकर भारतीय हॉकी में उनके अभूतपूर्व योगदान की सराहना की. भारतीय हॉकी के वॉल कहे जाने वाले पीआर श्रीजेश ने सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें उनकी रिटायरमेंट पर एक खास पत्र दिया. उन्होंने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, मुझे पीएम सर से अपने रिटायरमेंट पर यह खास लेटर मिला. हॉकी मेरी जिंदगी है और मैं इस खेल की सेवा करना जारी रखूंगा. भारत को हॉकी में एक ताकत बनाने की दिशा में काम करूंगा, जिसकी शुरुआत 2020 और 2024 के ओलंपिक पदकों के साथ हो चुकी है. मुझ पर विश्वास दिखाने के लिए पीएम सर का शुक्रिया. श्रीजेश ने श्रीलंका में 2006 के दक्षिण एशियाई खेलों के दौरान अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था. उन्होंने 328 मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया. हाल ही में उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम के साथ लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतकर अपने शानदार करियर का अंत किया. पीएम मोदी के पत्र में लिखा है, सबसे पहले पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर एक और शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई. एक खिलाड़ी के रूप में देश के लिए यह आपका आखिरी मैच था, आपके लिए यह एक बहुत ही भावनात्मक क्षण रहा होगा. मुझे यकीन है कि मैच में जो अंतिम हूटर बजा, वह जीवन के अगले भाग की शुरुआत का 'शंखनाद' था, जिसमें आप जूनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच होंगे. मुझे यकीन है कि नई भूमिका में आपका काम उतना ही प्रभावशाली और प्रेरणादायक होगा. श्रीजेश 2022 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य भी रहे हैं. साथ ही उन्होंने चार बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती है. साथ ही 2015 में एफआईएच हॉकी विश्व लीग फाइनल में कांस्य पदक जीता है. उन्हें 2021 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था. श्रीजेश को 2015 में अर्जुन पुरस्कार और 2017 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है. वह 2022 बर्मिंघम खेलों में रजत पदक और पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे.

### भारत ने अबतक 578 टेस्ट मैच खेले हैं

# चेन्नई में टेस्ट जीती तो टीम इंडिया बनाएगी नया रिकॉर्ड

**एजेंसी। चेन्नई**

- 178 टेस्ट मैच जीते और इतने ही हारे भी हैं
- भारत के 222 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं
- चेन्नई टेस्ट जीते तो हार से ज्यादा होगी जीत

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 19 सितंबर से शुरू होने जा रही है. दोनों देशों के बीच अब तक हुई 8 टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को जीत नहीं मिली है. यहां तक कि बांग्लादेश टीम भारत के खिलाफ अब तक एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है. हालांकि, भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है. पहला टेस्ट जीतकर भारत के पास एक अनोखा करिश्मा करने का मौका होगा. भारतीय टीम ने 1932 में पहली बार टेस्ट मैच खेला था. यह मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ था, जिसमें 158 रन से हार का सामना करना पड़ा. इसके बाद से अब तक टीम इंडिया ने 578 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें हार और जीत बराबर हैं. भारत ने 178 मैच जीते और इतने ही हारे भी हैं. वहीं, 222 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं. एक मुकाबला टाई पर खत्म हुआ. अगर टीम इंडिया बांग्लादेश को पहले टेस्ट मैच मात देने में सफल रही तो 1932 के बाद से पहली बार ऐसा होगा जब भारत की टेस्ट फॉर्मेट में हार से ज्यादा जीत होंगी. भारत की 179 टेस्ट जीत हो जाएंगी. इस जीत के साथ टीम इंडिया साउथ अफ्रीका की सबसे ज्यादा टेस्ट जीत में बराबरी कर लेगा.

### अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट मैच

# लगातार बारिश के कारण तीसरे दिन का खेल भी रद्द

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लगातार बारिश के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को एक भी गेंद फेंके बिना खेल रद्द कर दिया गया. बुधवार को भी दिल्ली-एनसीआर में बारिश हुई, जिसके कारण मैदान गीला है, और खराब आउटफील्ड के कारण मैच खेलना मुश्किल है. मैदानी अंपायर शर्फुद्दौला और कुमार धर्मसेना ने तीसरे दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया, जबकि टॉस अभी होना बाकी था और दोनों टीमें अपने होटलों में ही रुकी हुई थीं.

हालांकि, मैच अभी भी रद्द नहीं हुआ है. मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ पांचवें दिन के पहले सत्र के बाद अंतिम निर्णय लेंगे. इसका मतलब यह भी है कि मैच से कोई नतीजा आने की संभावना बेहद कम है. अफगानिस्तान कैंप की ओर से आधिकारिक अपडेट में कहा गया, लगातार बारिश के कारण अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड मैच का तीसरा दिन रद्द कर दिया गया है. अगर मौसम सही रहा तो कल से मैच 98 ओवर का होगा. इस मैदान पर पहले अफगानिस्तान की टीम के लिए 11 सफेद बॉल वाले मैच आयोजित किए जा चुके हैं, जो दौरा करने वाली टीमों के लिए सुरक्षा चिंताओं के कारण अपने घरेलू मैच विदेश में खेलते हैं. सप्ताह के बाकी दिनों में और अधिक बारिश की भविष्यवाणी के साथ, दोनों टीमों के बीच यह एकमात्र टेस्ट मैच बिना एक भी गेंद फेंके और टॉस हुए बिना रद्द होने वाला कुल आठवां टेस्ट मैच बनने के कगार पर है. अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले कहा था कि उन्हें इस टेस्ट की मेजबानी के लिए कानपुर और बेंगलुरु की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने ग्रेटर नोएडा को इसलिए चुना क्योंकि अन्य दो स्थानों का उपयोग बीसीसीआई मैचों (आगामी भारत-बांग्लादेश दूसरा टेस्ट और हाल ही में संपन्न दलीप ट्रॉफी का पहला राउंड) के लिए किया जा रहा था.



**इन पांच मुख्य समस्याओं से नहीं हो पा रहा मैच**

- **पानी निकासी :** मैदान में पानी की निकासी को लेकर समस्या रही. इसे समय रहते नहीं परखा गया और न ही सही तरीके से तैयारी की गई.
- **आउटफील्ड की तैयारी :** बारिश से पहले ही मैदान के कई हिस्सों में पानी जमा हो रहा था. इसे समय पर काटकर घास बिछाई जा सकती थी, लेकिन यह काम देरी से किया गया.
- **कवर की कमी :** मैदान को पूरी तरह ढकने के लिए पर्याप्त कवर उपलब्ध नहीं थे. पिच को कवर करने के लिए पुराने तरीके अपनाए गए, जबकि आधुनिक कवरिंग उपकरण मौजूद हैं.
- **सुखाने के उपकरण :** मैदान को सुखाने का काम कभी पंखे से, तो कभी बाल्टी और मग से किया गया. सुपर सोपर की भी सही तरीके से उपयोग नहीं किया गया. अफगानिस्तान टीम के कोच जोनाथन भी इन स्थितियों से काफी निराश दिखे.
- **कुशल स्टाफ की कमी :** समय रहते कुशल स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई, जिससे आयोजन की तैयारियों में तकनीकी विशेषज्ञों की कमी साफ दिखी.

### ईरानी कप

## मॉनसून के कारण वेन्यू शिफ्ट

**नयी दिल्ली।** ईरानी कप या ईरानी ट्रॉफी मैच, जिसकी मेजबानी मुंबई को 1 से 5 अक्टूबर तक करनी थी, उसे खराब मॉनसून के कारण लखनऊ शिफ्ट करना पड़ा. इस कप में मात्र एक मैच खेला जाता है, जो गत रणजी ट्रॉफी विजेता और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाता है. चलिए जानते हैं कि इस ट्रॉफी से जुड़ी क्या कहानी है? और इसकी शुरुआत कब हुई थी? ईरानी कप भारत का एक घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट है, जो फर्स्ट क्लास फॉर्मेट के तहत खेला जाता है.

यह क्रिकेट टूर्नामेंट हर साल वर्तमान रणजी ट्रॉफी विजेता टीम और रेस्ट ऑफ इंडिया टीम ( रणजी ट्रॉफी में अन्य टीमों के दमदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ) के बीच खेला जाता है. रेस्ट ऑफ इंडिया ने इसे 30 बार जीता है, जबकि मुंबई ने इसे 14 बार जीता है. इसकी शुरुआत वर्ष 1959-60 में हुई थी. उस समय रणजी ट्रॉफी चैंपियनशिप के 25 वर्ष पूरे होने पर इस टूर्नामेंट की नींव रखी गई थी. इसका उद्देश्य घरेलू क्रिकेट को और अधिक रोचक और रोमांचक बनाना था. इस टूर्नामेंट का नाम बीसीसीआई के पूर्व प्रशासक जेडपी ईरानी के नाम पर रखा गया था, जो बीसीसीआई में लंबे समय तक अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष समेत कई अहम पदों पर रहे. 1962 से लगातार आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता को शेष भारत ने 30 जबकि मुंबई ने 14 बार जीता है. अन्य राज्यों में कर्नाटक छह, जबकि दिल्ली, रेलवे और विदर्भ 2-2 बार की विजेता बनी है. पिछली बार इस प्रतियोगिता को शेष भारत ने सौराष्ट्र को 175 रनों से हराते हुए जीता था.

ईरानी कप 2024-25 का आयोजन अब मुंबई की बजाय लखनऊ में होगा. एक अक्टूबर से पांच अक्टूबर के बीच शेष भारत और गत रणजी ट्रॉफी विजेता मुंबई के बीच खेले जाने वाला यह मैच लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा. उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बात करते हुए कहा, इस बार का ईरानी कप मैच लखनऊ में आयोजित होगा और हम इसकी मेजबानी करने को लेकर उत्साहित हैं.

### वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर: अर्जेंटीना को खली लियोनल मेसी की कमी


# कोलंबिया ने अर्जेंटीना को दी करारी शिकस्त

**एजेंसी। वाशिंगटन**



फीफा वर्ल्ड कप 2026 के अमेरिकी क्वॉलिफायर में एक उलटफेर देखनेको मिला, जब कोलंबिया ने अर्जेंटीना के खिलाफ 1-2 से जीत दर्ज की. डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना को कप्तान लियोनल मेसी की कमी काफी खली. जेम्स रॉड्रिगेज नेपेनल्टी पर गोल दागकर कोलंबिया को यह अहम जीत दिलाई. अर्जेंटीना को लियोनेल मेसी की कमी खली जो चोट के कारण कोपा अमेरिका फाइनल के बाद से नहीं खेल रहे हैं. मेसी तब से ही फुटबॉल के मैदान पर वापसी नहीं कर पाए हैं. कोलंबिया के लिए येरसोन मोस्केरा ने 25वें मिनट में पहला गोल किया, लेकिन निको गोंजालेस ने 48वें मिनट में बराबरी का गोल दागा. रॉड्रिगेज ने 60वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके कोलंबिया को जीत दिलाई. वर्ल्ड कप चैम्पियन अर्जेंटीना ने जुलाई में कोलंबिया को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका खिताब जीता था. अन्य मुकाबलों में बोलिविया नेचिली को 2-1 से हराया जबकि इक्वाडोर ने पेरू को एक गोल से मात दी. वेनेजुएला और उरूग्वे का मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा. दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर से टॉप छह टीमें 2026 वर्ल्ड कप में सीधे जगह बनाएंगी. ऐसा माना जा रहा था कि मेसी 2022 फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाने के बाद इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे, लेकिन मेसी अर्जेंटीना के लिए वर्ल्ड कप ट्रॉफी डिफेंड करना चाहते हैं. कोलंबिया के कप्तान रॉड्रिगेज ने विनिंग गोल दागने के बाद कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी अर्जेंटीना के खिलाफ गोल दागा था.

### पैराग्वे ने ब्राजील को चौंकाया



**असुनसियन।** जून 2008 के बाद पहली बार पैराग्वे ने विश्व कप क्वालीफायर में ब्राजील को हराया, क्योंकि उन्होंने पांच बार के विश्व चैंपियन को 1-0 से हरा दिया. डिएगो गोमेज ने पहले हाफ में शानदार गोल कर इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. पैराग्वे नौ अंकों के साथ तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है और ब्राजील से केवल एक अंक पीछे है. गोल 20वें मिनट में हुआ, जब गोमेज को क्षेत्र के ठीक बाहर क्लीयरेंस की हुई गेंद मिली, उन्होंने गेंद को संभाला और अपने दाहिने पैर के बाहरी हिस्से से एक जोरदार शॉट लगाया जो पोस्ट से टकरा कर गोल में चला गया. ब्राजील ने जवाब देने की कोशिश की और रोड्रिगो को दूसरे हाफ की शुरुआत में एक शानदार मौका दिया गया, लेकिन उसने लक्ष्य से ऊपर गेंद मार दी . बाद में पैराग्वे के डिफेंडर रेमन सोसा ने विनीसियस जूनियर को बराबरी के लिए टैप करने से रोकने के लिए अंतिम सेकंड में गेंद क्लीयर कर दी , इसके कुछ मिनट बाद गोलकीपर रॉबर्टो फर्नांडीज ने ब्राजीलियाई हमलावर को रोक दिया. अंत में, 17 मैचों में अपनी तीसरी क्वालीफाइंग जीत दर्ज करने के लिए पैराग्वे की रक्षा मजबूत रही.

### भारत ने मलेशिया को 8-1 से हराया

**हुलुनबुइर (चीन)।** भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया को हराया. इस मुकाबले को भारतीय टीम ने 8-1 से अपने नाम किया. भारत का यह तीसरा मुकाबला था, उसने अपने तीनों ही मैच जीत लिए हैं. इस तरह वह प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर है.

### पाकिस्तान ने जापान को 2-1 से हराया

**मोकी (चीन)।** अजेय पाकिस्तान ने बुधवार को मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर जापान को 2-1 से हराकर हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली जीत दर्ज की. अहमद नदीम (10 मिनट) और सुफियान खान (21 मिनट) ने पाकिस्तान के लिए गोल किए, जबकि जापान के लिए एकमात्र गोल रायकी फुजीशिमा (28 मिनट) ने किया.

# काउंटी में चहल का पंजा, लेकिन शॉ का निराशाजनक प्रदर्शन

**एजेंसी। लंदन**



भारतीय लेग-स्पिनर युजवेंद्र चहल ने डर्बीशायर के खिलाफ पांच विकेट लेते हुए अपनी टीम नॉर्थम्पटनशायर को मैच में आगे कर दिया है. भारत के लिए 152 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले चहल ने 45 रन देकर पांच शिकार किए, चहल के प्रथम श्रेणी करियर का ये सिर्फ तीसरा पांच विकेट हॉल था. साथ ही साथ इस भारतीय लेग-स्पिनर ने प्रथम श्रेणी में 100 विकेट भी हासिल कर लिए. चहल के इस प्रदर्शन की बदौलत नॉर्थम्पटनशायर ने डर्बीशायर के आख़िरी छह विकेट केवल 15 रन पर झटके. स्पिन के लिए मददगार पिच पर चहल ने ज्यादातर ऑफ स्पिनर रॉब कियो के साथ गेंदबाज़ी की, कियो ने भी तीन विकेट अपने नाम किए. इसके बाद बल्ले से भी कियो ने अब तक अहम 46 रन बना लिए हैं और क्रीज पर मौजूद हैं. दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक नॉर्थम्पटनशायर को 232 रन की बढ़त हासिल हो गई है जबकि पांच विकेट शेष हैं. चहल की गेंदबाज़ी कितनी घातक थी इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपने पांच ओवर के स्पेल में ही सभी पांच शिकार किए. चहल ने पारी के 52वें ओवर में ऐन्यूरिन डॉनल्ड के तौर पर अपना पहला शिकार किया, इसके बाद पारी के 56वें ओवर में उन्होंने दो विकेट झटके. पहले खतरनाक दिख रहे वेन मैडसन को क्लीन बोल्ड किया और फिर उसी ओवर की पांचवीं गेंद पर जैक चैपल को भी पवेलियन की राह दिखा दी. 62वें ओवर की लगातार दो गेंदों पर चहल ने दो और विकेट लेते हुए अपना पंजा खोला और साथ ही साथ डर्बीशायर की पहली पारी 165 रन पर समेट दी. चहल जब दूसरी पारी में गेंदबाजी आक्रमण पर आएंगे तो वह हैट्रिक पर होंगे क्योंकि पिछली दो गेंदों पर उनके नाम लगातार दो विकेट हैं.

### जोधपुर में 20 सितंबर से शुरू हो रहा लीजेंड्स लीग क्रिकेट

# 30 देशों के 120 खिलाड़ी ऑक्शन से हुए सेलेक्ट

**एजेंसी। जोधपुर**

जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में जल्द ही लीजेंड्स लीग क्रिकेट के तीसरे सीजन की शुरुआत 20 सितंबर को होने जा रही है. लीग में कईं नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. इस बार 30 देश के 120 खिलाड़ियों को ऑक्शन में सेलेक्ट किया गया है. पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन, दिनेश कार्तिक और इरफान पठान भी लीग में खेल रहे हैं. इस बार श्रीलंका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इसुरू उडाना के लिए सबसे ज्यादा बोली लगी. उन्हें हैदराबाद टीम ने 61.9 लाख रुपये में खरीदा.

**20 सितंबर से 16 अक्टूबर तक होंगे मैच:** लीजेंड्स लीग की ओपनिंग सेरेमनी जोधपुर के बरकतुल्ला खां स्टेडियम में होगी. लीग 20 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चलेगी. इस बार जोधपुर, सूरत, जम्मू-कश्मीर और श्रीनगर के बीच मैच खेले जाएंगे. समापन जम्मू-कश्मीर में होगा. इसको लेकर जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं. लीजेंड्स लीग क्रिकेट के को-ऑनर रमन रहेजा की मानें, तो भारतीय खिलाड़ियों सहित इंटरनेशनल खिलाड़ी रिटायरमेंट के बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेल रहे हैं. इस लीग का यह तीसरा सीजन है. इस लीग की शुरुआत की थी, तब हम खिलाड़ियों को एप्रोच कर रहे थे. तीसरे सीजन तक यह बदलाव आ गया कि अब खिलाड़ी रिटायर होने से पहले ही अपनी रुचि इस लीग के लिए जता रहे हैं.

**बरकतुल्ला खां स्टेडियम में लीग के छह मैच होंगे :** करोड़ों रुपए की लागत से अपग्रेड हुए जोधपुर के बरकतुल्ला खां स्टेडियम में लीग के 6 मैच होंगे. 20 सितंबर को ओपनिंग सेरेमनी जोधपुर में ही होगी. इसके बाद लगातार 6 मैच 26 सितंबर तक होंगे. 24 तारीख (मंगलवार) को कोई मैच नहीं होगा. जोधपुर में इसुरू उडाना, धवल कुलकर्णी, इरफान पठान, यूसुफ पठान, सुरेश रैना, वेस्टइंडीज खिलाड़ी चेडविक वॉल्टन, ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर डैन क्रिश्चियन, न्यूजीलैंड का क्रिकेटर रॉस टेलर आदि खिलाड़ी खेलेंगे.

**अर्जुन अवॉर्ड पाने वाले शिखर धवन लीग में खेलेंगे**

साल 2022 में हुए पहले सीजन में जोधपुर से बहुत प्यार मिला. 20 साल बाद लोग अपने स्टेडियम में बड़े खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलते हुए देख रहे थे. ऐसे में इस बार इस लीग की शुरुआत ही जोधपुर से की जा रही है. रहेजा ने कहा कि सीजन-3 की शुरुआत रेगिस्तान से होगी, लेकिन समापन कश्मीर की वादियों में होगा. इस बार 30 देश से 600 प्लेयर ने रजिस्टर्ड किया था. लेकिन 120 खिलाड़ी ही ऑक्शन में सेलेक्ट हुए. भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और इंटरनेशनल खिलाड़ी रहे अर्जुन अवॉर्ड पाने वाले शिखर धवन लीग में खेलेंगे. उन्होंने हाल में इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट से संन्यास लिया है. भारतीय टीम में विकेटकीपर रहे दिनेश कार्तिक भी लीग में खेलेंगे. जोधपुर वासियों में इसको लेकर उत्साह है.

### लाला अमरनाथ डोनाल्ड ब्रैडमैन को भी पहली बार हिट विकेट आउट किया था

# लाला की दूरदर्शिता ने भारतीय क्रिकेट में छोड़ा गहरा प्रभाव

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

**खास बातें**

- लाला अमरनाथ का जन्म 11 सितंबर को हुआ था
- लाला अमरनाथ ने कुल 24 टेस्ट मैच खेले थे



लाला अमरनाथ आजाद भारत के पहले कप्तान थे. एक ऐसे क्रिकेटर जिन्होंने भारत के लिए पहला टेस्ट शतक लगाया, वह भी अपने डेब्यू मैच में. यह मुकाबला जिमखाना ग्राउंड पर साल 1933 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया था. इससे एक साल पहले ही भारत ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला था. क्रिकेट पर अभिजात्य वर्ग का प्रभुत्व था. एक साधारण बैकग्राउंड से आए लाला अमरनाथ क्रिकेट पर शाही वर्चस्व के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले क्रिकेटर भी थे. उन्होंने डोनाल्ड ब्रैडमैन को भी पहली बार हिट विकेट आउट किया था. भारतीय क्रिकेट में कई मायनों में पहले व्यक्ति लाला अमरनाथ का जन्म 11 सितंबर को कपूरथला (पंजाब) में हुआ था. उस दौर में लाला अमरनाथ ने 24 टेस्ट मैच खेले थे. औसत मात्र 24.38 की थी. इतनी साधारण औसत वाला खिलाड़ी असाधारण कैसे हुआ था? इस बात का जवाब उस दौर में लाला के प्रभाव से मिलता है. रणजीत सिंह जहां पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम में जगह बनाकर दुनिया को भारतीय प्रतिभा से परिचित कराया था, तो लाला अमरनाथ ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने आमजन तक क्रिकेट को पहुंचाने में बड़ी भूमिका अदा की थी. उनके तीन बेटों में दो भारतीय क्रिकेट के लिए खेले थे. 1983 की विश्व कप विजेता टीम के मोहिंदर अमरनाथ उनके ही प्रसिद्ध बेटे हैं. लाला अमरनाथ ने पक्के इरादे, तेज क्रिकेट दिमाग और जीवटता से क्रिकेट पर गहरा प्रभाव छोड़ा था. तब क्रिकेट राजनीति भी काफी हावी थी. अस्थिरता के इस दौर में अमरनाथ भारतीय क्रिकेट के मुख्य चेहरे के तौर पर खड़े रहे थे. क्रिकेट को लेकर समझ इतनी गहरी थी कि उनके रिटायरमेंट के बाद लिए गए फैसलों का भी बड़ा दूरगामी प्रभाव हुआ था. वह पहले भारतीय कप्तान थे जिसने लगातार 10 टेस्ट मैचों तक टीम को लीड किया था. 15 टेस्ट मैचों तक उनकी कप्तानी चली जिसमें भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की थी. 1952 में फिरोजशाह कोटला में खेला गया यह मुकाबला भारतीय प्रभुत्व की छाप छोड़ने वाला साबित हुआ था.

पाकिस्तान के खिलाफ 1952 में ही ईडन गार्डन्स में हुए टेस्ट मैच के बाद लाला ने क्रिकेट से संन्यास ले लिया. उन्होंने संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट के चयनकर्ता, मैनेजर, कोच और प्रसारक के रूप में काम किया था. चयनकर्ता के अध्यक्ष के तौर पर 1959-60 का किस्सा बड़ा चर्चित है जब उन्होंने एक ऐसे ऑफ स्पिनर (जसु पटेल) की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एंट्री कराई थी जो दूर-दूर तक टीम का हिस्सा नहीं था.

# टेस्ट रैंकिंग में भी श्रीलंकाई चमके

**एजेंसी। दुबई**



इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में तीसरे टेस्ट में आठ विकेट से मिली शानदार जीत के बाद आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में छह श्रीलंकाई खिलाड़ियों को बंपर बढ़त मिली. श्रीलंका की इस जीत का श्रेय कप्तान धनंजय डी सिल्वा, ऑलराउंडर कामिन्दु मेंडिस और सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका को जाता है. टेस्ट की पहली पारी में श्रीलंका के लिए 69 रन की शानदार पारी खेलने वाले डि सिल्वा ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाकर 13वें स्थान पर जगह बनाते हुए करियर की नई सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की है. मेंडिस छह पायदान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि निसंका ने इंग्लैंड के खिलाफ 64 और नाबाद 127 रन बनाने के बाद 42 पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं. गेंदबाजों में श्रीलंका के तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो ओवल में पांच विकेट लेने के बाद 13 पायदान की छलांग लगाकर 31वें स्थान पर पहुंच गए हैं. टीम के साथी लाहिरू कुमारा (10 पायदान ऊपर 32वें स्थान पर) और मिलन रत्नायके (26 पायदान ऊपर 84वें स्थान पर) ने भी बड़ी छलांग लगाई है. इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट ओवल में सिर्फ 13 और 12 रन बनाने के बावजूद अपने शीर्ष स्थान पर काबिज हैं. उनके साथी हैरी ब्रूक उसी मैच में 19 और तीन रन बनाने के बाद सात पायदान नीचे 12वें स्थान पर आ गए हैं. कार्यवाहक कप्तान ओली पोप पहली पारी में शतक बनाने के बाद सात पायदान की बढ़त बनाते हुए 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि विकेटकीपर जेमी स्मिथ दूसरी पारी में तेज अर्धशतक बनाने के बाद छह पायदान की बढ़त के साथ 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

## बिजली करंट से युवक की मौत, मचा बवाल

**नवादा ।** जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के दलेलपुर गांव में बुधवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई. मृतक सियाशरण यादव का 28 वर्षीय पुत्र रामप्रवेश कुमार बताया गया है. घटना के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया. बताया जाता जाता है कि रामप्रवेश कुमार खेत में लगे धान की फसल को देखने के लिए गए थे. तभी बिजली प्रवाहित तार के सम्पर्क में आ गए. खबर मिलते ही परिजनों के अलावा आसपास के लोग पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए नारदीगंज लेकर पहुंचे. जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया.

## बक्सर में सिपाही ने आत्महत्या कर ली

**बक्सर ।** बक्सर जिले के डुमरांव में बुधवार को बीएमपी कैंपस में मौजूद शौचालय में एक सिपाही के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. इसकी जानकारी तब लगी जब शौचालय से दुर्गंध आना शुरू हुई. इसके बाद पूरे कैंपस में हड़कंप मच गया. इस घटना की सूचना सिपाहियों ने कैंप कमांडेंट अजय कुमार पांडे को दी. उन्होंने इसकी सूचना डुमरांव थाना अध्यक्ष को दी. इसके बाद डुमरांव थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और मामले की जांच में जुट गई. मिली जानकारी के अनुसार मृतक सिपाही की पहचान सुपौल जिला के रहने वाला अजय कुमार राय के रूप में की गई है.

## वैशाली मंडल कारा में बंद कैदी की मौत


**वैशाली ।** वैशाली में जहां हाजीपुर मंडल कारा में बंद विचाराधीन बंदी की मौत हो गई. बंदी की मौत हो जाने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया. मृतक बंदी की पहचान राघोपुर थाना क्षेत्र के मलिकपुर गांव निवासी स्वर्गीय शंकर दास के 27 वर्षीय पुत्र संजय दास बताया गया है. राघोपुर थाने की पुलिस ने 1 साल पहले पत्नी की हत्या मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था. जेल जाने के दो-तीन महीने बाद बंदी की तबीयत बिगड़ गई. कारा अस्पताल से लेकर पटना पीएमसीएच तक इलाज कराया गया. पीएमसीएच से डिस्चार्ज होने के बाद उसे कारा में रखा गया था.

### पटना हाईकोर्ट ने बुधवार को सुनाया बड़ा फैसला

# पीएम की सभा में बम ब्लास्ट करने वाले दोषियों को उम्रकैद

**संवाददाता । पटना**

पटना हाई कोर्ट ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गांधी मैदान सभा में सिलसिलेवार बम ब्लास्ट के दोषियों की फांसी की सजा को 30 साल कैद में बदल दिया है. साथ ही जिन लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी उनकी सजा को बरकरार रखा गया है. जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे बुधवार को सुनाया गया.



हाई कोर्ट ने इम्तियाज आलम, हैदर अली, नुमान अंसारी व मोजीबुल्लाह अंसारी की फांसी की सजा में बदलाव किया है. गांधी मैदान सीरियल ब्लास्ट मामला 27 अक्टूबर, 2013 का है. उस दिन नरेंद्र मोदी पटना में जनसभा को संबोधित करने आए थे. तभी सीरियल ब्लास्ट हुए थे. इसे लेकर पटना के गांधी मैदान थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. इसके बाद 31 अक्टूबर, 2013 को एनआईए ने केस संभाला था.

**दोषियों की फांसी की सजा को पटना हाईकोर्ट ने 30 साल कैद में बदली**



चारो आरोपी

इस मामले में हैदर अली, नुमान अंसारी, मजीबुल्लाह, उमर सिद्दिकी, फिरोज असलम, इम्तियाज आलम सहित नौ को सजा सुनाई गई. इसमें चार दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई थी. हालांकि, अब पटना हाई कोर्ट ने इस मामले में चारों को उम्रकैद की सजा सुनाई है. एनआईए के स्पेशल जज गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने इस मामले में चार दोषियों हैदर अली, इम्तियाज अंसारी, मोजीबुल्लाह अंसारी और नुमान अंसारी को फांसी की सजा सुनाई थी.

उल्लेखनीय है कि गांधी मैदान में भाजपा की हुंकार रैली में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के दौरान नरेंद्र मोदी मंच पर मौजूद थे. उस दौरान वे गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे. एनआईए अदालत ने इन सभी दोषियों को नम्बर 2021 में सजा सुनाई थी, जिसमें चार को फांसी के साथ ही आर्थिक जुर्माना भी लगाया था. कोर्ट ने इस मामले में इम्तियाज अंसारी पर 80 हजार रुपये और हैदर अली, मोजीबुल्लाह अंसारी और नुमान अंसारी पर 90 हजार रुपये आर्थिक जुर्माना लगाया था.

## आठ दिन बाद तालाब से मिली महिला की लाश

**सारण ।** पिछले तीन सितंबर से गायब महिला का शव गांव के तालाब से बरामद हुआ है. शव मिलने की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई. देखते ही देखते शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी. स्थानीय पंचायत समिति सदस्य नीरज साह द्वारा स्थानीय मशरक थाने की पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया. पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों द्वारा तालाब से शव को बाहर निकाला गया. शव की पहचान मशरक थाना क्षेत्र के कर्ण कुदरिया गांव निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक स्व रामचन्द्र प्रसाद के 64 वर्षीय पत्नी शांति कुंवर के रूप में हुई. बताया जा रहा है कि सुबह में गांव के ग्रामीण शौच करने गए हुए थे.

### तेजस्वी यादव का बड़ा ऐलान, कहा-

## हमारी सरकार बनने पर मुफ्त में देंगे 200 यूनिट बिजली

**संवाददाता । पटना**



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बड़ा एलान किया है. उन्होंने कहा है कि अगर हमारी सरकार बनी तो हम बिहार वासियों को 200 यूनिट बिजली फ्री में देंगे. तेजस्वी यादव ने कहा कि जनता बिजली के महंगे बल देते देते थक चुकी है. इसलिए हमलोगों ने यह तय किया है कि जनता को 200 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जाएगी ताकि उनको परेशानी का सामना न करना पड़े. समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है.

उन्होंने कहा कि डबल इंजन भाजपा और एनडीए के दशकों के शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है. बिहार की जनता महंगी बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त है. हमारी सरकार आने पर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी.

### सुपौल में प्रेस-कांफ्रेंस के दौरान प्रशांत किशोर बोले-

# बिहार को नीतीश-तेजस्वी ने बर्बाद किया

**संवाददाता । सुपौल**

सुपौल में प्रशांत किशोर ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला. उन्होंने कहा कि बिहार की मौजूदा स्थिति के लिए ये दोनों नेता पूरी तरह से जिम्मेदार हैं. किशोर ने तेजस्वी यादव की आभार यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि नवमी फेल नेता को बिहार की जनता का आभार व्यक्त करना चाहिए कि उन्हें सत्ता से बाहर करने के बावजूद जनता ने उग्र विरोध नहीं किया.

वहीं प्रशांत किशोर ने कहा, जिस जनता को उसके मां-बाप और सरकार ने बेरोजगार, निरक्षर और पलायन का अड्डा बना दिया है, वह जनता अगर आभार व्यक्त करने के बजाए उन्हें मार के भगाती, तो भी सही होता. उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव जैसे नेता बिहार की समस्याओं को और जटिल बना रहे हैं. वहीं अमेरिका में राहुल गांधी के भारत के चुनाव आयोग पर उठाए गए सवालों पर प्रशांत किशोर ने सहमति जताई. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चुनाव आयोग पर अपने हिसाब से काम करवाने का दबाव डालती है.

## नवादा में सुसाइड नोट छोड़कर फॉरेस्टर लापता

**नवादा ।** नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड मुख्यालय वन विभाग में कार्यरत फॉरेस्टर अरविंद रजक मंगलवार की देर रात अपने सरकारी आवास से रहस्यमय तरीके से गायब हैं. जाने से पहले उन्होंने अपने कमरे में एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उन्होंने पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर कदम उठाने की बात कही है. उनके गायब होने की सूचना के बाद जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को उनके सहयोगियों ने दी है. इसके बाद वन विभाग और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है. वन प्रमंडल पदाधिकारी ने फोटो के साथ अरविंद रजक के सुसाइड नोट छोड़ गायब होने की सूचना सोशल मीडिया पर साझा की है. छोड़े गए सुसाइड नोट में उन्होंने पत्नी की प्रताड़ना से तंग होने का आरोप लगाया है. बहरहाल रजक के सुसाइड नोट छोड़ गायब होने से विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है.

### आरा में ट्रिपल मर्डर, मचा हड़कंप

## सनकी ने पत्नी व दो मासूमों के टुकड़े-टुकड़े कर डाले

**संवाददाता । आरा**

आरा में ट्रिपल मर्डर से पूरा समाज स्तब्ध है. भोजपुर जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव में एक सनकी पति ने पत्नी समेत दो बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी है. पड़ोसियों के अनुसार सनकी पति ने पत्नी से झगड़ा के बाद गुस्से में आकर खंती से अपनी पत्नी, बेटी और दुधमुंहे बेटे की हत्या कर दी. हत्या के दौरान सनकी व्यक्ति ने खंती से अपनी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया और फिर वहां से फरार हो गया. हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. मृतकों में अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी लालू यादव की पत्नी सीमा देवी (35), बेटी सौम्या कुमारी (8) और एक दुधमुंहा बेटा दीदवंत कुमार (10 माह) शामिल है.

पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है : घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी. घटना की सूचना मिलते ही पीरो एसडीपीओ राहुल कुमार सिंह और अजीमाबाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए. पुलिस ने एफएसएल की टीम को भी बुलाया, जिसके बाद एफएसएल की टीम घटनास्थल पहुंच जांच में जुट गई. उसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भोजपुर सदर अस्पताल भेज दिया.

## घर वालों को बंधक बना कर 12 लाख रु की लूट

**कटिहार ।** कटिहार जिला अंतर्गत बरारी थाना क्षेत्र के सूजापुर पंचायत के बलुआ गांव वार्ड संख्या 2 निवासी खाद व्यापारी पंकज कुमार चौधरी के घर पर डकैतों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है. बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर रात को डकैतों ने घर के लोगों को बंदूक की नोक पर बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया है. वहीं, मिली जानकारी के अनुसार पांच लाख कैश सहित लगभग सात लाख के जेवरात की लूट हुई है. वहीं, मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है. इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए पीड़ित पंकज कुमार चौधरी ने बताया कि बीते रात लगभग 1:00 बजे हम लोग सोए हुए थे. इस बीच छह से सात की संख्या में डकैत हथियार के साथ उनके घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए. उनकी मां और बच्चों के सिर पर हथियार तान कर जान से मार देने की धमकी देने लगे.

### रहस्यमयी बीमारी से अब एक और बच्ची की गई जान

## 10 दिनों में पांच बच्चे की मौत

**संवाददाता । अररिया**

अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड के मझुवा पूरव पंचायत में रहस्यमयी बीमारी से एक और ढाई साल की बच्ची मुस्कान ने जान गंवा दी है. उसकी मौत उपचार के दौरान देर रात पूर्णिया मेडिकल कॉलेज में हो गई. बताया जा रहा है की दस दिन के अंदर ही पांच बच्चे की जान चली गई है. वही, सुबह बच्ची का शव गांव पहुंचते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए. स्वास्थ्य विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लागया.

बता दें कि पिछले शनिवार को गांव के मन्नू ऋषिदेव की आठ साल की बेटी गौरी कुमारी, अरविंद ऋषिदेव का चार साल का बेटा रौनक कुमार, लवकुश ऋषिदेव का डेढ़ महीने के बेटा अंकुश कुमार के बाद शनिवार को संतोष ऋषिदेव की छह साल की बच्ची आंचल कुमारी की मौत पहले ही हो चुकी थी. जिसके बाद अब पूर्णिया मेडिकल कॉलेज में 3 वर्षीय मुस्कान कुमारी की भी मौत हो गई है. वही, ग्रामीणों का यह आरोप है कि बच्चों का इलाज अच्छे तरीके से नहीं हो रहा है, जिसके कारण बच्चों की मौत हो रही.



वही, इसी गांव के 3 बीमार बच्चों को गांव में मौजूद मेडिकल टीम ने बेहतर इलाज के लिए अररिया सदर अस्पताल भेजा था, लेकिन अब परिजनों और ग्रामीणों की मांग है कि अररिया सदर अस्पताल में जो 3 बच्चे भर्ती हैं. उन्हें वहां से डिस्चार्ज कर वापस गांव भेजा जाए क्योकि अब उन्हें सरकारी अस्पताल की व्यवस्था पर भरोसा नहीं है.

## नालंदा में निजी मकान से अवैध शराब के साथ 14 जुआरी गिरफ्तार

**बिहारशरीफ ।** नालंदा जिले के बिहार थाना अंतर्गत अम्बेर चौक के पास स्थित एक निजी मकान में पुलिस ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में विदेशी शराब और जुआ खेलते हुए 14 जुआड़ियों को हिरासत में लेकर न्यायिक जांच के लिए मंडल कारा भेज दिया हैं. आरक्षी उपाधीक्षक नुरुल हक ने बताया कि बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक को सुबह गुप्त सूचना मिली थी कि अम्बेर चौक पर स्थित एक निजी मकान में जिसमें पहले एक स्कूल संचालित होता था. अवैध शराब का भंडारण किया गया है और शराबियों व जुआरियों का जमावड़ा लगा हुआ रहता है. मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी के दौरान कुछ लोग भागने लगे जिन्हें पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया. वहीं तलाशी लेने पर कमरे से 5 पेटी सीलबंद और 1 पेटी खुली हुई शराब मिली.

---

**कारोबार**

## बायजू : याचिका पर 17 सितंबर को सुनवाई

**नयी दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट बायजू मामले में एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ अमेरिका स्थित ऋणदाता ग्लास ट्रस्ट की अपील पर 17 सितंबर को सुनवाई करेगा.बता दें कि एनसीएलएटी ने एड-टेक कंपनी बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और बीसीसीआई के साथ 158.9 करोड़ रुपये के बकाये के निपटान को मंजूरी दे दी थी. मुख्य न्यायाधीश के अगुवाई में वकीलों के एक समूह ने आग्रह किया कि मामले में बाद के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई की जाए.

## एचडीएफसी-एक्सिस पर 2.91 करोड़ जुर्माना

**नयी दिल्ली ।** आरबीआई ने अनुपालन में विफल रहने पर एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक पर 2.91 करोड़ का जुर्माना लगाया है. इसमें से एक्सिस बैंक पर 1.91 करोड़ और एचडीएफसी पर एक करोड़ रुपये का दंड लगा है. आरबीआई ने दोनों बैंकों ने केवाईसी, जमा पर ब्याज दर और कृषि से संबंधित कर्ज के गारंटी जैसे नियमों का पालन नहीं किया था. टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-वाहनों) के दाम तीन लाख रुपये तक घटा दिए हैं. इसमें नेक्सॉन ईवी की कीमत सबसे अधिक तीन लाख कम हुई है.

## तीन साल में सबसे सस्ता हुआ कच्चा तेल

**नयी दिल्ली ।** विदेशी बाजार में कच्चे तेल के भाव में भारी गिरावट आई है. कच्चे तेल की कीमतों में आए इस बदलाव से भारत में आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ रही है. कच्चा तेल के भाव कई सालों के निचले स्तर पर आने से पेट्रोल और डीजल के भाव में एक बार फिर से कटौती करने की संभावना बढ़ गई है. एएफपी की एक रिपोर्ट बताती है कि मंगलवार को ब्रेंट क्रूड का भाव 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया. दिसंबर 2021 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब कच्चे तेल का भाव 70 डॉलर से भी कम हुआ है. एएफपी के अनुसार, दुनिया भर में अर्थव्यवस्था के आगे बढ़ने की रफ्तार कम होने को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं.

### ग्रेटर नोएडा में 'सेमीकॉन इंडिया 2024' इवेंट में पीएम मोदी बोले

# भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के लिए यह सबसे अच्छा समय : मोदी

**नई दिल्ली । आईएएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बुधवार को कहा गया कि सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग में निवेश के लिए यह भारत में सबसे अच्छा समय है, क्योंकि भारत में वैश्विक कंपनियों का मजबूत इकोसिस्टम मौजूद है. साथ ही बड़ी संख्या में स्किल्ड लोग भी हैं. दिल्ली के पास ग्रेटर नोएडा में 'सेमीकॉन इंडिया 2024' इवेंट में इंडस्ट्री के बड़े पक्षकारों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में चिप में कभी मंदी नहीं होगी, आप हमारी ग्रोथ स्टोरी पर दांव लगा सकते हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत में आकर निवेश कर वैल्यू क्रिएट करें. हम आपको ग्रोथ के लिए एक इकोसिस्टम उपलब्ध कराएंगे. भारत के पास सेमीकंडक्टर डिजाइन में दुनिया के ग्लोबल टैलेंट का 20 प्रतिशत हिस्सा है. हम 85,000 की मजबूत सेमीकंडक्टर वर्कफोर्स बना रहे हैं. इसमें तकनीकी विशेषज्ञ, आरएंडडी एक्सपर्ट्स और डिजाइनर शामिल हैं.



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये के 'अनुसंधान फंड' का उद्देश्य बेसिक रिसर्च और प्रोटोटाइप डेवलपमेंट को समर्थन देना है. इसमें सेमीकंडक्टर भी शामिल है. उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि भारत एक सुधारवादी सरकार प्रदान करता है, जो कि एक बढ़ता हुआ मैन्युफैक्चरिंग बेस और महत्वाकांक्षी तकनीक-उन्मुख बाजार भी है. हम सेमीकंडक्टर के लिए 85,000 इंजीनियर्स और टेक्निशियन का एक मजबूत टैलेंट पूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इस उद्देश्य से 113 से ज्यादा यूनिवर्सिटिज, शैक्षणिक और आरएंडडी संस्थाएं जुड़ी हैं.

प्रधानमंत्री मोदी एग्जीबिशन में भी गए और कंपनियों से सेमीकंडक्टर सॉल्यूशंस को लेकर बातचीत की. इससे पहले मंगलवार को सेमीकंडक्टर कंपनियों के सीईओ ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की तारीफ की. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने केवल भारत को ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को प्रोत्साहित किया है. राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनियों के सीईओ ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की थी. इसमें एसईएमआई, माइक्रोन, एनएक्सपी, पीएसएमसी, आईएमईसी, रेनेसा, टीईपीएल आदि शामिल थी.



**आईफा अवार्ड्स**

मुंबई : अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी मुंबई में आईफा अवार्ड्स के 24वें संस्करण के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए फोटो खिंचवाते हुए.

## भारत का कोयला उत्पादन 6% से ज्यादा बढ़ा

**नई दिल्ली । आईएएनएस**

भारत में कुल कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अगस्त के बीच 6.36 प्रतिशत बढ़कर 384.07 मिलियन टन (एमटी) हो गया है. यह पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 361.11 मिलियन टन था. कोयला मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि अगस्त 2024 में कुल कोयले का उत्पादन 7.51 प्रतिशत गिरकर 62.67 एमटी रह गया, जो कि अगस्त 2023 में 67.76 एमटी था. मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-अगस्त की अवधि में 412.69 एमटी कोयले की आपूर्ति की गई है इसमें पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 5.17 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है और यह पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 392.40 एमटी था. अगस्त 2024 में कोयले की आपूर्ति घटकर 69.94 एमटी रह गई है, जो कि अगस्त 2023 में 75.19 एमटी थी. इसमें 6.98 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है. समीक्षा अवधि में पावर सेक्टर को 338.75 एमटी कोयले की आपूर्ति की गई है.

### चालू वित्त वर्ष के शुरुआती पांच महीनों में एप्पल की उपलब्धि


# भारत से किया 5 अरब डॉलर के आईफोन का निर्यात

- 2023-24 में 12.1 अरब डॉलर के आईफोन का निर्यात हुआ था

**नई दिल्ली । आईएएनएस**

प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम की मदद के कारण दिग्गज टेक कंपनी एप्पल का भारत से आईफोन निर्यात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त की अवधि में बढ़कर 5 अरब डॉलर हो गया है. इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, समीक्षा अवधि में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 50 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है. इंडस्ट्री विश्लेषक की ओर से कहा गया कि भारत में एप्पल के एप्पल के आईफोन प्रो और आईफोन प्रो मैक्स मॉडल्स का उत्पादन शुरू होने वाला है. इससे आईफोन निर्यात की वैल्यू में आने वाले समय में इजाफा होने वाला है.

नई आईफोन 16 सीरीज देश में 20 सितंबर से उपलब्ध होगी. केंद्रीय रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव में कहा कि एप्पल आईफोन 16 का निर्माण भारतीय मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स में किया जा रहा है. सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मंत्री के 'मेक इन इंडिया' की पहल के तहत दुनिया के लिए आईकॉनिक उत्पाद भारत में बन रहे हैं. मौजूदा समय में भारत से हर महीने कम से कम एक अरब डॉलर के आईफोन का निर्यात हो रहा है. इसकी प्रमुख वजह देश में पीएलआई स्कीम का होना है. 2023-24 में 12.1 अरब डॉलर के आईफोन का निर्यात हुआ था. 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर के आईफोन के निर्यात हुआ था.



वित्त वर्ष 2023-24 में एप्पल के भारत ऑपरेशनंस की वैल्यू 23.5 अरब डॉलर थी. 2024 में भारत में एप्पल की आय सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़ सकती है. नए आईफोन के लॉन्च से कंपनी की देश में स्थिति पहले के मुकाबले अधिक मजबूत होगी. बीते साल, एप्पल की ओर से भारत में एक करोड़ के करीब आईफोन की बिक्री की गई थी. इस साल यह बढ़कर 1.3 करोड़ पहुंचने की उम्मीद है. एप्पल का लक्ष्य भारत में हर साल 5 करोड़ से ज्यादा आईफोन का उत्पादन करना है.

**बाजार**

### निवेशकों की मुनाफा वसूली के चलते सेंसेक्स 400 और निफ्टी 122 अंक गिरकर हुआ बंद

# भारतीय शेयर बाजार में तेजी पर लग गयी ब्रेक

**एजेंसी । मुंबई**

दो दिनों की शानदार तेजी के बाद भारतीय शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक लग गया है. बुधवार के कारोबार सत्र में दोपहर बाद निवेशकों की बिकवाली के बाजार में बड़ी गिरावट आ गई. सेंसेक्स दिन के हाई से 700 और निफ्टी 230 अंक नीचे जा लुढ़का. एनर्जी, ऑयल एंड गैस और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली के चलते बाजार में ये गिरावट देखने को मिली है. बुधवार के कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 398 अंकों की गिरावट के साथ 81,523 अंकों पर बंद हुआ है. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 123 अंकों की गिरावट के साथ 24,918 अंकों पर बंद हुआ है.

**निवेशकों को 2 लाख करोड़ से ज्यादा नुकसान**

बाजार में मुनाफावसूली के चलते बुधवार के कारोबारी सत्र में निवेशकों को नुकसान हुआ है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 463.49 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछले कारोबारी सत्र में 461.23 करोड़ रुपये रहा था. बुधवार के ट्रेड में बाजार के मार्केट कैप में 2.26 लाख करोड़ रुपये की कमी देखने को मिली है. वहीं, सेंसेक्स के 30 शेयरों में केवल 10 स्टॉक्स तेजी के साथ बंद हुए जबकि 20 गिरकर बंद हुआ. निफ्टी के 50 शेयरों में केवल 13 तेजी के साथ जबकि 37 गिरकर बंद हुए. तेजी वाले शेयरों में एशियन पेंट्स 2.18 फीसदी, बजाज फाइनेंस 1.57 फीसदी, सन फार्मा 0.88 फीसदी, एचयूएल 0.58 फीसदी, एचसीएल टेक 0.39 फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.37 फीसदी, आईटीसी 0.19 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.08 फीसदी, भारती एयरटेल 0.05 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. गिरने वाले शेयरों में एनटीपीसी 1.56 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 1.53 फीसदी, एल एंड टी 1.51 फीसदी, एसबीआई 1.45 फीसदी, जेएसडब्ल्यु स्टील 1.42 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

### टाटा मोटर्स की शेयर में भारी गिरावट देखी गयी

टाटा मोटर्स ने अपनी गाड़ियों और खासतौर से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और दूसरे पैसेंजर कारों पर डिस्काउंट का एलान क्या किया. बुधवार को कारोबारी सत्र में टाटा मोटर्स का स्टॉक छह फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 975 रुपये के लेवल तक जा लुढ़का है. यूबीएस ने अपने रिसर्च रिपोर्ट में निवेशकों को टाटा मोटर्स के स्टॉक को बेचने की सलाह दी है. ब्रोकरेज हाउस के मुताबिक स्टॉक घटकर 825 रुपये तक जा सकता है जो मौजूदा लेवल से भी करीब 16 फीसदी नीचे है. 30 जुलाई 2024 को टाटा मोटर्स के शेयर ने 1179 रुपये के हाई को छूआ था उस लेवल से स्टॉक 17 फीसदी नीचे आ चुका है. पिछले पांच सालों में स्टॉक ने 630 फीसदी तो 2 सालों में 120 फीसदी का रिटर्न दिया है. यूबीएस के मुताबिक आने वाले दिनों में रेंज रोवर स्पोर्ट पर डिस्काउंट बढ़ने के आसार हैं. जेएलआर ने हाल के वर्षों में उसके टेलेस्ट डिमांड की भारी मांग के चलते औसत सेलिंग प्राइस में मजबूती में सुधार देखने को मिला है.

## न्यूज अपडेट

### शिमला में मस्जिद को लेकर प्रदर्शन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली में बुधवार को विवादास्पद मस्जिद के विरोध में दक्षिणपंथी संगठनों के प्रदर्शन से स्थिति तनावपूर्ण बन गई. सैकड़ों प्रदर्शनकारियों द्वारा विभिन्न रास्तों से मस्जिद के पास पहुंचने का प्रयास किया गया. प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया गया जिसको लेकर बताया जा रहा है कि पुलिस पर कुछ लोगों ने पथराव किया था. हालांकि प्रदर्शन जारी रहा और अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया.

### अखिलेश का योगी सरकार पर निशाना

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में डकैती के आरोपी मंगेश यादव के एनकाउंटर को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर योगी सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि भाजपा में मुठभेड़ की झूठी कहानी बनाती है और फिर दुनिया को झूठी तस्वीरें दिखाती है. तथाकथित बड़े भाजपाई नेताओं से ऐसे गैरक़ानूनी एनकाउंटर को सही साबित करने के लिए तर्कहीन बयानबाज़ी भी कराती है. सपा प्रमुख के बयान पर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने पलटवार किया है.

### धार्मिक झंडे को लेकर दो पक्षों में झड़प

**भरूच।** सूरत के भरूच में दो समुदाय के बीच बीती रात विवाद हो गया. दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हिंसक घटना भरूच बी डिवीजन पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले इलाके में हुई. बताया जा रहा है कि एक पक्ष द्वारा धार्मिक झंडा लगाने के चलते विवाद हुआ. पहले तो दोनों समुदायों के बीच मामूली कहासुनी हुई. इसके बाद धीरे-धीरे मामला तूल पकड़ता गया और बात हाथापाई तक जा पहुंची. देखते ही देखते इलाके में भारी भीड़ इकट्ठा हो गई.

### मलाइका के पिता ने की आत्महत्या

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के पिता ने बुधवार को घर की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली है. उनके सुसाइड करने की वजहों का पता नहीं चल पाया है. जानकारी के अनुसार, मलाइका अरोड़ा के पिता ने बांद्रा में स्थित अपने घर की तीसरी मंजिल से कूदकर सुसाइड किया. उन्होंने बुधवार सुबह 9 बजे के करीब छत से कूदकर सुसाइड कर लिया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. इस बीच पिता की मौत की खबर मिलने के बाद मलाइका अरोड़ा पुणे से मुंबई के लिए रवाना हो गई हैं.

### ईडी ने संदीप के पीए को किया तलब

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की मुश्किलें नहीं थम रही है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने संदीप घोष के पीए को तलब किया है. ईडी के अधिकारी राज्य संचालित आरजी कर कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं के मामले की जांच कर रहे हैं. ईडी ने बुधवार को संदीप घोष के निजी सहायक (पीए) प्रसून चट्टोपाध्याय को पूछताछ के लिए बुलाया है. उन्होंने प्रसून चट्टोपाध्याय को ईडी के साल्ट लेक कार्यालय में रिपोर्ट करने के लिए कहा है.

### शराब घोटाले में व्यवसायी को जमानत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को हैदराबाद के व्यवसायी अरुण रामचंद्र पिल्लई को कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दे दी. पिल्लई इस घोटाले से जुड़े दक्षिण भारतीय व्यवसायियों के समूह में शामिल है, जिसमें कथित तौर पर भारत राष्ट्र समिति नेता के. कविता, अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत रेड्डी, श्रीनिवासुलु रेड्डी वर उनके बेटे राघव मगुंटा और अन्य शामिल हैं. न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने पिछले साल अक्टूबर में पिल्लई की जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया था.

### बुच मामले में बोला हिंडनबर्ग रिसर्च

**नयी दिल्ली।** शार्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने आरोपों को लेकर माधबी पुरी बुच की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं. सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्म एक्स पर शार्टसेलर ने लिखा, "जितने भी सवाल सामने आए हैं, उस पर हफ़्तों तक बुच ने चुप्पी साधे रखी है." हिंडनबर्ग के अनुसार, "नए आरोप सामने आए हैं कि निजी कंसल्टिंग फ़र्म में सेबी की चेयरपर्सन माधबी बुच की 99 प्रतिशत हिस्सेदारी है. इस फ़र्म ने सेबी में लिस्टेड कई कंपनियों से भुगतान प्राप्त किया, जबकि उस दौरान बुच सेबी की पूर्णकालिक सदस्य थीं.

### अकुर्ली ब्रिज पर शुरू हुआ आवागमन

**कांदिवली।** कांदिवली अकुर्ली ब्रिज के उद्घाटन के बाद बुधवार सुबह से लोगों का आवागमन शुरू हो गया.केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार देर रात महाराष्ट्र ब्रिज का उद्घाटन किया था. कांदिवली वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे अब ट्रैफिक फ्री हो जाएगा. मंत्री ने कहा कि आज सिर्फ उत्तर नहीं बल्कि पूरे मुंबई के लिए एक शुभ दिन है. मैंने वादा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में हम तेज गति से पहले 100 दिनों में इस कार्य को पूरा करेंगे.

### गाजा में हमला, नौ नागरिकों की मौत

**गाजा।** इजरायल ने गाजा पट्टी के जबालिया शहर में एयर स्ट्राइक की, जिसमें नौ फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए हैं. इजरायल ने उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया शहर में एक घर को निशाना बनाकर हवाई हमला किया. इस हमले के दौरान घर में कई लोग मौजूद थे, जिनमें नौ फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए. गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि इजरायल के फाइटर जेट ने अल-कुद्स ओपन यूनिवर्सिटी के डॉ. अकरम के घर को निशाना बनाया गया.

**राष्ट्रपति चुनाव :** दोनों उम्मीदवारों के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध, इसराइल-हमास जंग, सीमा समस्या, अप्रवासन व अबॉर्शन जैसे मुद्दों पर जमकर हुई तकरार

# पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट में डोनाल्ड ट्रंप पर भारी पड़ीं कमला हैरिस

**एजेंसी। फिलाडेल्फिया**


अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के बीच मंगलवार को पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई. इस दौरान दोनों उम्मीदवारों के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध, इसराइल-हमास जंग, सीमा से जुड़ी समस्या, अप्रवासन, अर्थव्यवस्था, कैपिटल हिल दंगे और अबॉर्शन जैसे मुद्दों पर जमकर बहस हुई. दोनों की बहस चीन, रूस, इसराइल और ईरान कई बार आए.

पेंसिल्वेनिया के फिलाडेल्फिया में एबीसी न्यूज द्वारा आयोजित लाइव बहस में दोनों के बीच तकरार दिखी. इस दौरान कई बार हैरिस ट्रंप को पछाड़ते नजर आईं, जबकि कई मुद्दों पर ट्रंप भारी दिखे. ट्रंप ने पिछली बहस में राष्ट्रपति जो बाइडन को अपनी बहस और तर्कों से चुप करा दिया था, जबकि इस बार हैरिस ने अपने तर्कों से ट्रंप के पसीने छुड़ा दिए. 1 घंटे 45 मिनट की बहस में कमला हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति को कैपिटल हिल दंगा, गर्भपात कानून जैसे मुद्दों पर घेरा. वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने हैरिस को अप्रवासन, बॉर्डर और इजरायल को लेकर निशाने पर लिया. वहीं हैरिस इस बहस में मुद्रा स्फीति, इमिग्रेशन और अफगानिस्तान से वापसी जैसे मुद्दों पर कमजोर नजर आईं.

**ट्रंप का आरोप- पालतू कुत्तों को खाते हैं प्रवासी :** प्रेसिडेंशियल डिबेट में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने प्रवासियों पर कुछ ऐसे आरोप लगाए, जिसको मॉडरेटर ने ही ग़लत बताया. प्रवासियों को लेकर ट्रंप ने बेतुके दावे किए कि वे 'पालतू जानवरों को खाते हैं.' ट्रंप ने कहा, "वे कुत्तों को खाते हैं. वे लोगों के पालतू जानवरों को खाते हैं." द एबीसी प्रेसिडेंशियल डिबेट के मॉडरेटर डेविड मुइर ने कहा कि 'स्प्रिंगफ़ील्ड के सिटी मैनेजर ने कहा है कि इस तरह का कोई सबूत नहीं है.' ट्रंप ने कहा, "मैंने टीवी पर ये कहते हुए लोगों को सुना कि मेरे कुत्ते को चुरा कर खा लिया गया." इस पर कमला हैरिस ने कहा कि ट्रंप 'बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बातें' करते हैं. स्प्रिंगफ़ील्ड के अधिकारियों ने बीबीसी वेरिफ़ाई को बताया कि इस तरह की कोई विश्वसनीय रिपोर्ट नहीं है कि ऐसा वाक़ई हुआ है.

> कमला हैरिस की नीतियों का कोई मतलब नहीं है. अगर नवंबर में कमला हैरिस चुनाव में जीत जाती हैं तो तीसरा विश्व युद्ध संभव है. **-डोनाल्ड ट्रंप**

> अमेरिका के भविष्य को लेकर मेरा और ट्रंप का नज़रिया बिल्कुल अलग है. मेरा ध्यान भविष्य पर है. ट्रंप अतीत में अटके हुए हैं. **-कमला हैरिस**



#### हैरिस का आत्मविश्वास भरा दृष्टिकोण

सीएनएन ने हैरिस द्वारा ट्रंप को दी गई सीधी चुनौती पर ध्यान केंद्रित किया और कहा कि हैरिस का आत्मविश्वास भरा दृष्टिकोण सबसे अलग था, जिससे ट्रंप को अपनी स्थिति फिर से हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा. यहां तक कि फॉक्स न्यूज, जिसे अक्सर ट्रंप के प्रति अधिक सहानुभूति रखने वाला माना जाता है. उसने भी स्वीकार किया कि हैरिस ने बहस जीती. माडिया आउटलेट ने उल्लेख किया कि जैसे-जैसे बहस आगे बढ़ी, ट्रंप का रुख और विभाजनकारी होता गया, जबकि हैरिस का आत्मविश्वास बढ़ता गया, जिसे मॉडरेटर द्वारा ट्रंप के बयानों की तथ्य-जांच से बल मिला.

#### पोल में कमला हैरिस आगे

सीएनएन के एक पोल के अनुसार, कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मंगलवार की बहस देखने वाले पंजीकृत मतदाताओं 63 प्रतिशत ने माना कि हैरिस ने अच्छा प्रदर्शन किया. वहीं, ट्रंप के प्रदर्शन को 37 प्रतिशत ने अच्छा बताया. बहस से पहले मतदाता दोनों के प्रदर्शन पर समान रूप से बंटे थे. 50 प्रतिशत ने हैरिस और 50 प्रतिशत ने ट्रंप के मजबूत प्रदर्शन की बात कही थी. पोल के नतीजे केवल उन मतदाताओं के विचारों को दर्शाते हैं जो इसे देख रहे थे. इससे पहले जून में हुई डिबेट ट्रंप और बाइडन के बीच बहस देखने वाले 67 प्रतिशत मतदाताओं ने माना था कि रिपब्लिकन ने अपने प्रतिद्वंद्वी से बेहतर प्रदर्शन किया. केवल 33 प्रतिशत ही बाइडन के प्रदर्शन को अच्छा माना था.

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की अमेरिका की चार दिनी अनौपचारिक यात्रा समाप्त

# राहुल गांधी ने चीन को लेकर पीएम मोदी पर साधा निशाना

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अमेरिका चार दिवसीय अनौपचारिक यात्रा समाप्त हो गई. इस दौरान मंगलवार की देर रात वाशिंगटन के नेशनल प्रेस क्लब में उन्होंने मीडिया से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने एक बार फिर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि चीन ने लद्दाख में दिल्ली जितनी जमीन पर कब्जा कर लिया है और पीएम मोदी चीन को संभाल नहीं पा रहे हैं. वहीं पाकिस्तान और भारत के रिश्ते से पर उन्होंने कहा कि हमारे देश में पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को बढ़ावा देना दोनों देशों को पीछे धकेल रहा है. हम ये स्वीकार नहीं करेंगे कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे. राहुल गांधी ने भारतीय लोकतंत्र में अमेरिकी हस्तक्षेप करने को लेकर अपने विचार बताए.

राहुल गांधी से पूछा गया कि 'कुछ पर्यवेक्षकों का कहना है कि अमेरिका को प्रधानमंत्री मोदी पर ज़्यादा दबाव डालना चाहिए, लेकिन कुछ लोगों का कहना है कि बाहरी दबाव से कोई फ़र्क नहीं पड़ता. आपको क्या लगता है कि भारत के प्रति अमेरिका का रुख़ कैसा होना चाहिए?' इस पर राहुल गांधी ने कहा, "भारत में लोकतंत्र की लड़ाई सिर्फ़ भारतीयों की लड़ाई है. इसका किसी और से कोई लेना-देना नहीं है. यह हमारा देश है और हम इसका ख़्याल रखेंगे, हम लड़ेंगे. हम सुनिश्चित करेंगे कि लोकतंत्र सुरक्षित रहे." "हालांकि यह समझना ज़रूरी है कि भारतीय लोकतंत्र अपने आकार के कारण किसी भी सामान्य लोकतंत्र से कहीं बढ़कर है." उन्होंने कहा, "अगर आप दुनिया के लोकतांत्रिक दृष्टिकोण की बात कर रहे हैं, तो भारतीय लोकतंत्र के पास इसके लिए बड़ी जगह है. इसलिए मुझे लगता है कि यह ज़रूरी है कि दुनिया भारतीय लोकतंत्र को सिर्फ़ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक पूंजी के रूप में देखे." उन्होंने कहा, "अमेरिका को यह सलाह देना कि उन्हें पीएम मोदी से कैसे निपटना चाहिए, यह मेरा काम नहीं है."

**राहुल गांधी ने चीन मुद्दे पर क्या कहा? :** राहुल गांधी से पूछा गया कि 'क्या आपको लगता है कि पीएम मोदी ने अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा को संभाल लिया है?' इस पर राहुल गांधी ने कहा, "अगर आप हमारे क्षेत्र के 4,000 वर्ग किलोमीटर में चीनी सैनिकों को रखने को किसी चीज़ से अच्छी तरह से निपटना कहते हैं, तो हो सकता है." उन्होंने कहा, "लद्दाख में दिल्ली के आकार की ज़मीन पर चीनी सैनिकों ने कब्ज़ा कर रखा है. मुझे लगता है कि यह एक आपदा है. मीडिया इसके बारे में बात नहीं करता." उन्होंने सवाल करते हुए कहा, "अगर कोई पड़ोसी आपके क्षेत्र के 4000 वर्ग किलोमीटर पर कब्ज़ा कर ले तो अमेरिका की क्या प्रतिक्रिया होगी? क्या कोई राष्ट्रपति यह कहकर बच निकल पाएगा कि उसने इसे अच्छी तरह से संभाला है?" "इसलिए मुझे नहीं लगता कि पीएम मोदी ने चीन को बिल्कुल भी अच्छी तरह से संभाला है. मुझे लगता है कि कोई कारण नहीं है कि चीनी सैनिक हमारे क्षेत्र में बैठे रहें." राहुल गांधी के अमेरिका दौरे के दौरान दिए गए कई बयानों को लेकर भारत में विवाद देखा गया है. नरेंद्र मोदी और आरएसएस पर दिए बयानों की बीजेपी ने आलोचना की है. वहीं बसपा प्रमुख मायावती ने जातिगत जनगणना और आरक्षण को लेकर दिए गए बयान पर राहुल गांधी पर निशाना साधा है.

#### वाशिंगटन के नेशनल प्रेस क्लब में मीडिया से कहा- संभाल नहीं पा रहे बीजिंग को




#### अमित शाह और राजनाथ सिंह के निशाने पर राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अमेरिका में आरक्षण को लेकर दिए बयान (हम आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेंगे, जब भारत में निष्पक्षता होगी. इस तरह से यह एक समस्या है.)पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता. शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'देशविरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है. चाहे जम्मू-कश्मीर में जेकेएनसी के देश और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है. इस पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा एकता और समानता के पक्षधर रहे हैं, जबकि भाजपा और उसके वैचारिक गुरुओं ने इसके विपरीत काम किया है. टैगोर ने एक्स पर लिखा, 'राष्ट्रीय हित और आरक्षण के बारे में उपदेश देने वालों को सबसे पहले सामाजिक न्याय का विरोध करने के आरएसएस के अपने ट्रैक रिकॉर्ड को देखना चाहिए. राहुल गांधी हमेशा एकता और समानता के पक्षधर रहे हैं, जबकि भाजपा और उसके वैचारिक गुरुओं ने इसके विपरीत काम किया है, राष्ट्र को विभाजित करना और हाशिए पर पड़े समुदायों के साथ विश्वासघात किया जा रहा है.

#### मोहब्बत की दुकान चलाते-चलाते झूठ की दुकान खोल कर बैठ गए हैं राहुल गांधी



वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी के सिखों को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हु कहा है कि राहुल गांधी अपने विदेश दौरे के दौरान जिस तरह की भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन बातें कर रहे हैं, वह बेहद शर्मनाक और भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं. सिंह ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि लगता है कि मोहब्बत की दुकान चलाते-चलाते राहुल गांधी झूठ की दुकान खोल कर बैठ गए हैं. वहीं कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इस मामले में राहुल गांधी के बयान पर समर्थन व्यक्त करते हुए कहा, "राहुल गांधी ने अमेरिका में बयान दिया कि सिखों को पगड़ी पहनने की स्वतंत्रता बनी रहनी चाहिए, इसके लिए हम लड़ेंगे. क्या देश में सिखों को पगड़ी पहनने की स्वतंत्रता नहीं रहनी चाहिए? यह वही पार्टी है, जिसके नेता और देश के प्रधानमंत्री लोगों को कपड़ों से पहचानने की बात करते हैं. यह वही पार्टी है, जिसके नेता मुसलमानों को पीटने की बात करते हैं. रेलगाड़ी में एक बुजुर्ग मुसलमान को इसी तरह की मानसिकता के लोगों ने पीटा और मार दिया क्योंकि उसकी दाढ़ी थी. हरियाणा में एक नौजवान को इन लोगों ने मार दिया और मारने के बाद बोला कि हमें बड़ा अफसोस हुआ क्योंकि यह व्यक्ति मुसलमान नहीं था.'

#### राहुल गांधी अब बचकानी नहीं बल्कि शैतानी हरकतें कर रहे : सुधांशु

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने अमेरिकी यात्रा पर गए राहुल गांधी के बयानों की आलोचना करते हुए कटाक्ष किया कि सैम पित्रोदा ने सही कहा था कि राहुल गांधी अब समझदार हो गए हैं. क्योंकि राहुल गांधी अब बचकानी नहीं बल्कि खतरनाक और शैतानी हरकतें कर रहे हैं. हर चीज का आदर्श विदेशों में ढूंढने वाले लोग, हमेशा विदेश से ही प्रेरणा लेने वाले लोग आज विदेश में ही जाकर भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार कर रहे हैं, यह दुखद, निंदनीय और भर्त्सना योग्य है. भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जो बात अंकल सैम ने कही है, वो उससे सहमत हैं. जो उनको संज्ञा दी जाती थी अब वह वो नहीं है. अब राहुल गांधी बचकानी हरकतें नहीं कर रहे हैं बल्कि अब वो खतरनाक और शैतानी हरकतें कर रहे हैं. अब वो हर उस ताकत के साथ हैं, जो भारत को कमजोर देखना चाहती है, जो भारत को झुका हुआ देखना चाहती है. एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत गर्व से, विकास और सांस्कृतिक स्वाभिमान के साथ ऊपर उठ रहा है दूसरी तरफ वह लोग हैं जो भारत को अपमानित कर रहे हैं.

# उधमपुर में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

- पाकिस्तान की गोलीबारी में बीएसएफ का एक जवान घायल

**एजेंसी। जम्मू**



जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में बुधवार दोपहर सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई. अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके के खंडरा टॉप में हो रही थी. एक अधिकारी ने बताया, "स्थानीय पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने बसंतगढ़ के खंडरा टॉप में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया. जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंची, उन्होंने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई." इससे पहले बुधवार को जम्मू जिले के अखनूर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया था. पाकिस्तान द्वारा द्विपक्षीय संघर्ष विराम समझौते का यह उल्लंघन जम्मू-कश्मीर में 10 साल के अंतराल के बाद होने वाले विधानसभा चुनावों से कुछ दिन पहले हुआ है.

# मणिपुर जल रहा है, पीएम व एचएम को चिंता नहीं : खड़गे

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को मणिपुर की मौजूदा स्थिति का ज़िक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इसकी कोई चिंता नहीं. खड़गे ने जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, "अपना घर जल रहा है, लेकिन इसे छोड़ दिया. मणिपुर में आग लग गई. घर लूटे जा रहे हैं और जल रहे हैं. गोली चल रही है और लोगों का मर्डर हो रहा है, लेकिन इसकी फ़िक्र कभी पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने नहीं की." खड़गे ने कहा, "हमारी विदेश नीति है और इसके तहत हम पहले भी चले हैं. आगे भी चलते हैं. हमारा ऐतराज़ ये है कि पहले अपना घर संभालो और मणिपुर संभालो." मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, "लोगों को शांति से रखो. यहां शांति नहीं, लेकिन दूसरी जगह शांति स्थापित करने जा रहे हैं. मैं नहीं कह रहा कि मत जाओ, लेकिन पहले हमारा ठीक करके जाओ." मणिपुर सरकार ने मंगलवार को ही आदेश जारी कर राज्य में अस्थाई तौर पर अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवा पर रोक लगा दी है.

#### मणिपुर में युद्ध जैसे हालात : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सवाल पूछा. संजय राउत ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, "देश के गृह मंत्री यहां-वहां घूम रहे हैं, लेकिन मणिपुर के जो हालात हैं, उससे सभी वाकिफ हैं."

# जापान में भारी तबाही मचा सकता है तूफान 'बेबिनका'

- गंभीर मौसम की स्थिति पैदा होने की चेतावनी जारी हुई

**एजेंसी। टोक्यो**

जापान की मौसम एजेंसी ने बुधवार को तूफान बेबिनका को लेकर चेतावनी दी है. एजेंसी ने कहा है कि तूफान के जापान के द्वीपों के पास पहुंचने की संभावना है, जिसमें ओकिनावा और अमामी क्षेत्र शामिल हैं, जिसके कारण गंभीर मौसम की स्थिति पैदा हो सकती है. जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि इस साल का 13वां तूफान, जो मंगलवार रात मारियाना द्वीपों के पास बना, 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है.

स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 9 बजे, उष्णकटिबंधीय तूफान का केंद्रीय दबाव 990 एचपीए (हेक्टोपास्कल) था और अधिकतम हवा की रफ्तार 25 मीटर प्रति सेकंड थी. तूफान का मजबूत हवा वाला क्षेत्र, जहां हवा की गति कम से कम 15 मीटर प्रति सेकंड है, केंद्र से 220 किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है. शनिवार और रविवार के बीच तूफान के कारण प्रभावित क्षेत्रों में भारी बारिश, तेज हवाएं और ऊंची लहरें आ सकती हैं.

**पहल** ऑस्ट्रेलिया की सेना कर रही परीक्षण, जोखिम भरे इलाकों में होगी तैनाती

# युद्ध के मैदान में सैनिकों की जगह लेंगे रोबोट

**एजेंसी। कैनबरा**

भविष्य में सैनिकों के स्थान पर रोबोट युद्ध लड़ते नजर आ सकते हैं. ऑस्ट्रेलियाई सेना ने इसे लेकर कोशिश भी शुरू कर दी है. सेना एक मानवरहित रोबोट का परीक्षण कर रही है, जिसे जीयूएस (ग्राउंड अनक्रूड सिस्टम) नाम दिया गया है. यह जोखिम भरे इलाकों में सैनिकों की जगह ले सकता है. ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि रोबोट का परीक्षण पिलबारा रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं. यह रेजिमेंट ऑस्ट्रेलियाई सेना का रीजनल फोर्स सर्विलांस ग्रुप (आरएफएसजी) है.



मंत्रालय के अनुसार, यह निगरानी रोबोट ऑस्ट्रेलिया में ही विकसित किया गया है. इसमें कैमरे और सेंसर लगे हैं, जो बैटरी के जरिए लगातार 30 दिनों से अधिक समय तक निगरानी कर सकते हैं. बैटरी की क्षमता कम होने पर एक ऑन-बोर्ड तरल ईंधन जनरेटर इसे रिचार्ज करेगा. सेना के फ्यूचर लैंड वारफेयर के महानिदेशक ब्रिगेडियर जेम्स डेविस ने कहा कि रक्षा अधिकारी नई तकनीक का इस्तेमाल करने वाली क्षमताओं को विकसित करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं. मंत्रालय के मुताबिक, यह रोबोट गतिशील वस्तुओं का पता लगा सकता है और इस सूचना को रिमोट ऑपरेटर को भेज सकता है. जीयूएस में निगरानी क्षेत्र का विस्तार करने की क्षमता है. यह सैनिकों को मुश्किल मौसमी हालात से निकालने में भी सक्षम है. ऑस्ट्रेलियाई सेना और उसके औद्योगिक साझेदार ने मिलकर जीयूएस को विकसित किया है.

इसका रिसर्च और डेवलपमेंट विक्टोरियन शहर यिनार में चल रहा है. विक्टोरिया के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, फेडरेशन यूनिवर्सिटी के मेक्ट्रोनिक्स शोधकर्ताओं ने सबसे पहले जीयूएस को विकसित किया था. इसका इस्तेमाल अफ्रीका के विशाल राष्ट्रीय उद्यानों में सशस्त्र घुसपैठियों से रेंजर्स की रक्षा करने के लिए किया जाना था. हालांकि, आगे चलकर ऑस्ट्रेलियाई सेना ने इसमें दिचलस्पी दिखाई और वन्यजीव संरक्षण से हटाकर सैन्य दृष्टिकोण पर ध्यान लगाया.

### पाक संसद में हुआ हंगामा पीटीआई सीनेटर निलंबित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी संसद के उच्च सदन सीनेट में मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ. स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की सीनेटर फलक नाज को दो दिन के लिए सत्र से निलंबित कर दिया गया. वरिष्ठ नेता फैसल वावदा के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप में उनके खिलाफ कार्रवाई की गई. पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं के बीच हालिया राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर गरमागरम बहस हुई. रिपोर्ट के मुताबिक टकराव तब शुरू हुआ जब सीनेटर वावदा ने पीटीआई नेतृत्व की तीखी आलोचना की. उन्होंने विशेष रूप से पार्टी के संस्थापक इमरान खान और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर पर निशाना साधा.

### वियतनाम में यागी तूफ़ान से अब तक 127 लोगों की मौत



वियतनाम में यागी तूफ़ान से अब तक 127 लोगों की जान जा चुकी है, वहीं 54 लोग लापता हैं. शनिवार से ही तूफ़ान की वजह से भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति बनी हुई है. भूस्खलन के कारण हालात और बिगड़ गए हैं. उत्तरी वियतनाम में हज़ारों की तादाद में लोग घरों की छतों पर फँसे हुए हैं. कई लोगों ने सोशल मीडिया पर मदद की गुहार लगाई है. यागी तूफ़ान वियतनाम में बीते 30 सालों का सबसे शक्तिशाली तूफ़ान है, जिसने देश के उत्तरी भाग में तबाही मचाई है. फू थो प्रोंत में फोंग चाऊ ब्रिज ढह गया, जिसके बाद कई गाड़ियां पानी में डूब गईं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)